दैनिक समाचार पत्र

देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार

प्रदेश के ताजा समाचार

अपने लेख एवं समचार भेंजे

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत

7014997449, 9636058201

Email : deshkadarpannews@gmail.com

web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-5, अंक:140

जयपुर, बुधवार, 30 जुलाई 2025

मूल्य : 5.00 पेज:

झारखंड के देवघर में बस और ट्रक की टक्कर, छह कांवड़ियों की मौत, 23 घायल

एजेंसी

देवघर। झारखंड के देवघर जिले के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया के पास मंगलवार सुबह कांवड़ियों से भरी बस और गैस सिलेंडर लदे ट्रक के बीच भीषण टक्कर में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दुर्घटना में 23 लोग घायल हैं, जिनमें आठ की हालत गंभीर है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भेजा गया है। मृतकों में सुभाष तुरी (40) पिता दुखी तुरी निवासी गांव चकरमा थाना मोहनपुर जिला देवघर (बस चालक), दुर्गावती देवी (45) पति गामा धांगर निवासी गांव मतराजी थाना लोकरिया जिला पश्चिम चंपारण, बिहार, सुमन कुमारी (30) पति सुनील कुमार दास निवासी गांव सनोरा थाना पड़ैया जिला गयाजी, बिहार, समदा देवी (40) पति देवकी प्रसाद निवासी गांव तरेगना थाना धनरूआ जिला पटना, बिहार, पीयूष कुमार उर्फ शिवराज (15) पिता सुनील पंडित निवासी गांव महनार जिला वैशाली, बिहार और बिहार के ही पटना जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र के तरेगना गांव निवासी देवकी प्रसाद शामिल हैं। देवकी प्रसाद की एम्स ले जाने के क्रम में मौत हो गयी। एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग ने बताया कि दुर्घटना में छह लोगों की मौत हुई है। कुल 23 लोग घायल हैं। इनमें आठ की हालत गंभीर है। देवघर एसडीओ रवि कुमार ने बताया कि श्रद्धालु देवघर के बाबा धाम मंदिर से दर्शन कर बासुकिनाथ धाम जा रहे थे। इसी बीच सुबह करीब साढ़े पांच बजे



चालक को झपकी आयी और बस अनियंत्रित होकर गैस सिलेंडर लदे एक ट्रक से जा टकरायी। इसके बाद बस कुछ दूर आगे गयी और ईंट रखे ढेर से टकरा गयी। हादसे में अबतक छह लोगों की मौत हुई है। 23 लोग घायल हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल आठ लोगों का इलाज एम्स में चल रहा है। अन्य घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।राज्यपाल संतोष गंगवार ने बस दुर्घटना में श्रद्धालुओं की मौत पर शोक जताया है। सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने कहा कि देवघर से बासुकीनाथ जा रही कांवड़ियों की बस दुर्घटना में कई श्रद्धालुओं के निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। मैं शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं तथा बाबा भोलेनाथ से घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बस दुर्घटना में श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आज सुबह देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास बस दुर्घटना में श्रद्धालुओं की मृत्यु की अत्यंत दुःखद सूचना मिली है। जिला प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य के साथ घायलों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। बाबा बैद्यनाथ दुर्घटना में मरने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की मुलाकात,राजस्थान के विकास पर चर्चा की

एजेंसी

नई दिल्ली/जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मिलकर राजस्थान के विकास पर चर्चा की। सीएम ने

उनके दूरदर्शी नेतृत्व एवं निरंतर सहयोग के लिए राजस्थान की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने नई ऊंचाइयों को छूते हुए विश्वपटल पर अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्वयं को स्थापित किया है। उनके कुशल मार्गदर्शन में पिछले डेढ़ वर्ष से राजस्थान निरंतर विकास की सभी बाधाओं को पार करता जा रहा है और नई ऊंचाइयां छू रहा है। हमारी डबल इंजन की सरकार लगातार राजस्थान को एक आदर्श राज्य बनाने की दिशा में कार्य कर रही है, जहां प्रत्येक किसान, युवा, महिला, गरीब और वंचित वर्ग को न्याय मिल रहा है और वे अपनी पूर्ण क्षमता के साथ सम्मान युक्त जीवन जी रहे हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने आने वाले समय में राजस्थान को और अधिक सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

मंडी के जेल रोड में बादल फटने की घटना अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक : सीएम सुक्खू

मंडी । हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कार्यालय की ओर से मंगलवार को मंडी जिले में बादल फटने से हुई लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस हादसे के संबंध में दुख जाहिर किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से कहा गया, जिला मंडी के जेल रोड में बादल फटने की घटना अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। इसमें दो लोगों की मृत्यु हो गई है और एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना है, जिसकी तलाश के लिए बचाव दल युद्धस्तर पर प्रयासरत हैं। कई वाहन भी मलबे में दब गए हैं। कार्यालय की ओर से आगे कहा गया, शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं हैं। प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। राहत एवं बचाव कार्यों को तेजी से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। मैं स्वयं स्थिति की

लगातार निगरानी कर रहा हूं और सभी आवश्यक सहायता तुरंत उपलब्ध कराई जा रही है।÷ सीएमओ की ओर से कहा गया, राहत कार्यों में जुटे स्थानीय लोगों का भी मैं आभार व्यक्त करता हूं। प्रदेश सरकार इस कठिन समय में प्रभावित लोगों के साथ मज़बूती से खड़ी है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और सतर्क रहें।÷ बता दें कि सोमवार रात से हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। मंडी में भी भारी बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। इसी बीच फ्लैश फ्लड की घटना हुई। फिलहाल जिला प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। जानकारी के मुताबिक, मंडी के जेल रोड इलाके में अपनी गाड़ियों को निकालने के लिए कुछ लोग नाले के पास पहुंचे थे। इसी दौरान वे फ्लैश फ्लड की चपेट में आ गए। दो लोगों के शवों को निकाला जा चुका है, जबकि एक व्यक्ति का शव गाड़ियों के बीच फंसे होने की संभावना है। तस्वीरों में नजर आया कि सड़कों पर पानी और मलबा दरिया की तरह बह रहा है। मंडी में मूसलधार बारिश के चलते कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं। जेल रोड इलाके में पहाड़ों से पानी के साथ गाद और कीचड़ जैसा मलबा नीचे आया, जिसमें दर्जनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। मूसलाधार बारिश सोमवार रात करीब 11 बजे शुरू हुई और सुबह 4 बजे तक तेज हो गई, जिससे बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा। बताया जाता है कि सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक मंडी का जोनल अस्पताल है, जहां नाले ओवरफ्लो होने के कारण परिसर में पानी भर गया। फ्लैश फ्लड और भूस्खलन के कारण जिले में कई रास्ते बंद हुए हैं। गंभीर हालातों के बाद कुछ क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों के लिए भी खतरा बढ़ गया है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) और राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, 28 जुलाई की शाम तक राज्यभर में 200 सड़कें अवरुद्ध रहीं।

मुर्मु और मोदी ने दिव्या देशमुख को बधाई दी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को फिडे महिला विश्व कप जीतने तथा कोनेरू हम्पी को उपविजेता बनने के लिए बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि दिव्या ने हमवतन ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी को हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। दिव्या फिडे महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयी है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपने बधाई संदेश में कहा, दिव्या देशमुख को मेरी हार्दिक बधाई, जो फिडे महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, वह भी मात्र उन्नीस वर्ष की आयु में। कोनेरू हम्पी उपविजेता रहीं, और शतरंज विश्व चैंपियनशिप की दोनों फाइनलिस्ट भारत से थीं। यह हमारे देश में विशेषकर महिलाओं में, प्रतिभा को दर्शाता है। मैं कोनेरू हम्पी की सराहना करती हूं जिन्होंने अपने शानदार करियर के दौरान उत्कृष्टता बनाए रखी है। मुझे विश्वास है कि ये दोनों महिला चैंपियन और भी गौरव हासिल करेंगी और हमारे युवाओं को प्रेरित करेंगी।

पाकिस्तान कांग्रेस की भूल : केंद्रीय गृहमंत्री

अगर विभाजन स्वीकार नहीं किया होता,तो पाकिस्तान नहीं बनता : अमित शाह

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर पर हो रही चर्चा में कांग्रेस को उसकी 'गलती' याद दिलाई।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'पाकिस्तान कांग्रेस की गलती है। अगर उन्होंने विभाजन स्वीकार नहीं किया होता, तो आज पाकिस्तान नहीं होता।' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'कल वे (कांग्रेस) सवाल उठा रहे थे कि युद्ध क्यों नहीं किया...आज, PoK केवल जवाहरलाल नेहरू की वजह से मौजूद है...1960 में, उन्होंने सिंधु नदी का 80त्न पानी पाकिस्तान को दे दिया...1971 में, शिमला समझौते के दौरान, वे (कांग्रेस) PoK के बारे में भूल गए। अगर उन्होंने उस समय PoK ले लिया होता, तो हमें अब वहां शिविरों पर हमले नहीं करने पड़ते।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'एक संयुक्त ऑपरेशन महादेव में, भारतीय सेना, CRPF और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को मार गिराया है।' कल के ऑपरेशन में तीनों आतंकवादी - सुलेमान, अफगान और जिबरान मारे गए। जो लोग उन्हें खाना पहुंचाते थे, उन्हें पहले ही हिरासत में ले लिया गया था। जब इन आतंकवादियों के शव श्रीनगर लाए गए, तो हमारी एजेंसियों द्वारा हिरासत में रखे गए लोगों ने उनकी पहचान की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने

ऑपरेशन महादेव पर कहा, ... ऑपरेशन महादेव में सुलेमान उर्फ फैजल... अफगान और जिबरान, ये तीनों आतंकवादी भारतीय सेना, ष्ट्रक्कक्ष और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में मारे गए... सुलेमान लश्कर-ए-तैयबा का ए-श्रेणी का कमांडर था। अफगान लश्कर-ए-तैयबा का ए-श्रेणी का आतंकवादी था। और जिबरान भी ए-ग्रेड का आतंकवादी था... बैसरन घाटी में जिन्होंने हमारे नागरिकों को मारा था, वह ये तीनों आतंकवादी थे और तीनों मारे गए। अमित शाह ने कहा, पहलगाम हमले के तुरंत बाद, मैंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की थी। मैंने अपने सामने एक महिला को खड़ा देखा, जो अपनी शादी के 6 दिन बाद ही विधवा हो गई थी - मैं उस दृश्य को कभी नहीं भूल सकता। मैं आज सभी परिवारों को बताना चाहता हूं कि मोदी जी ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए उन लोगों को भेजने वालों को मारा, और आज हमारे सुरक्षा बलों ने उन लोगों को भी मारा जिन्होंने हत्याएं की थी।

शाह ने कहा, ...NIA ने उन्हें शरण देने वालों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें खाना पहुंचाने वालों को हिरासत में लिया था। जब आतंकवादियों के शव श्रीनगर पहुंचे, तो उनकी पहचान पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले तीन लोगों के रूप में हुई... आतंकी हमले के कारतूसों की स्नस्रु रिपोर्ट पहले से ही तैयार थी... कल तीनों आतंकवादियों की राइफलें जब्त कर ली गईं और उनका स्नस्रु रिपोर्ट से मिलान किया गया... कल चंडीगढ़ में आगे की जांच की गई, उसके बाद पुष्टि हुई कि ये तीनों वही थे जिन्होंने आतंकी हमला किया था लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ÷कल वे (कांग्रेस) हमसे पूछ रहे थे कि आतंकवादी कहां से आए और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। बेशक, यह हमारी जिम्मेदारी है क्योंकि हम सत्ता में हैं। मुझे बहुत दुख हुआ कि कल इस देश के पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम जी ने सवाल उठाया कि क्या सबूत है कि ये आतंकी पाकिस्तान से आए थे। वे क्या कहना चाहते हैं? किसे बचाना चाहते हैं? पाकिस्तान को बचाकर आपको क्या मिलेगा।

'ऑपरेशन सिंदूर' बहस में कांग्रेस के अंदर ही घमासान, सांसद मनीष तिवारी ने कसा तंज

एजेंसी

नई दिल्ली । संसद में - ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के बीच कांग्रेस पार्टी अपने ही घर में घिर गई है। पार्टी के दिग्गज नेता शशि थरूर और मनीष तिवारी को कांग्रेस ने संसद में बहस के दौरान बोलने का मौका नहीं दिया, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विदेश दौरों पर जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। अब मनीष तिवारी ने इस विषय को लेकर तंज कसा है। कांग्रेस सांसद मनोज तिवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक समाचार रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया। इसके साथ ही उन्होंने 1970 की हिट बॉलीवुड फिल्म 'पूरब और पश्चिम' के एक प्रतिष्ठित देशभक्ति गीत की कुछ पंक्तियों के साथ अपनी बात रखी। लिखा-, है प्रीत जहां की रीत सदा, मैं गीत वहां के गाता हूं, भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं। जय हिंद। शशि थरूर तिरुवनंतपुरम से सांसद हैं, मनीष तिवारी चंडीगढ़ से सांसद हैं। इन तीनों को ही कांग्रेस ने लोकसभा में पार्टी का पक्ष रखने का मौका नहीं दिया। समाचार रिपोर्ट

में सवाल उठाया गया था कि ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान कांग्रेस ने शशि थरूर और मनीष तिवारी को क्यों बाहर बैठाया? असल में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को वैश्विक स्तर पर बताने के लिए केंद्र सरकार ने प्रतिनिधिमंडल भेजे थे, जिसमें कांग्रेस के सांसद शशि थरूर, मनीष तिवारी, अमर सिंह, आनंद शर्मा और सलमान खुर्शीद भी शामिल थे। हालांकि, जब संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा चल रही है, तो किसी भी नेता को कांग्रेस पार्टी के वक्ताओं की सूची में जगह नहीं मिली। रिपोर्ट में एक कांग्रेस सांसद के हवाले से कहा गया कि पार्टी ने चर्चा के दौरान संसद में बोलने के लिए नए सांसदों को चुना। ऐसा इसलिए कि विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधिमंडलों ने 'सरकार के पक्ष में बात की।' हालांकि, 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद कांग्रेस लगातार सरकार पर सवाल उठाती रही है।

राष्ट्रपति रेफरेंस मामला: 19 अगस्त से दलीलें सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली । राज्यपाल और राष्ट्रपति के पास विचाराधीन विधेयकों पर फैसले के लिए समयसीमा तय करने के मुद्दे में दायर राष्ट्रपति रेफरेंस मामले पर सुप्रीम कोर्ट 19 अगस्त से 10 सितंबर के बीच सुनवाई करेगा। यह मामला संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपालों और राष्ट्रपति की विधायी शक्तियों से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने यह सुनवाई संवैधानिक रेफरेंस पर तय की है। इसमें यह पूछा गया है कि राज्यपाल और राष्ट्रपति की ओर से राज्य विधानसभा से पारित विधेयकों पर कितने समय में फैसला लिया जाना चाहिए। लाइव लॉ के मुताबिक केरल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता केके वेणुगोपाल ने अदालत में कहा कि तमिलनाडु के राज्यपाल से जुड़े मामलों में रेफरेंस में उठाए गए 14 में से 11 प्रश्नों के जवाब पहले ही दिए जा चुके हैं। वहीं तमिलनाडु राज्य की ओर से सीनियर एडवोकेट डॉ. एएम सिंघवी और पी. विल्सन ने भी रेफरेंस

की वैधता पर सवाल उठाए। कोर्ट ने सभी पक्षों से 12 अगस्त तक अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा है। नोडल वकीलों के रूप में केंद्र की ओर से एडवोकेट अमन मेहता और विरोधी पक्ष की ओर से एडवोकेट मीशा रोहतगी को नियुक्त किया गया है, जो दोनों पक्षों की दलीलों का संकलन तैयार करेंगे। कोर्ट के आदेश के अनुसार, जो पक्ष राष्ट्रपति की ओर से भेजे गए इस मामले का समर्थन कर रहे हैं, उन्हें 19, 20, 21, और 26 अगस्त को सुना जाएगा। जो पक्ष इसके विरोध में हैं, उन्हें 28 अगस्त और 3, 4, और 9 सितंबर को सुना जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से जवाब देने का मौका 10 सितंबर को मिलेगा।इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ करेगी। इस पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंदुरकर भी शामिल हैं। यह मामला इसलिए अहम है क्योंकि यह राज्यपालों की ओर से विधेयकों पर निर्णय लेने में हो रही देरी पर स्पष्ट दिशा-निर्देश तय कर सकता है, जिससे केंद्र और राज्य के बीच टकराव के मुद्दों पर न्यायिक मार्गदर्शन मिल सकेगा।

दिल्ली-एनसीआर : भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, ट्रैफिक जाम से लोग परेशान

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में मंगलवार सुबह से लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। तेज बारिश के चलते एक तरफ दिल्ली में कई सड़कों पर जल जमाव हो गया है, जिसके कारण यातायात बहुत ज्यादा प्रभावित हुआ है। वहीं नोएडा में कई जगहों पर भारी जलभराव हो गया है, जिससे सड़कों पर लंबा जाम लग गया। नोएडा और दिल्ली को लिंक करने वाले कालिंदी कुंज बॉर्डर का सबसे ज्यादा बुरा हाल देखने को मिला, जहां दिल्ली की ओर जाने वाले मार्ग पर गाड़ियों की लंबी कतारें देखी गईं। सुबह के समय जब लोग दफ्तर और अन्य कार्यों के लिए बाहर निकले, तब प्रमुख चौराहों, फ्लाईओवर और मार्गों पर ट्रैफिक रेंगता नजर आया। नोएडा सेक्टर-



18, सेक्टर-62, डीएनडी फ्लाईओवर और महामाया फ्लाईओवर जैसे व्यस्त इलाकों में वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। तेज बारिश के कारण कई सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी हो रही है। जल निकासी व्यवस्था की पोल एक बार फिर खुल गई है, क्योंकि हल्की से तेज बारिश में ही पानी सड़कों पर भर जाता है और नालियां ओवरफ्लो हो जाती हैं।नगर निगम की ओर से अभी तक किसी राहत कार्य की सूचना नहीं मिली है। ट्रैफिक पुलिस को भी इस मौसम में अतिरिक्त दबाव झेलना पड़ रहा है। अधिकारी ट्रैफिक को सुचारू करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन लगातार हो रही बारिश और जलभराव के चलते स्थिति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है। मौसम विभाग ने आने वाले 48 घंटों में और बारिश की संभावना जताई है, जिससे लोगों को और अधिक सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों तक अभी लगातार एनसीआर में इसी तरीके से रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी और जलभराव की स्थिति का सामना लोगों को करना पड़ेगा।

वसई-विरार नगर निगम आयुक्त के आवास सहित 12 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

एजेंसी

मुंबई। वसई-विरार नगर निगम (वीवीसीएमसी) के आयुक्त अनिल कुमार पवार के शासकीय आवास समेत कुल 12 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम मंगलवार सुबह छह बजे से छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि यह छापेमारी नालासोपारा में 41 अनधिकृत इमारतों के मामले से संबंधित है। ईडी की ओर से इस छापेमारी का अधिकृत ब्योरा नहीं दिया गया है। सूत्रों ने बताया है कि ईडी की टीम मंगलवार सुबह छह बजे वसई-विरार नगर निगम के आयुक्त के आवास पर पहुंची और यहां कागज पत्र, कंप्यूटर आदि की तलाशी ले रही है। इसी मामले में मई महीने में ईडी की टीम ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मुंबई और हैदराबाद में 13 अलग-अलग ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया था। तलाशी अभियान में लगभग 9.04 करोड़ रुपये नकद, 23.25 करोड़ रुपये मूल्य के हीरे जड़ित आभूषण, सोना-चांदी और बड़ी संख्या में आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए थे। इसके बाद ईडी ने मीरा भयंदर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा बिल्डरों, स्थानीय गुर्गों और अन्य के खिलाफ दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। यह मामला 2009 से वीवीसीएमसी के अधिकार क्षेत्र में सरकारी और निजी भूमि पर आवासीय सह वाणिज्यिक भवनों के अवैध निर्माण से संबंधित है।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पहुंचे दिल्ली के चिड़ियाघर, बच्चों को बताया पर्यावरण का महत्व

एजेंसी

नई दिल्ली । ग्लोबल टाइगर डे के अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में स्कूली बच्चों के साथ उत्सव मनाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण का महत्व बताया। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सभी से अपने घर और आसपास के क्षेत्र में कम से कम एक पेड़ लगाने की अपील की, ताकि पर्यावरण को स्वच्छ और हरित बनाया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में बाघ संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2014 में जहां देश में 47 टाइगर रिजर्व थे, वहीं अब उनकी संख्या बढ़कर 58 हो गई है। न केवल बाघों की संख्या में वृद्धि हुई है, बल्कि उनके संरक्षित क्षेत्रों का भी विस्तार किया गया है। भारत अब अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस के तहत 97 देशों के साथ मिलकर बाघ संरक्षण, जैव-विविधता संरक्षण, पर्यावरण-पर्यटन और ज्ञान साझा करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर दिल्ली के चिड़ियाघर में एक सप्ताह तक चलने वाली बाघ संरक्षण पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया

गया है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से स्कूली बच्चों को बाघों और उनकी सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही, उन्हें प्रकृति और आदिवासी संस्कृति के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चों को चिड़ियाघर का भ्रमण कराकर प्रकृति के प्रति उनके मन में जागरूकता पैदा करने का कार्य भी किया गया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत देश के 58 टाइगर रिजर्व में दो लाख पेड़ लगाए गए हैं। इसके अलावा, अरावली क्षेत्र के 29 जिलों में देशी प्रजातियों के पेड़ों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली नर्सरियां स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिशा में तीन नर्सरियों का वर्चुअल उद्घाटन भी किया गया। अरावली को हरा-भरा करने का यह अभियान प्रधानमंत्री के संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत 5 जून को दिल्ली में वृक्षारोपण कार्यक्रम शुरू किया गया था। भूपेंद्र यादव ने जोर देकर कहा कि प्राकृतिक विरासत को विकास के साथ संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बाघ संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए चल रहे वैश्विक अभियानों के सकारात्मक परिणामों पर भी प्रकाश डाला। इस आयोजन ने बच्चों और आम लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मंदिरों में छत्र, मुकुट व दानपेटी से रुपए चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज
पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा आई.पी.एस. ने बताया कि पुलिस थाना रामगंज जयपुर उत्तर ने बडी कार्यवाही करते हुए मंदिरों में भगवान की प्रतिमा से चांदी के छत्र व मुकुट चोरी करने वाले मुल्जिम संतोष उर्फ रोहित उर्फ चांटा को गिरफ्तार करते हुए चोरी का सामान खरीदने वाले शेख अझीजुल को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 27.07.2025 को श्री कन्हैया लाल शर्मा पुत्र सियाराम जाति ब्राह्मण उम्र 58 साल निवासी म.न. 1243, रघुनाथ जी का मंदिर घाटगेट बाजार जयपुर ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मैं, श्री रघुनाथ जी के मन्दिर रामगंज का पुजारी हूँ। मैं ही पूजा पाठ करता हूँ। 16 जुलाई 2025 को सुबह 7.53 बजे को 2 छत्तर, 1 मुकुट भगवान जी के चोरी हो गये। जो कि 10 साल पहले खरीदा गया था और उक्त छत्तर व मुकुट चांदी धातु के थे। आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 274/2025 धारा 305 (ऊ) बी. एन. एस. दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। वारदात की गंभीरता को देखते हुए श्री दुर्गसिंह राजपुरोहित

आर.पी.एस. अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर-प्रथम) जयपुर के निर्देशन में श्री हरिशंकर शर्मा आर.पी.एस. सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज जयपुर उत्तर के सुपरविजन में श्री सुभाष चन्द यादव पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना रामगंज जयपुर उत्तर के नेतृत्व में श्री बाबूलाल सहायक पुलिस निरीक्षक, श्री कृष्ण कुमार हैड कानि. नं. 1312, श्री रामलाल कानि. नं. 6441, श्री मोहम्मद साजिद कानि. 6181 व तकनीकी शाखा पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर से श्री नन्लूराम कानि. नं. 9260 की टीम गठीत की गई। गठीत टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास व मार्गो में लगे सैकडों सीसीटीवी कैमरो की फुटेज खंगाली गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुल्जिम को चिन्हित किया जाकर मुखबीर खास की सूचना पर अभियुक्त संतोष उर्फ रोहित उर्फ चांटा को डिटेन किया गया। अभियुक्त से पूछताछ कर गिरफ्तार किया गया। दौराने पूछताछ अभियुक्त ने बताया कि उसने चोरी का माल मनीराम जी की कोठी का रास्ता स्थित अजीज भाई अंगूठी वाले को दिया था इस पर अजिज भाई अंगुठी वाले की दूकान पर पहुँच कर चोरी का सामान खरीदने वाले शेख अझीजुल से पूछताछ कर गिरफ्तार किया गया।

मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा

नई दिल्ली/जयपुर, 29 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान श्री शर्मा ने राज्य के समग्र विकास तथा विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं के बारे में सार्थक चर्चा की।
उन्होंने प्रधानमंत्री को राज्य में संचालित केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में अवगत कराया। वहीं, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राजस्थान के विकास के लिए केन्द्र सरकार द्वारा निरंतर सहयोग के लिए आश्वस्त किया।
मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को प्रभु श्री राम की प्रतिमा भी भेंट की। ये उनकी प्रधानमंत्री से शिष्टाचार भेंट थी।

न्यूज फ्लैश

जिला जयपुर पश्चिम की ईनामी अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अर्न्तगत बडी कार्यवाही

देश का दर्पण न्यूज

पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर (पश्चिम) श्री हनुमान प्रसाद आईपीएस ने बताया कि श्रीमान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महोदय, अपराध शाखा जयपुर, राजस्थान द्वारा चलाये जा रहे सक्रिय बदमाशान के विरूद्ध कार्यवाही एंव वाछित अपराधियो की धरपकड हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया है। जिसके अर्न्तगत श्री आलोक सिघंल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम के नेतृत्व में श्री गणेश सैनी पुनि. डीएसटी प्रभारी मय डीएसटी टीम एंव कार्यालय हाजा की तकनिकी टीम का गठन किया जाकर वांछित अपराधियो एवं सक्रिय अपराधियो के खिलाफ त्वरित कार्यवाही हेतु उचित दिशानिर्देश दिये गये थे। प्राप्त निदेर्शानुसार डीएसटी टीम जयपुर पश्चिम से वांछित अपराधियो की धरपकड हेतु प्राप्त इनपुटो पर कार्यवाही करते हुये वांछित अपराधियो के संबंध मे थाना रिकार्ड, मुखबीर तंत्र से प्राप्त सुचना व तकनीकी सहायता और प्राप्त इनपुट के आधार पर 20 वर्षों से फरार आरोपी राजू उर्फ सम्राट पुत्र श्री श्यामलाल जाति माली उम्र 37 साल निवासी रींगस रोड नम्बर 27 चौमू जिला जयपुर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

वाछिंत अपराधियो की धरपकड के विशेष अभियान मे पुलिस थाना ट्रांसपोर्टनगर जयपुर (पूर्व) की बडी कार्यवाही, कुल 07 स्थायी गिर.वारण्टो का किया निस्तारण

देश का दर्पण न्यूज

श्री संजीव नैन (भा.पु.से.) पुलिस उपायुक्त, जयपुर (पूर्व) ने बताया कि पुलिस आयुक्तालय जयपुर द्वारा ईनामी व वांछित स्थायी वारंटियों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत समस्त थानाधिकारियों को अधिक से अधिक वांछित अपराधियों की तलाश कर गिरफतार करने हेतु निर्देशित किया गया था। वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु पुलिस थाना ट्रांसपोर्टनगर क्षेत्र में श्री आशाराम चौधरी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व व सुश्री लक्ष्मी सुथार सहायक पुलिस आयुक्त आदर्श नगर के निर्देशन में श्री अरुण कुमार पु०नि०, थानाधिकारी, पुलिस थाना ट्रांसपोर्टनगर, जयपुर पूर्व के नेतृत्व में श्री सोहन सिंह हैड कानि. 611, श्री कैलाश चन्द कानि. 9328, श्री मोहम्मद शाहिद कानि. 2860, श्री चन्दन कानि. 9689 की एक विशेष टीम गठित की गई। दिनांक 29.07.2025 को वांछित अपराधियों की तलाश एवं धरपकड के दौरान थाना हाजा से अलग अलग टीम रवाना कर आसूचना संकलन कर गठित टीम द्वारा न्यायालय द्वारा जारी कुल 07 स्थाई गिर. वारंटो का निस्तारण किया गया। उक्त वारंटी किसी थानाजात पर वांछित हो तो थाना हाजा से अविलम्ब सम्पर्क करें।

बालश्रमिकों से आरोपी बनवाते थे गर्म लाख की चूडियां

देश का दर्पण न्यूज

श्रीमान पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (मिविल राईटस एंव एएचटी) राजस्थान जयपुर द्वारा चलाई जा रहे अभियान" उमंग-III" के अन्तर्गत बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी एंव मानव दुव्यार्पार के उन्मूलन एंव पुनर्वास हेतु निरन्तर प्रयास के तहत बी बंजरग सिह अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर द्वितीय एवं श्री शिवरतन गोदारा सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्री नगर जयपुर उत्तर के निदेर्शानुसार थाना भट्टाबस्ती पर बानाधिकारी श्री हरिबोम सिह उ. नि के नेतृत्व में श्री मदन सिंह उ.नि मय टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये प्रकरण दर्ज कर 15 बाल श्रमिक दस्तयाब किये गये व प्रकरण संख्या संख्या 232/2025 धारा 143 (5), 127 (4), 146 इतर 2023 व 75, 79 किशोर न्याय एवं बालकों की देखरेख संरक्षण अधिनियम 2015 व 3/14 बालश्रम प्रतिषेध विनिमयन अधिनियम-1986 व 16, 17, 18 बंधित श्रम पद्धति एवं (उत्सादन) अधिनियम 1976 दर्ज कर अनुसंधान जारी है।
आरोपीगण अलग अलग राज्यों से गरीब तबको के बच्चो को उनके माता पिता के पास से पढाई करवाने व घूमाने के बहाने लेकर आते तथा यहां लाकर उन बच्चो से चूडी कारखाने में चूडी बनाने का बालथम करवाते थे। चूडी कारखाने पर बच्चों से 12 से 14 घंटे लगातार काम कराना और बहुत ही कम उम्र के मासूम बच्चों पर अत्याचार करना तथा खाने खिलाने व उनके माता पिता से बात न कराना मे बनियमितता करना भी अनुसंधान से ज्ञात हुआ है। अधिक समय काम करने व अनियमित रुप खाना खिलाने से बच्चे कुपोष्ण के शिकार हो रहे है। प्रकरण में दस्तयाब बाल श्रमिको को बाल सरंक्षण गृह में दाखिल करवाया गया है।

असुरक्षित भवनों में कक्षा संचालन पर केबिनेट मंत्री ने तत्काल लगाई रोक

मंत्री जोराराम कुमावत ने जिले के जर्जर सरकारी भवनों की मांगी रिपोर्ट

पाली, 27 जुलाई। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक का प्रमुख बिंदु जिले में सरकारी भवनों, स्कूलों, चिकित्सा संस्थानों और सड़कों की खराब स्थिति था। बैठक में केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जर्जर और नकारा भवनों का उपयोग किसी भी स्थिति में न किया जाए। उन्होंने स्कूलों, छात्रावासों, आंगनबाड़ी केंद्रों के अंतर्गत असुरक्षित भवनों में कक्षा संचालन पर रोक लगाई। उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। साथ ही पीडब्ल्यूडी द्वारा पूर्व में नकारा घोषित भवनों को नियमानुसार तत्काल गिराने और नए प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। श्री कुमावत ने प्रथम दृष्टि से की गई सर्वे को पीडब्ल्यूडी तकनीकी इंजीनियरों के साथ दोबारा जांच कर फाइनल रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने टीएडी छात्रावास, सामाजिक न्याय विभाग के छात्रावास, स्कूल, आंगनबाड़ी, चिकित्सा केंद्र और पशुपालन चिकित्सा केंद्रों सहित सभी विभागों से ब्लॉकवार जानकारी ली। श्री जोराराम कुमावत ने कहा कि जिन भवनों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है, उन पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए। जर्जर भवनों को

कमेटी द्वारा प्रमाणित कर गिरवाने और क्षतिग्रस्त भवन या क्षेत्र में किसी को प्रवेश न देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि इन स्थानों पर सूचना चस्पा की जाए ताकि सभी को जानकारी मिल सके। उन्होंने पंचायती राज के अधिकारियों को उनके भवन व उनके अधीन स्कूलों की रिपेयरिंग हेतु निर्देशित किया।
उन्होंने यह भी आदेश दिया कि सभी क्षतिग्रस्त भवनों की तुरंत चिन्हित कर उनकी विस्तृत रिपोर्ट बुधवार को भेजी जाए। ताकि जिले में सरकारी बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करना और कर्मचारियों व आम जनता के लिए सुरक्षित वातावरण बने। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपनी टीमों के साथ मिलकर क्षेत्र का दौरा करें और जमीनी स्तर पर योजनाओं की प्रभावशीलता का आकलन करें।
मौके पर ही जारी की प्रशासनिक स्वीकृति
मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने अधिकारियों से कहा कि शिक्षा विभाग से संबंधित भवनों पीएस/यूपीएस के कार्यों को प्लान में जुड़वाकर स्वीकृति जारी करवाएं।
इसके अलावा मंत्री श्री कुमावत को अवगत कराया गया कि 156 आंगनबाड़ी केंद्रों के क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत के लिए समसा के माध्यम से स्वीकृति जारी करवाकर उनकी मरम्मत का कार्य किया जाएगा। अधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि सुमेरपुर व पाली विधानसभा क्षेत्र में कई भवन जर्जर हालत में हैं। पीडब्ल्यूडी के सांडेराव व ढोला के डाक बंगले, जल संसाधन विभाग के जवाई बांध गांव का डाक बंगला व कॉलोनी भवन की जर्जर हालत होने के कारण उनकी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान घटिया क्वालिटी की वजह से बारिश के कारण खस्ता हाल हुई सड़कों पर नाराजगी जताते हुए मंत्री श्री कुमावत ने पाली के पीडब्लयूडी एक्सईएन को जमकर फटकार लगाई।
ये रहे मौजूद
बैठक में उपखंड अधिकारी सुमेरपुर, पाली, पाली पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल, जिला मंत्री पूनम सिंह परमार, टेवाली महावीर सिंह समेत अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस थाना शाहपुरा ने महालक्ष्मी इन्टरप्राईजेज फर्म में लगे AC के कॉपर पाईप चुराने वाले दो अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज
श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने आज जानकारी देते हुए बताया है कि परिवादी श्री सुल्तान गुर्जर निवासी बाछडी मोहल्ला कस्बा शाहपुरा जिला जयपुर ने पुलिस थाना शाहपुरा पर रिपोर्ट दर्ज करवायी की मेरी फर्म महालक्ष्मी इन्टरप्राईजेज में लगे अउ के दो कॉपर पाईप लगभग 15-15 फिट को दिनांक 25.07.2025 की रात्रि में अज्ञात चोर काट कर ले गये हैं। आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 260/2025 धारा 303 (2) भारतीय न्याय संहिता 2023 में दर्ज कर अनुसधांन प्रारम्भ किया गया। घटना को ट्रैस आऊट करने व अज्ञात मुल्जिमान की गिरफ्तारी

व माल बरामदगी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां तथा वृत्ताधिकारी शाहपुरा श्री मुकेश चौधरी के निकटतम सुपरविजन में तथा थानाधिकारी शाहपुरा श्री हेमराज सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए वारदात को अजांम देने वाले अज्ञात दो आरोपियों साजीद उर्फ लाला व जुनेद को डिटेन कर पूछताछ की तो वारदात करना स्वीकार किया जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।
आरोपियों से चोरी किये गये माल के बारे में पूछताछ की तो आरोपी अमरचन्द निवासी गंगा मार्केट शाहपुरा को बेचना बताया जिस पर पुलिस टीम द्वारा माल खरीदने वाले आरोपी अमरचन्द को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी की इत्तला पर चोरी किए गये अउ के 30 फिट के दो कॉपर के पाइप बरामद किये गए है।

आयुर्वेद विभाग डॉ महाराज सिंह के निर्देश के अनुसार औषधालय का वर्तमान भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था होने की वजह से सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरण किया

सुरज वर्मा

भीलवाडा ज़िले के बनेड़ा में प्रभारी राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय सरदारनगर डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि औषधालय का वर्तमान भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था में है।किसी हादसे की गंभीरता को देखते हुए ग्रामवाशियो की मांग थी कि औषधालय को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।
ग्राम वाशियो की मांग को पूरा करते हुए।उपखंड अधिकारी बनेड़ा श्रीकान्त व्यास और उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग भीलवाड़ा डॉ महाराज सिंह के निर्देश के अनुसार औषधालय स्थानांतरण सरपंच बालू राम जाट और समाज सेवी महेंद्र छिपा के सहयोग से नजदीक स्थान पर कर दिया गया है।
तथा स्वच्छ भारत अभियान के तहत औषधालय की साफ सफाई आयुर्वेद नर्स माधुरी मीणा,परिचायक शौकत अली और समाज सेवी त्रिलोक मीणा द्वारा की गई

डिग्गी रोड टीलावाला गांव के आस पास फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लूट करने वाला गढ़ मण्डोरा करौली निवासी मनीष शर्मा को बापर्दा गिरफतार किया गया

देश का दर्पण न्यूज
श्रीमान- पुलिस उपायुक्त दक्षिण आयुक्तालय जयपुर शहर राजर्षि राज वर्मा आईपीएस ने बताया की जिला जयपुर दक्षिण के ईलाके में पुलिसकर्मी बनकर सुनसान रोड व डिग्गी रोड व रिंगरोड के आस पास लूट की वारदातो पर अंकुश लगाने के लिये जिला जयपुर दक्षिण के समस्त थानाधिकारीयों को निर्देशित किया गया था।
दिनांक 26 जुलाई 20:25 को परिवादी श्री गुरुप्रसाद कुमावत पुत्र श्री जगदीश जाति कुमावत उम्र 19 साल निवासी ग्राम रोजदा थाना आमेर जिला जयपुर ने एक रिपोर्ट दी की मै उक्त दिनांक को समय करीब 01:30 पीएम पर खेडा के बालाजी से रेनवाल टीलावाला होकर जा रहा था तभी पुलिस चौकी टीलावाला के 1 कि.मी. आगे दो मोटरसाईकील सवार आये उन्होने मेरी बाईक रूकवाकर कहा की बहुत समय से देख रहा हूँ बाईक तेज चला रहे हो ओर खुद को थाने से बताया तथा किसी पुलिसकर्मी के साथ मोबाईल में फोटो दिखाई तथा मेरी बाईक की चाबी लेकर खुद की गाडी चलाने लग गया तथा मुझे पिछे बिठा लिया ओर सुनसान कॉलोनी में ले गया जहा पर हमारे साथ मारपीट कर हमारे 5000 रुपए छिन लिये दुसरा लडका जो हमारी गाडी चला रहा था जो दोनो हमारी गाडी हमारी गाडी व पैसे छिनकर भाग गये। उक्त घटना पर तुरन्त थानाधिकारी व उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरिक्षण कर परिवादी से रिपोर्टली जाकर आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 770/25 धारा 309 4 बीएनएस 2023 में पंजीबद्ध कर माल मुलजिमान की तलाश शुरू की गई। आयुक्तालय जयपुर क्षेत्र में हो रही नकबजनी व चोरी व लूट के विरुद्ध त्वरित व कठोर कार्यवाही करने के लिए श्री ललित शर्मा अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण के मार्गदर्शन एवं श्री आदित्य काकडे सहायक पुलिस आयुक्त, वृत्त मानसरोवर द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग रखी गयी एवं श्री गुर भुपेन्द्र सिंह पु.नि थानाधिकारी थाना मुहाना के नेतृत्व में चुनिन्दा पुलिस कर्मियों की टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा परिवादी से बारीकी से घटना की जानकारी व मुल्जिमो के रोकने व ले जाने के रास्ते तथा भागने के रास्ते का मालूम किया जाकर उक्त रूट के सभी कैमरे चैक किये गये इस तरह की पूर्व में कई घटनाये हुई जिनके फुटेज पुलिस टीम ने संकलित कर मुल्जिमो के आने जाने के रूट के कैमरे देखकर मुखबिर खास मानूर किया गया। जिससे समस्त रूट का रूट मैप मय समय तैयार किया जाकर तकनिकी सहायता व कानि भंवरलाल 9969 के पास मुखबिर खास की सुचना से मुल्जिमो की पहचान मनीष शर्मा पुत्र श्री कान्ता प्रसाद शर्मा जाति ब्राहमण उम्र 32 साल निवासी गढ मण्डौरा थाना मासलपुर जिला करौली हाल रघुनाथ पुरी थाना प्रतापनगर जयपुर व उसके साथी के रूप में की जाकर उक्त मुल्जिमो का लगातार पीछा किया जाकर अलग अलग ठिकानो पर दबिश दी जाकर दस्तयाब किया जाकर पुछताछ की गई जिन्हे बाद पुछताछ जुर्म कबुल करने पर बापर्दा गिरफतार किया गया जिनसे मुकदमा हाजा में लूटा गया माल मशरूका बरामद करने के प्रयास जारी है तथा मुल्जिम से पुछताछ जारी है जिनसे टीलावाला गांव के आस पास डिग्गी रोड व रिंग रोड के आस पास दर्जन भर वारदात पुलिसकर्मी बनकर लूट करने की वारदाते करना कबूल की है जिससे पुछताछ जारी है।

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के नए भवन का लोकार्पण

जयपुर/पाली, 29 जुलाई। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय,पाली के नव-निर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन पशुपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को किया। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुकांता मजूमदार एवं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी भी ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती मूर्ति पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वर्चुअल माध्यम से भवन का लोकार्पण किया। समारोह में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यालय भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया और शिलापट्ट का अनावरण किया। उद्घाटन कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, देशभक्ति गीत और लोक नृत्य के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। अंत में पूरे परिसर में राष्ट्रगान की सामूहिक ध्वनि गूंजी, जिससे वातावरण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया।
केन्द्रीय विद्यालय से शिक्षित बच्चे देशभर में कमा रहे नाम
श्री जोराराम कुमावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय का स्थायी और आधुनिक रूप होगा, जो विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व समुचित संसाधन प्रदान करेगा। केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय जैसे संस्थानों से पढ़कर निकले अनेक विद्यार्थी आज देश-विदेश में वैज्ञानिक, सरकारी अधिकारी, उद्योगपति और नवाचार के अग्रदूत बन चुके हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बजट घोषणाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर, सरकारी नौकरियाँ और आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मंत्री ने अपने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल देते हुए कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन केवल जीवनदायिनी गैस नहीं बल्कि वातावरण की रक्षा करने वाली सबसे महत्वपूर्ण शक्ति है। बच्चों व नागरिकों को इससे जुड़ने का आह्वान किया।
जोराराम कुमावत ने कहा कि पाली विद्यालय के अलावा 19 विद्यालयों का पीएमश्री योजना में चयन हुआ है। पाली जिले के लिए यह भवन 18.6 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें 41 कक्ष, 6 अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, और एक विशाल खेल मैदान शामिल है। यह भवन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस दौरान श्री कुमावत ने विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।
इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति
कार्यक्रम में सांसद पीपी चौधरी वर्चुअली जुड़े, जबकि जिला प्रमुख श्रीमती रश्मिसिंह, पीएमश्री विद्यालय के नामित अध्यक्ष विकास गुप्ता, जिला कलक्टर एलएन मंत्री, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव विक्रमसिंह भाटी, एसडीएम विमलेन्द्र राणावत, केवीएस जयपुर संभाग के उपायुक्त संजीत कुमार, पाली प्रधान मोहनी देवी, जनप्रतिनिधि सुनिल भण्डारी, महेन्द्र बोहरा, प्रीसिंपल एचएल मीणा, राकेश कुमार व्यास, पाली पंचायत समिति की प्रधान के प्रतिनिधि पुखराज पटेल, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भंवर चौधरी, नरेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि डीआर चौधरी, हेमावास के सरपंच मोहन चौधरी, मंडल अध्यक्ष मनोहर चौधरी, पूर्व उप जिला प्रमुख नवल किशोर रावल, रिटायर डीईओ रामलाल कुमावत, कार्यकर्ता अर्जुन सिंह आदि उपस्थित रहे।

स्पा मसाज केन्द्रों को लेकर निकाले गए आदेश

देश का दर्पण न्यूज
पुलिस आयुक्तालय जयपुर के क्षेत्र में काफी स्पा मसाज केन्द्र संचालित हो रहे है। इन स्पा मसाज केन्द्रों के संबंध में लाईसेंस अथवा नियमन के वर्तमान में कोई प्रावधान अस्तित्व में नहीं है। यह भी जानकारी में आया भी संचालित हो रही है। केन्द्रों में विभिन्न प्रकार की अविधिक एवं आपत्तिजनक गतिविधियां जयपुर एक प्रगतिशील शहर है जहां समय के साथ बड़े मेट्रोपोलियन शहरों की तरह विभिन्न समसामयिक केन्द्रों का चलन तेजी से बढ़ रहा है। इन्ही में से एक प्रकार के केन्द्र स्पा/मसाज केन्द्र है। विभिन्न राज्यों में स्पा/मसाज केन्द्रों के संबंध में विस्तृत गाईडलाईन जारी की गई है, जिनके द्वारा इन केन्द्रों को विनियमित कर संचालित किया जा रहा है।।अतः मैं डॉ. रामेश्वर सिंह, वक्षर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून एवं व्यवस्था) जयपुर, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण पुलिस आयुक्तालय, क्षेत्र के लिए निम्नानुसार आदेश प्रसारित करता हूँ।

1.पुरुष और महिला स्पा केन्द्र परिसर के अलग-अलग खण्डों में होंगे और अलग-अलग प्रवेश के साथ स्पष्ट रूप से सीमांकित होंगे और कोई अंतर-संबंध नहीं होगा।
2.स्पा/मसाज केन्द्र की सेवाएँ बंद दरवाजों के पीछे प्रदान नहीं की जायेंगी। स्पा/मसाज केन्द्र कक्षों के दरवाजों के अंदर कोई कुण्डी या बोल्ट नहीं होना चाहिए। स्वतः बंद/खुलने वाले दरवाजों का प्रावधान होना चाहिए।
3.स्पा/मसाज प्रतिष्ठान के बाहरी दरवाजे कार्य समय के दौरान खुले रखे जायेंगे।
4.सभी ग्राहकों के पहचान पत्र प्रस्तुत करने का अनिवार्य प्रावधान सुनिश्चित किया जाएगा तथा उनके संपर्क विवरण जिसमें फोन, नंबर तथा पहचान प्रमाण शामिल है, हेतु उचित रजिस्टर संधारित किया जायेगा।
5.परिसर का उपयोग आवासीय उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाएगा और यह परिसर यदि किसी आवासीय भाग हो तो उस भाग के साथ संपर्क नहीं होगा।
6.केन्द्र में कार्यरत प्रत्येक मसाज करने वाले करने वाली के पास मान्यता प्राप्त संस्था का एक्यूप्रेशर या व्यावसायिक डिप्लोमा/प्रमाण पत्र होना चाहिए।
7.सभी कर्मचारी नियोक्ता द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र पहनेंगे और काम करते समय इसे प्रदर्शित करेंगे।
8.सभी कर्मचारियों की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए।
9.इनके संचालक/प्रबन्धक/कर्मचारियों के विरूद्ध अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम से संबंधित कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं हो और न ही आपराधिक कार्रवाई में संलिप्त हो साथ ही यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम अथवा यौन अपराध की प्रकृति का कोई मामला दर्ज नहीं हो।
10.रुपा/मसाज केन्द्र का प्रबंधक केन्द्र में किसी भी व्यक्ति को रोजगार में रखने से पहले पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) प्राप्त करेगा।
11.स्पा/मसाज केंद्र समस्त कानून व विशेष रूप से अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, का उल्लंघन नहीं करेगा और सभी लागू कानूनों, नियमों और दिशा-निदेर्शों का पालन करेगा।
12.प्रत्येक केन्द्र का नाम, लाइसेंस नंबर, लाइसेंस का विवरण व काम के घंटे परिसर या इमारत में बाहर से स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले तरीके से प्रदर्शित किए जायेंगे।
13.रिसेप्शन पर उचित स्थान पर अंग्रेजी और हिंदी में डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनमें निम्नलिखित जानकारी होगी।
(अ) परिसर का साइट प्लान।
(ब) पुरुष और महिला के लिए श्रेणीवार बिस्तरों की संख्या।
(स) कर्मचारियों का विवरण जिसमें उनका पदनाम और योग्यता हो।
(द) ग्राहकों के लिए हेल्पलाइन नंबर यानी 112 और 181।
यह आदेश मानव जीवन व लोक व्यवस्था की सुरक्षा हेतु लोक प्रशान्ति विक्षुब्ध होने की स्थिति को निवारित करने के लिए उपर्युक्त वर्णित आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के कारण लोकहित में तत्काल प्रभाव से जारी किया जाता है एवं उन व्यक्तियों जिनके विरुद्ध यह आदेश निर्दिष्ट है, पर सूचना की तामील सम्यक रूप से कराना सम्भव नहीं है, इसलिए यह आदेश एक-पक्षीय पारित किया जा रहा है।

हरयाळो राजस्थान के तहत एक पेड़ माँ के नाम महाभियान—

जयपुर, 29 जुलाई। करौली जिला प्रभारी मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम के द्वारा हिण्डौन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खरैटा में हरयाळो राजस्थान के तहत जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरयाळो राजस्थान के तहत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रभारी मंत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश आमजन को दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार हरियालो राजस्थान वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश को हरा-भरा बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। पिछले वर्ष 7 करोड़ के लक्ष्य के विरूद्ध हमारी सरकार ने जन सहभागिता के माध्यम से 7.25 करोड पौधे रोपित किये थे। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पेड़ों की पूजा की जाती है उन्हें भगवान माना जाता है पेड़ों से हमें ऑक्सीजन, जड़ी-बूटी, फल-फुल, छाया, स्वच्छ वातावरण, अच्छी बारिश मिलती है इसलिए हमारी संस्कृति में प्राचीन समय से ही अधिक से अधिक पेड़ लगाने की परम्परा रही है।

उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक पौधारोपण कर उसे संरक्षण प्रदान करने की भी बात की। जिला प्रभारी मंत्री ने बताया कि वर्षा को मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री ने स्कूलों, आंगनबाड़ियों व राजकीय भवनों की क्षतिग्रस्त इमारतों की मरम्मत के लिए प्रत्येक विधानसभा को 3-3 करोड़ रुपए दिये है उन्होंने जिला कलक्टर को कार्ययोजना बनाकर क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत को प्राथमिकता में रखने के निर्देश भी दिये। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जिला प्रभारी मंत्री से 33 केवी जीएसएस की मांग रखी जिस पर जिला प्रभारी मंत्री ने आगामी बजट में मांग को पुरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान करौली विधायक श्री दर्शन सिंह गुर्जर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जिले की आंगनबाड़ियों की मरम्मत हेतु बजट आवंटित कर दिया गया है। शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी।

\कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आमजन, ग्रामीणों सहित अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान दो छोटे बच्चों को पर्यावरण के प्रति स्वयं प्रेरित होकर पौधारोपित किया।

राष्ट्रीय जाट महासंघ ने स्मार्ट मीटर का किया विरोध

झुंझुनू। पुराना बस स्टैंड के पास राष्ट्रीय जाट महासंघ के जिला सचिव उमेद झाझडिया के नेतृत्व में बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध किया गया। झुंझुनू में ग्रामीणों ने बताया कि स्मार्ट मीटर में अनेक खामियां आ रही है, जिससे आम आदमी को दुःखी होना पड़ रहा है। बिजली विभाग द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया जा रहा, जिसका हम विरोध कर रहे हैं और जबरदस्ती मीटर किसी भी हाल में नहीं लगाने देंगे। जिला सचिव उमेद झाझडि?ा एवं योगेश भैड़ा ने बताया कि स्मार्ट मीटर योजना पर सरकार को तुरंत प्रभाव से रोक लगाकर इसे बंद किया जायें, अगर सरकार द्वारा इस योजना को बन्द नहीं किया जाता है तो फिर राष्ट्रीय जाट महासंघ आन्दोलन करेगा। इस अवसर पर रणवीर भैड़ा, श्रीराम, सांवरमल, ताराचन्द, राजू, पवन बलौदा, मनीराम मील, संजय कुमार व उज्ज्वल भैड़ा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

बलिगांव में स्थानांतरण शिक्षक को दी गई विदाई

देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार

पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के

बलिगांव गांव स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भौतिकी के शिक्षक विनय प्रभाकर के एल एन हाईस्कूल भगवानपुर में स्थांतरित होने पर मंगलवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलिगांव के परिसर में भव्य विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर हस्तांतरित शिक्षक को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य पुष्पा कुमारी की अध्यक्षता एवं अमरेंद्र कुमार के संचालन में आयोजित समारोह में मुख्य रूप से सुनील कुमार बैठा, राकेश कुमार,मदन कुमार पंडित, विश्वनाथ राय, विष्णु शंकर, अनुराग,अमोद,निभा, ज्योति, एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे। समारोह में स्थांतरित शिक्षक को अंगवस्त्र देकर एवं फुल माला पहनाकर शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं अभिभावकों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शिक्षक की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने ने छोटे से अवधी में ही विद्यालय के छात्र छात्राओं के पठन पाठन में अनोखी छाप छोड़ी थी। उनसे आशा है कि वह जहां भी रहेंगे छात्र छात्राओं के शिक्षा के प्रति उनकी ऐसी ही उमंग एवं लग्न रहेगी।

जयपुर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

जयपुर 29 जुलाई। जयपुर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर, जयपुर शहर दक्षिण, श्री संतोष कुमार मीणा की अध्यक्षता में हुआ। एडीएम ने मानसून की सक्रियता को देखते हुए दोनों नगर निगम एवं जेडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां बरसात का पानी एकत्रित होता है, वहां मड़ पम्प लगाकर पानी की निकासी करवाएं, नालो की साफ-सफाई व सड़को के गड्ढों को अविलम्ब भरवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि एनएचएआई द्वारा दर्शाए गए 23 ब्लैक स्पॉट, जिन पर अस्थाई सुधार के कार्य किए जाने के उपरान्त अतिरिक्त कार्य की आवश्यकता नही हैं,अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा डीसीपी पश्चिम की संयुक्त टीम बनाकर 15 दिवस में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कार्यो की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट निर्धारित समयावधि में देने के निर्देश दिए ।

उन्होने पेयजल, बिजली, सीवरेज आदि की लाइन डालने हेतु रोड़ कटिंग किए जाने वाले कार्य को विभागों को आपसी समन्वय के साथ करने के निर्देश दिए ताकि बार-बार रोड़ कटिंग के कारण आमजन को असुविधा न हो।

पुलिस उपायुक्त यातायात श्री सुमीत मेहरड़ा ने कहा कि टोल नाकों पर बनाये गए सभी केबिनों पर वाहन चालकों से टोल टैक्स लेने हेतु एजेन्सियों द्वारा पर्याप्त कार्मिकों की नियुक्ति की जाए। प्रत्येक पारी में कार्मिक सभी केबिनों पर नियुक्त हो ताकि वाहन चालकों का समय व्यर्थ न हो और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। वाहन चालको की सुरक्षा सुनिश्चित हो उन्हें साफ स्वच्छ शौचालयों की सुविधा उपलब्ध हो।दुर्घटनाग्रस्त वाहन चालको, सवारियों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले गुड समेरिटन को सम्मानित किया जाए। इनके बारे में अस्पताल एम्बुलेन्स, ब्लेक स्पोट्स स्टीकर, पोस्टर आदि लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। एडीएम ने जिले मे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट, सीट बेल्ट, तेज गति व वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग, अंडर रन प्रोटेक्शन डिवाइस, राजमार्गों पर अनाधिकृत पार्किंग, रिफलेक्टिव टेप इत्यादि के उल्लंघनों के विरूद्ध नियमित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एडीएम ने लाईसेन्स रहित वाहन चालको के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने, सड़क सुरक्षा क्लबों का गठन एवं उन्हें सक्रिय करने, साईकिल चालकों की सुरक्षा, विद्यालय में प्रवेश और निकास पर सावधानियां, बाल वाहिनी योजना के प्रावधानों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान एसई पीडब्लूडी श्री आर.के. सिंह सहित पुलिस विभाग, यातायात पुलिस, जयपुर विकास प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, सार्वजनिक निमार्ण विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सामुदायिक स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना पहला लक्ष्य: जिलाधिकारी .....

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सिवान, 29 जुलाई।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्धेश्य से स्वास्थ्य संस्थानों में हर तरह की सुख सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। क्योंकि सामुदायिक स्तर पर बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सीएचओ यानी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की होती है। इस संबंध में जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश ने बताया कि एचडब्ल्यूसी को एनक्यूएएस के मापदंडों पर खड़ा उतरते हुए बेहतर प्रदर्शन के आधार पर अंकों का निर्धारण होता है। जिसमें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए मॉडल टीकाकरण कॉर्नर, स्वच्छता, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, हॉस्पिटल इंफेक्शन, मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार, स्वच्छ व शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, परिसर की साफ-सफाई का इंतजाम, शौचालय की सुविधा सहित अस्पताल में शांत व स्वच्छ वातावरण के निर्माण को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। क्योंकि हमलोगों का प्रयास रहता है कि जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से अपने लाभार्थियों या निवासियों को हर तरह की सुख सुविधाएं उपलब्ध हो। क्योंकि शिशु मातृ मृत्यु दर को कम करने के साथ ही नियमित टीकाकरण, चिकित्सीय परामर्श, दवा के साथ ही शांत एवं स्वच्छ वातावरण का होना बहुत ज्यादा जरूरी होता है। सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस) को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ- साथ वैश्विक स्तर पर रोगियो के लिए विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाता है। हालांकि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के तहत आठ प्रकार जैसे- सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, इनपुट, सहायता सेवाएं, नैदानिक देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम को मुख्य रूप शामिल किया गया है।

जिसको लेकर जिले के 11 प्रखंडों के 11 स्वास्थ्य संस्थानों में जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश के मार्ग दर्शन में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणीकरण कराने के लिए पहली प्राथमिकताओ में शामिल किया गया है। जिसको लेकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश के आलोक में तैयारियां की जा रही है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुपालन की स्थिति को लेकर नियमित रूप से जिला सलाहकार गुणवत्ता यक ीन डॉ कुमार अभिमन्यु और एच डब्ल्यू सी के नोडल अधिकारी सह डीपीसी इमामुल होदा के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की जाती है। विभागीय स्तर पर रोगियो को मिलनी वाली स्वास्थ्य सुविधाएं और एच डब्ल्यूसी अपने एनक्यूएएस के मानकों पर खड़ा उतरने में कितना कारगर साबित हो रहा है।

भंटापोखर अवस्थित ई. वी. एम. एवं वी.वी.पैट वेयरहाउस का जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह-जिला पदाधिकारी सिवान एवं पुलिस अधीक्षक सिवान के द्वारा संयुक्त रूप से नियमित मासिक निरीक्षण किया गया

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सिवान,29 जुलाई 2025 मंगलवार।

को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी सिवान एवं पुलिस अधीक्षक सिवान के द्वारा संयुक्त रूप से ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट वेयरहाउस का नियमित मासिक निरीक्षण के क्रम में भंटापोखरअवस्थित ई.वी.एम एवं वी.वी.पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उप विकास आयुक्त सिवान,उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिवान सहित अन्य पदाधिकारी के साथ विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष/प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। ई.वी. एम एवं वी. वी. पैट वेयरहाउस के सुरक्षा में प्रतिनियुक्त सुरक्षाकर्मी को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिलाधिकारी सिवान के द्वारा निर्देश दिया गया कि ई. वी. एम एवं वी. वी. पैट वेयरहाउस के सुरक्षामानकों के अनुसार सुरक्षा सुनिश्चित करें। सुरक्षा व्यवस्था के तहत 24 . 7 सतत निगरानी की जानी है। सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से अधिष्ठापित सी. सी. टी. वी. 24 घंटे कार्यरत रहें, इसे सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निदेर्शों के अनुरूप एस.ओ. पी. का अनुपालन दृढ़ता से करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को निर्देशित किया गया।

राजस्थान पुलिस ने निकाली 'ग्राम रक्षक' स्वयंसेवकों की भर्ती

अपने गाँव की सुरक्षा में बनें भागीदारझ8वीं पास स्थानीय निवासियों को सुनहरा अवसर

देश का दर्पण न्यूज

संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी

राजस्थान पुलिस ने एक महत्वपूर्ण पहल के तहत ग्राम रक्षक के रूप में स्वयंसेवकों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह पद अवैतनिक होगा और चुने गए स्वयंसेवक 2 साल की अवधि के लिए अपने गाँवों में पुलिस के सहायक के तौर पर काम करेंगे। यह भर्ती राजस्थान पुलिस अधिनियम, 2007 और राजस्थान पुलिस (संशोधन) अध्यादेश, 2020 के प्रावधानों के तहत की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी कम्यूनिटी पुलिसिंग राजस्थान पंकज चौधरी ने बताया कि इस पहल में शामिल होने के लिए कुछ विशेष पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं:

"देश का दर्पण न्यूज" दैनिक समाचार पत्र का असर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने सीवान की दाहा नदी पर लिया संज्ञान:-

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सीवान, बिहार: सीवान की जीवनदायिनी दाहा नदी, जो अब शहर के नालों के दूषित पानी से एक जहरीले नाले में तब्दील हो चुकी है, को बचाने की मुहिम अब राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गई है। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने भी इस गंभीर पर्यावरणीय संकट पर संज्ञान लेते हुए बिहार के मुख्य सचिव को पत्र प्रेषित कर आवेदक को आगे की कार्रवाई की जानकारी देने को कहा है। यह घटनाक्रम सीवान की जनता और सामाजिक कार्यकताओं के संघर्ष को एक नई दिशा देता है।

जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और डीपीआर को जल्द मंजूरी की मांग

इस मुद्दे पर कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने अपनी चिंता व्यक्त की है और दाहा नदी के पुनरुद्धार के लिए तैयार विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (उढफ) को जल्द प्रशासनिक मंजूरी देने का अनुरोध किया है:

* भूतपूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह: उन्होंने 25 जुलाई 2025 को नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर दाहा नदी की दयनीय स्थिति पर प्रकाश डाला है। उन्होंने नालियों के सीधे बहाव से हो रहे प्रदूषण और ठक्रछ में दायर याचिका का हवाला देते हुए उढफको तुरंत स्वीकृति देने का आग्रह किया।

* वर्तमान सांसद श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी: सीवान की सांसद ने 12 जुलाई 2025 को प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार को पत्र लिखकर दाहा नदी की सफाई, सौंदर्यीकरण और अतिक्रमण मुक्ति के लिए तैयार उढफको तुरंत मंजूरी देने का आग्रह किया है। * वार्ड पार्षद वसीमा खातून: वार्ड संख्या 11, नगर परिषद सीवान की वार्ड पार्षद वसीमा खातून ने भी प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग को पत्र भेजकर उढफको जल्द प्रशासनिक मंजूरी देने का अनुरोध किया है, जो स्थानीय स्तर पर भी इस मुद्दे की गंभीरता को दशार्ता है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण की कोलकाता स्थित पूर्वी क्षेत्र पीठ में 21 मई 2025 को हुई सुनवाई ने इस मामले को और भी गति दी है। ठक्रछ ने 23 सितंबर 2024 को इस मामले का संज्ञान लेते हुए सीवान नगर परिषद सहित कई सरकारी विभागों को प्रतिवादी बनाया था। सुनवाई में नगर परिषद ने अनुपचारित सीवेज के बहाव से इनकार नहीं किया, लेकिन दावा किया कि नदी के पुनरुद्धार के लिए 43.96 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (उढफ) 2020 में तैयार की गई थी, जो अभी तक अनुमोदन के लिए लंबित है। यह तथ्य जिला और राज्य प्रशासन की घोर उपेक्षा को दशार्ता है, जहाँ एक महत्वपूर्ण परियोजना पाँच साल से अधिक समय से धूल फांक रही है।

सामाजिक कार्यकर्ता और डॉक्टरों की चिंता

सामाजिक कार्यकर्ता प्रयाग कुमार ने, जिन्होंने याचिका दायर की है, अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को ट्रांसफर-पोस्टिंग काम के आधार पर नहीं, बल्कि "चढ़ावे के आधार पर" मिल रही है। जाने-माने चिकित्सक डॉ. के. डी. शर्मा ने दाहा नदी के प्रदूषण से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गंदे पानी के कारण जलजनित बीमारियां, त्वचा संबंधी संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, सिवान के द्वारा ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का उद्घाटन समाहरणालय परिसर में किया गया है ....

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सिवान,29 जुलाई 2025 मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश के द्वारा समाहरणालय परिसर में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का 18 जुलाई 2025 को उद्घाटन किया गया था। वोटरों की मिल रही है जानकारी : बटन दबाकर डमी वोट देकर वीवी पैट की पर्ची का मिलान किया जा सकता है ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का उद्घाटन मतदाताओं के लिए, हर दिन खुला रहता है केंद्र जिला पदाधिकारी ने स्वयं ईवीएम का बटन दबाकर केंद्र का शुभारंभ किया था। इस दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारी गणों ने भी खुद बैलेट यूनिट का बटन दबाकर डमी वोट डाला और वीवीपैट की पर्ची से मिलान किया था।

डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग आसन्न विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर ईवीएम जागरूकता अभियान चला रहा है। इसका उद्देश्य मतदाताओं को ईवीएम और वीवी पैट के प्रयोग की जानकारी देना है। इससे मतदाताओं के बीच पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ेगी।

यह प्रदर्शनी केंद्र भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रेस नोट जारी किए जाने तक खुला रहेगा। केंद्र पर मतदाताओं को ईवीएम के प्रयोग की भौतिक और डिजिटल जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शन केंद्र हर कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता है। यहां गाइडलाइंस का पूरी तरह पालन किया जा रहा है। वोटर ट्रेनिंग और अवेयरनेस के लिए अलग मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है। इसके लिए बीयू,सीयू और वीवी पैट की पर्याप्त संख्या को चिन्हित कर आयोग के ईएमएस-0.2 पोर्टल पर मार्क किया गया है। इनकी सूची राजनीतिक दलों को भी दी गई है। इन मशीनों पर डमी बैलेट पेपर, चुनाव चिन्ह और ट्रेनिंग स्टिकर लगाए गए हैं। इनका उपयोग केवल प्रदर्शन, जागरूकता और प्रशिक्षण के लिए होगा। केंद्र पर तैनात कर्मियों को ईवीएम की हैंडलिंग, संचालन और मूवमेंट से जुड़ी सावधानियों की जानकारी दी गई है। मॉक वोटिंग के दौरान आगंतुकों के हस्ताक्षर पंजी में दर्ज किए जा रहे हैं। हर दिन डाले गए कुल मतों की गिनती, फोटो आदि की रिपोर्ट संबंधित नोडल अधिकारी के माध्यम से आयोग को भेजी जाएगी। वीवी पैट की पर्चियों को विनष्ट किया जाएगा। जिलाधिकारी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे केंद्र पर आकर ईवीएम की प्रक्रिया को समझें और जानकारी बढ़ाएं।

पुलिस अकादमी में अंगदान का लिया संकल्प

देश का दर्पण न्यूज

संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी

राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में ट्रेनी प्रशिक्षणार्थियों हेतु मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम की ओर से में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम मे अंगदान के संकल्प की अपील की। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के अंगदान - जीवन संजीवनी अभियान के अनुरूप सेमिनार के माध्यम से रवि कामरा , मुख्य वक्ता द्वारा अंगदान के संकल्प का संदेश दिया गया। समन्वयक श्रीमती भावना जगवानी द्वारा बताया गया कि अंगदान का प्रकल्प न सिर्फ सामाजिक बल्कि मानवता ,वैश्विक एवं देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण है। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति मृत्यु के पश्चात भी अंगदानकर 8 व्यक्तियों को जीवन दान दे सकता है। अंगदान जागरूकता हेतु कार्य कर रही संस्था मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम की टीम एवं संस हॉस्पिटल से डॉ धर्मेश द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को अंगदान हेतु संकल्प की प्रक्रिया बताई गई। कार्यक्रम में अजय गुप्ता भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 3 अगस्त को राष्ट्रीय अंगदान दिवस आयोजित किया जाता है। किंतु इस बार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर इस बार एक दिवसीय आयोजन के स्थान पर वर्ष पर्यंत जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने की सभी से अपेक्षा की गई है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने की मुलाकात

जयपुर, 29 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान श्री शर्मा ने राज्य के समग्र विकास तथा विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं के बारे में सार्थक चर्चा की।

उन्होंने प्रधानमंत्री को राज्य में संचालित केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में अवगत कराया। वहीं, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राजस्थान के विकास के लिए केन्द्र सरकार द्वारा निरंतर सहयोग के लिए आश्वस्त किया।

बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड/ प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सीवान आज दिनांक-29/07/2025 को जिला पदाधिकारी, सीवान की अध्यक्षता में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, सीवान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह

बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड/ प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सिवान, उप विकास आयुक्त, सीवान, जिला योजना पदाधिकारी सिवान /उपनिदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण पराधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क, पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, एवं अन्य पदाविकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड प्राप्त कर रहे 10 छात्रों को, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना अंतर्गत 19 एवं कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत 31 छात्रों को प्रमाण पत्र दिया गया।

इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने का आदेश दिया गया एवं जिला के के अधिक से अधिक युवाओं को योजना से लाभांवित करवाने का आदेश दिया गया।

काम के प्रति उदासीन अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाए- शासन सचिव , पशुपालन

जयपुर, 29 जुलाई। शासन सचिव, पशुपालन, गोपालन एवं मत्स्य डॉ समित शर्मा ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट घोषणा की क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को सक्रिय होकर काम करना होगा। डॉ शर्मा ने मंगलवार को पशुधन भवन के सभागार में आयोजित एक बैठक में काम के प्रति उदासीन अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में विभाग के निदेशक डॉ आनंद सेजरा, निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों सहित जिलों के लिए मनोनीत नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का नया भवन लोकार्पित–
कैबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने विद्यालय भवन का किया उद्घाटन

\जयपुर, 29 जुलाई। पाली जिले में मंगलवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के नव-निर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन समारोह पशुपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग कैबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुकांता मजूमदार एवं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी भी ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम शामिल हुए। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने वर्चुअल माध्यम से भवन का लोकार्पण किया। कैबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने विद्यालय भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया और शिलापट्ट का अनावरण किया।

धौलपुर- जिले के सभी बाँध ओवरफ्लो,चंबल नदी उफान पर,
चम्बल खतरे के निशान से 5.41 मीटर ऊपर, प्रशासन अलर्ट मोड पर

देश का दर्पण न्यूज, धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 29 जुलाई।
प्रदेश भर में बारिश का दौर जारी है। धौलपुर जिले में भी इस बार जोरदार बारिश के चलते जिले के सभी बाँध पार्वती, रामसागर, तालाब एशाही,हुसैनपुर,ताल,तलैयाआदि बाँध ओवरफ्लो हो रहे हैं।
15 जून से लेकर आज 29 जुलाई तक जिले 95.4%प्रतिशत बारिश हो चुकी है। उधर कोटा बैराज से कोटा बैराज के कैचमेंट क्षेत्र में बीते दिनों हुई लगातार भारी वर्षा के चलते चंबल नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बैराज के गेट खोलकर बड़ी मात्रा में जल निकासी की जा रही है, जिसका सीधा असर धौलपुर जिले पर पड़ रहा है। देर शाम मंगलवार को नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 5.41 मीटर ऊपर दर्ज किया गया। चम्बल का वर्तमान गेज 136.20 मीटर दर्ज किया गया है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने चंबल तट और पार्वती बांध पहुंचकर स्थिति का मौका निरीक्षण, किया है, राहत एजेंसियों को अलर्ट पर रखा
जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने मंगलवार स्वयं चंबल नदी के तट और पार्वती बांध पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ हालात पर नजर बनाए हुए है। आपदा प्रबंधन, चिकित्सा, जल संसाधन, विद्युत, पुलिस एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को अलर्ट पर रखा गया है। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क किया जाए और जरूरत पड़ने पर एहतियातन विस्थापन की व्यवस्था की जाए। उन्होंने फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लगातार निगरानी रखें, राहत सामग्री, नाव, मोटरबोट और आपात चिकित्सा टीमों को तैयार रखें तथा किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे नदी किनारे न जाएं, अफवाहों से बचें और प्रशासन द्वारा जारी सूचनाओं का पालन करें।
देश का दर्पण न्यूज भी आमजन से अपील करता है कि वे सभी नदी,नाले,झरनों,रपटों से दूर रहें और ऐसे स्थानों पर। सेल्फी व रील ना बनाएं और। सुरक्षित व सतर्क रहें।

राजस्थान में अपराधियों पर पुलिस का 'ऑपरेशन प्रहार': 2 दिन में 2903 बदमाश गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज
ब्यूरो रिपोर्ट सुरेन्द्र कुमार सोनी
राजस्थान पुलिस ने प्रदेश में अपराधियों, माफियाओं और आपराधिक गैंग्स के खिलाफ एक विशाल और सुनियोजित अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। महानिदेशक पुलिस राजस्थान श्री राजीव शर्मा के निर्देशन में 26 और 27 जुलाई को चलाए गए इस दो दिवसीय "एरिया डोमिनेशन" अभियान में कुल 2903 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है, जो राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
'आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय'झपुलिस का ध्येय वाक्य हुआ साकार
अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध श्री दिनेश एमएन ने बताया कि राजस्थान पुलिस के ध्येय वाक्य "आमजन में विश्वास एवं अपराधियों में भय" के अनुरूप इस राज्य स्तरीय अभियान को शुरू करने से पहले सभी जिलों और रेंजों द्वारा गहनता से तैयारी की गई थी। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए रेंज महानिरीक्षक, जयपुर और जोधपुर कमिश्नर स्वयं नियंत्रण कक्षों में मौजूद रहे, जबकि पुलिस अधीक्षकों और डीसीपी ने फील्ड में रहकर समन्वय स्थापित किया। एडीजीपी श्री एनएम ने बताया कि इस विशेष अभियान का मुख्य लक्ष्य उन गैंग्स को निशाना बनाना था जो आग्नेयास्त्रों का प्रदर्शन करते हैं या फायरिंग की घटनाओं में शामिल होते हैं। इसके अलावा, जघन्य अपराधों में वांछित अपराधी, स्थायी वारंटी, उद्घोषित अपराधी, इनामी बदमाश और सामान्य प्रकरणों में वांछित अभियुक्तों की भी बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां की गईं।
बदमाशों के 15,521 ठिकानों पर दबिश
अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एमएन ने बताया कि प्रदेश भर में अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान में राजस्थान पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। कुल 3104 टीमों द्वारा की गई कार्रवाई में बदमाशों के 15,521 ठिकानों पर दबिश दी गई, जिसमें विभिन्न अपराधों में संलिप्त 2,903 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।
417 कुख्यात अपराधियों सहित 2903 गिरफ्तार
इस अभियान के दौरान कुल 13164 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। अभियान में 417 कुख्यात अपराधियों को जघन्य अपराधों जैसे आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, हत्या, लूट, डकैती आदि में वांछित होने पर गिरफ्तार किया गया। साथ ही 1688 स्थायी वारंटी/उद्घोषित अपराधियों की धरपकड़ की गई।

जयपुर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित, वाहन चालको की सुरक्षा हेतु सड़कों के गड्ढे भरवाने के निर्देश

जयपुर 29 जुलाई। जयपुर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर, जयपुर शहर दक्षिण, श्री संतोष कुमार मीणा की अध्यक्षता में हुआ। एडीएम ने मानसून की सक्रियता को देखते हुए दोनों नगर निगम एवं जेडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां बरसात का पानी एकत्रित होता है, वहां मड़ पम्प लगाकर पानी की निकासी करवाएं, नालो की साफ-सफाई व सड़को के गड्ढों को अविलम्ब भरवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि एनएचएआई द्वारा दर्शाए गए 23 ब्लैक स्पॉट, जिन पर अस्थाई सुधार के कार्य किए जाने के उपरान्त अतिरिक्त कार्य की आवश्यकता नही हैं,अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा डीसीपी पश्चिम की संयुक्त टीम बनाकर 15 दिवस में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कार्यो की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट निर्धारित समयावधि में देने के निर्देश दिए ।
उन्होने पेयजल, बिजली, सीवरेज आदि की लाइन डालने हेतु रोड़ कटिंग किए जाने वाले कार्य को विभागों को आपसी समन्वय के साथ करने के निर्देश दिए ताकि बार-बार रोड़ कटिंग के कारण आमजन को असुविधा न हो।
पुलिस उपायुक्त यातायात श्री सुमीत मेहरड़ा ने कहा कि टोल नाकों पर

बनाये गए सभी केबिनों पर वाहन चालकों से टोल टैक्स लेने हेतु एजेन्सियों द्वारा पर्याप्त कार्मिकों की नियुक्ति की जाए। प्रत्येक पारी में कार्मिक सभी केबिनों पर नियुक्त हो ताकि वाहन चालकों का समय व्यर्थ न हो और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। वाहन चालको की सुरक्षा सुनिश्चित हो उन्हें साफ स्वच्छ शौचालयों की सुविधा उपलब्ध हो। दुर्घटनाग्रस्त वाहन चालको, सवारियों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले गुड समेरिटन को सम्मानित किया जाए। इनके बारे में अस्पताल एम्बुलेन्स, ब्लेक स्पोट्स स्टीकर, पोस्टर आदि लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। एडीएम ने जिले मे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट, सीट बेल्ट, तेज गति व वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग, अंडर रन प्रोटेक्शन डिवाइस, राजमार्गों पर अनाधिकृत पार्किंग, रिफलेक्टिव टेप इत्यादि के उल्लंघनों के विरूद्ध नियमित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एडीएम ने लाईसेन्स रहित वाहन चालको के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने, सड़क सुरक्षा क्लबों का गठन एवं उन्हें सक्रिय करने, साईकिल चालकों की सुरक्षा, विद्यालय में प्रवेश और निकास पर सावधानियां, बाल वाहिनी योजना के प्रावधानों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।
इस दौरान एसई पीडब्लूडी श्री आर.के. सिंह सहित पुलिस विभाग, यातायात पुलिस, जयपुर विकास प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, सार्वजनिक निमार्ण विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

हरयाळो राजस्थान के तहत एक पेड़ माँ के नाम महाभियान–
करौली में जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन–

जयपुर, 29 जुलाई। करौली जिला प्रभारी मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम के द्वारा हिण्डौन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खरैटा में हरयाळो राजस्थान के तहत जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरयाळो राजस्थान के तहत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रभारी मंत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश आमजन को दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़

माँ के नाम अभियान से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार हरियालो राजस्थान वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश को हरा-भरा बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। पिछले वर्ष 7 करोड़ के लक्ष्य के विरूद्ध हमारी सरकार ने जन सहभागिता के माध्यम से 7.25 करोड पौधे रोपित किये थे। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पेड़ों की पूजा की जाती है उन्हें भगवान माना जाता है पेड़ों से हमें ऑक्सीजन, जड़ी-बूटी, फल-फुल, छाया, स्वच्छ वातावरण, अच्छी बारिश मिलती है इसलिए हमारी संस्कृति में प्राचीन समय से ही अधिक से अधिक पेड़ लगाने की परम्परा रही है।
उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक पौधारोपण कर उसे संरक्षण प्रदान करने की भी बात की। जिला प्रभारी मंत्री ने बताया कि वर्षा को मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री ने स्कूलों, आंगनबाड़ियों व राजकीय भवनों की क्षतिग्रस्त इमारतों की मरम्मत के लिए प्रत्येक विधानसभा को 3-3 करोड़ रुपए दिये है

स्थापना का अमृत महोत्सव मनायेगी विधान सभा झ श्री देवनानी
विधान सभा को लोकतंत्र का जीवन्त स्थल बनाने में सहभागी बने

जयपुर, 29 जुलाई। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान विधान सभा अपनी स्थापना का अमृत महोत्सव मनायेगी। उन्होंने कहा कि विधान सभा गठन के 75वें वर्ष में प्रवेश के साथ अमृत महोत्सव के शुभारम्भ की रूप रेखा तैयार की जा रही है। श्री देवनानी मंगलवार को यहां विधान सभा में तीन अधिकारियों के सेवानिवृत्ति समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। श्री देवनानी ने सेवानिवृत्त होने वाले उप सचिव श्री बनवारी लाल मीणा, सहायक सचिव श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा और निजी सचिव श्री पुरुषोत्तम शर्मा को उनकी सेवा यात्रा के लिए सम्मानित किया।
लोकतंत्र का जीवन्त स्थल - श्री देवनानी ने कहा कि देश की श्रेष्ठ विधानसभाओं में शुमार राजस्थान विधान सभा लोकतंत्र का जीवन्त स्थल है। विधान सभा के राजनैतिक आख्यान संग्रहालय को प्रतिदिन आमजन देखने आते है। श्री देवनानी ने विधान सभा कर्मियों का आव्हान किया कि वे भी लोकतंत्र के इस पावन स्थल को जीवन्त बनाने में सहभागी बने।
राजस्थान विधान सभा प्रदेश की लोकतांत्रिक गरिमा का प्रतीक - विधान सभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा प्रदेश की लोकतांत्रिक गरिमा का प्रतीक है। इसकी प्रतिष्ठा और प्रभावशीलता सभी कर्मियों के परिश्रम और निष्ठा से ही सुनिश्चित होती है। इस मौके पर विधान सभा के प्रमुख सचिव श्री भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक श्री के.के. शर्मा, वरिष्ठ उप सचिव श्री पुरुषोत्तम शर्मा, राजस्थान विधान सभा कर्मचारी सहकारी साख समिति के अध्यक्ष श्री रवि जैन सहित विधानसभा के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। हिमाचल प्रदेश विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष ने देखी राजस्थान विधान सभा - राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी से मंगलवार को यहां राजस्थान विधान सभा में हिमाचल प्रदेश विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री राजीव बिंदल ने शिष्टाचार मुलाकात की। श्री देवनानी ने श्री बिंदल को राजस्थान विधान सभा का सदन और भवन का अवलोकन कराया। श्री देवनानी ने डॉ. जोशी को जन्मदिवस की दी बधाई झ राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी को उनके जन्मदिवस पर बधाई दी।

थिएटर के बाद अब यूट्यूब पर चमके 'सितारे जमीन पर', आमिर खान ने किया रिलीज!

जित मुंबई:- एक अनोखे और पहली बार लिए गए फैसले में आमिर खान ने अपनी नई फिल्म को थिएटर में रिलीज होने के तुरंत बाद यूट्यूब मूवीज-ऑन-डिमांड पर रिलीज करने का फैसला किया है, ताकि ये फिल्म दुनिया के हर कोने तक सस्ते और आसान तरीके से पहुंच सके। यह

साहसिक फैसला फिल्म रिलीज के तरीके को पूरी दुनिया में एक नया दिशा देता है। इस तरह से सितारे जमीन पर सिर्फ यूट्यूब पर ही देखने को मिलेगी और किसी भी दूसरे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज नहीं की जाएगी। आमिर खान ने आज ऐलान किया कि उनकी सुपरहिट थिएट्रिकल फिल्म सितारे जमीन पर अब 1 अगस्त 2025 से यूट्यूब पर पूरी दुनिया में रिलीज की जाएगी। यह एक साहसी और नया कदम है, जिसमें 2025 की सबसे कामयाब फिल्मों में से एक को सीधे लोगों के घरों तक पहुँचाया जाएगा। इस दिल को छू लेने वाली फैमिली ड्रामा में आमिर खान, जेनेलिया देशमुख के साथ-साथ 10 इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटी वाले कलाकार भी शामिल हैं। भारत में यह फिल्म ?100 में मिलेगी, जबकि अमेरिका, कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इंडोनेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और स्पेन समेत 38 देशों में यह लोकल प्राइसिंग के साथ उपलब्ध होगी। आमिर खान की सितारे जमीन पर, जो 2007 की क्लासिक तारे जमीन पर की स्पिरिचुअल सक्सेसर मानी जा रही है, प्यार, हंसी और समावेशिता का जश्न मनाती है। इस फिल्म ने लोगों के दिलों को गहराई से छू लिया है और अब तक दुनिया भर में ?250 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। अब दर्शक इसे एक छोटी सी फीस देकर यूट्यूब पर रेंट कर सकते हैं, जिससे हर घर और मोबाइल स्क्रीन बन जाएगा जनता का थिएटर। इस फैसले से प्रीमियम सिनेमा अब और ज्यादा लोगों के लिए आसान हो गया है, चाहे वो अपने घर में हों या सफर में, बस इंटरनेट कनेक्शन चाहिए। जिन दर्शकों ने इसे सिनेमाघर में मिस कर दिया या दोबारा देखना चाहते हैं, उनके लिए यह एक बढ़िया और आसान विकल्प है। भारत ही नहीं, दुनियाभर के नए दर्शकों तक पहुंचने के लिए सितारे जमीन पर में प्रमुख भाषाओं में सबटाइटल्स और डबिंग भी दी जाएगी। ह्यसितारे जमीन परह्ल की ऑनलाइन रिलीज यूट्यूब की बड़ी पहुंच और आसान तरीके से फिल्म दिखाने की सुविधा का फायदा उठाती है। आने वाले समय में आमिर खान प्रोडक्शंस की और भी पसंदीदा फिल्में इसी प्लेटफॉर्म पर दिखाई जाएंगी। यह खास साझेदारी दिखाती है कि यूट्यूब अब फिल्मों को थिएटर के बाद दिखाने का एक बड़ा और नया तरीका बन गया है। यूट्यूब की पहुँच भारत और दुनिया में बहुत ज्यादा है। कॉमस्कोर की रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में भारत में 18 साल से ऊपर के 5 में से 4 लोग यूट्यूब इस्तेमाल कर रहे थे। और पूरे दुनिया में, हर दिन यूट्यूब पर मनोरंजन से जुड़ी वीडियो 7.5 अरब से ज्यादा बार देखी गईं। लॉन्च पर बात करते हुए एक्टर-प्रोड्यूसर आमिर खान ने कहा, "पिछले 15 सालों से मैं इस बात की कोशिश कर रहा था कि उन लोगों तक कैसे पहुंचा जाए जो थिएटर तक नहीं जा सकते, या जो किसी वजह से थिएटर नहीं जा पाते।

फिलिस्तीन और गाजा में मानवीय संकट और नरसंहार तुरन्त समाप्त किया जाए:-सैयद सावतुल्लाह हुसैनी

देश का दर्पण न्यूज
फिलिस्तीन और गाजा की स्थिति एक गंभीर मानवीय संकट में बदल चुकी है, जिसे विश्व स्तर पर एक गंभीर अन्याय के रूप में मान्यता दी गई है। हर दिन हजारों निर्दोष नागरिक, जिनमें बच्चे और महिलाएं शामिल हैं,

हिंसा, भुखमरी और प्यास के कारण मारे जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोटों के अनुसार, गाजा में हर तीन में से एक नागरिक भुखमरी का शिकार है, और लाखों बच्चे कुपोषण के कारण मृत्यु के कगार पर हैं। हाल के घटनाक्रमों ने इस संकट की गंभीरता को उजागर किया है। इजरायल ने शुरू में कुछ क्षेत्रों को सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया था, यह आश्वासन देते हुए कि वहां कोई युद्ध नहीं होगा, लेकिन बाद में इन सुरक्षित क्षेत्रों में बमबारी करके 67 लोगों को मार डाला गया, जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे शामिल थे। हमारा दृढ़ विश्वास है कि यह केवल युद्ध नहीं है, बल्कि एक संगठित नरसंहार है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय, जिसमें प्रमुख शक्तियां शामिल हैं, इन कृत्यों को युद्ध अपराध और अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन मानता है।
चुपचाप बैठकर इस भयावह आसदी को निष्क्रिय रूप से देखना मानवता और मानवाधिकारों का अपमान है। यह वैश्विक समुदाय की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे अपनी आवाज उठाएं और इस नरसंहार को समाप्त करने की मांग करें। तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। युद्धविराम लागू करना होगा, मानवीय सहायता जरूरतमंदों तक पहुंचनी होगी, और इन अत्याचारों के लिए जिम्मेवार युद्ध अपराधियों को सजा मिलनी चाहिए। राफा सीमा पर सैकड़ों ट्रक राहत सामग्री लेकर खड़े हैं, जिन्हें गाजा में प्रवेश की अनुमति नहीं है। इस नाकेबंदी को समाप्त करना होगा ताकि आवश्यक सहायता प्रभावित आबादी तक पहुंच सके। भारत के मुस्लिम समुदाय और शांति-प्रिय नागरिकों की ओर से, हमने इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन न्याय की मांग और इस नरसंहार को समाप्त करने के लिए किया है। हम भारत सरकार की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में लिए गए रुख की सराहना करते हैं, जहां इसने इस नरसंहार को समाप्त करने की मांग की। हालांकि, हम मानते हैं कि यह पर्याप्त नहीं है। भारत के पास वैश्विक मंच पर नेतृत्व की भूमिका निभाने का एक सुनहरा अवसर है। ऐतिहासिक रूप से, भारत ने उत्पीड़ित राष्ट्रों और ग्लोबल साउथ का समर्थन किया है, और यह तीसरी दुनिया का नेतृत्व करने का एक महत्वपूर्ण क्षण हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत द्वारा उठाए गए कदमों का स्वागत करते हैं, लेकिन सरकार से और अधिक निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। भारत की ऐतिहासिक विरासत और वर्तमान कूटनीतिक स्थिति एक अनूठा अवसर प्रदान करती है, न केवल इस युद्ध को रोकने के लिए, बल्कि इस मानवीय संकट को हल करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए। हम भारत सरकार से आग्रह करते हैं कि वह आगे बढ़कर बहुत ही महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभाए

जन आधार एप्लीकेशन का नया वर्जन लॉन्च, जन आधार से संबंधित कार्य होंगे सुगम

देश का दर्पण न्यूज
संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा जन आधार एप्लीकेशन का अपग्रेडेड वर्जन लॉन्च किया गया है। विभाग की शासन सचिव श्रीमती अर्चना सिंह ने बताया कि इस नवीन एप्लीकेशन के आधुनिक इंटरफेस के माध्यम से जन आधार से संबंधित कार्यों को अधिक सुगम, सुरक्षित, और त्वरित रूप से संपादित किया जा सकेगा। जन आधार, राजस्थान के नागरिकों का परिवार पहचान कार्ड है, जिसका उद्देश्य विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सहज, सुलभ, और पारदर्शी तरीके से नागरिकों तक पहुंचाना है। इस नए वर्जन के प्रभावी संचालन के लिए संबंधित कार्मिकों को विभाग द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। किसी भी तकनीकी समस्या के समाधान के लिए दूरभाष संख्या 0141-2923373 अथवा ई-मेल पर संपर्क किया जा सकता है।

सुंदरबन के मैन्ग्रोव बचाने के लिए प्रशासनिक पहल, छात्रों को बांटे गए पौधे

रिपोर्टर: रमेश राय, पश्चिम बंगाल
पश्चिम बंगाल सरकार के वन विभाग (नामखाना रेंज) और सुंदरबन पुलिस जिला के सागर थाने की संयुक्त पहल पर दक्षिण 24 परगना ज़िले के गंगासागर स्थित बामनखाली एम.पी.पी. उच्च विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राकृतिक आपदाओं से लगातार क्षतिग्रस्त हो रहे सुंदरबन के मैन्ग्रोव वन को बचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदरबन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा ने विद्यालय परिसर में विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में सागर के एसडीपीओ सुमन कांति घोष, एसडीपीओ ट्रैफिक कमल माइती, सागर थाना प्रभारी अर्पण नायक, पंचायत समिति की अध्यक्ष साबीना बीबी, और विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरिंदम माइती सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, गाछ लागान, देश बाचान। हमने लगभग 1,000 छात्रों को पौधे वितरित किए हैं। आज की जलवायु समस्या का समाधान केवल वृक्षारोपण ही है। इसी के माध्यम से हम मैन्ग्रोव संरक्षण का संदेश देना चाहते हैं। एसडीपीओ सुमन कांति घोष ने बताया कि इस सप्ताह ह्लबनो सुजन सप्ताहह्ल के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि हरे-भरे जंगलों को बढ़ाया जा सके और द्वीप क्षेत्र को संरक्षित किया जा सके। से और अधिक निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। भारत की ऐतिहासिक विरासत और वर्तमान कूटनीतिक स्थिति एक अनूठा अवसर प्रदान करती है, न केवल इस युद्ध को रोकने के लिए, बल्कि इस मानवीय संकट को हल करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए। हम भारत सरकार से आग्रह करते हैं कि वह आगे बढ़कर बहुत ही महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभाए और सभी भारतीय नागरिकों से अपील करते हैं कि वे हमारी सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के माध्यम से इस नरसंहार और त्रासदी को समाप्त करने की पूरी मांग करें।

दो दिन का अवकाश घोषित

देश का दर्पण. दैनिक अखबार
न्यूज रिपोर्टर.राकेश कोठेनिया हलेना
भरतपुर...डीग जिले में भारी बारिश की चेतावनी को देखते स्कूलों में दो दिन का अवकाश घोषित। जिला कलेक्टर द्वारा उत्सव कौशल द्वारा 30 और 31 जुलाई को जिले में कक्षा 1 से 12 तक के सभी राजकीय और निजी, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए किया अवकाश घोषित लेकिन शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहकर करेंगे शैक्षणिक कार्य।

सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई

/रंजीत कुमार
देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार

पातेपुर के तिसिऔता थाना क्षेत्र के तिसिऔता गांव में सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार तिसिऔता गांव निवासी चंदन ठाकुर की पत्नी 32 वर्षीय खुशी देवी को विषैला सांप ने डस लिया। महिला की स्थिति चिंताजनक देखते हुए स्वजन इलाज के लिए मुजफ्फरपुर लेकर गये जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। स्वजन महिला के शव को लेकर जैसे ही गांव पहुंचे इसकी भनक तिसिऔता थाना की पुलिस को लग गई। भनक लगते ही पुलिस मृतिका के घर पहुंची एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। घटित घटना से सवजनों में कोहराम मच गया सवजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। मृतिका के दो छोटे छोटे बच्चे हैं।

जलनिकासी हेतु नगर पालिका द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा

बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट

नानपारा /बहराइच-चेयरमैन अब्दुल वहीद के निर्देश पर शहर की सफाई व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है और वर्षा को ध्यान रखते हुए जल निकासी की व्यवस्था के लिए बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चला जा रहा जिसमें प्रमुख नालों की सफाई कराई जा रही है गंगा प्रताप सिंह और सफाई नायक सैफी खान की देख रेख में सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

हरियाली तीज का त्यौहार बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया

बारी-

देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेंद्र बिधौलिया)29 जुलाई।

जिले के बाड़ी उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित स्थानीय परशुराम धर्मशाला में सनाढ्य ब्राह्मण महिला मंडल के द्वारा हरियाली तीज के अवसर पर हरियाली तीज का त्यौहार बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया।इस मौके पर महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता जिनमें मेहंदी, कुर्सी दौड, चम्मच दौड, कुर्सी, मल्हार गायन आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये।इस मौके पर सनाढ्य ब्राह्मण महिला मंडल बारी की अध्यक्षा संध्या शर्मा, पिंकी पचौरी,मोनिका शर्मा, मीना शर्मा,मालती शर्मा, संतोष पचौरी, सरोज शर्मा, दया शर्मा, आशा शर्मा, कुंजलता पचौरी, सुनीता बिधौलिया, तन्वी, हेमलता, विजया शर्मा, नीलम शर्मा आदि विप्र महिलायें एवं बालिकायें उपस्थित थी।

सांगानेर बाजार की जनसमस्याओं के समाधान के लिए व्यापार महासंघ सांगानेर के पदाधिकारी मिले राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मीटिंग करके समस्याओं से अवगत कराया

जयपुर में स्थित सिविल लाइन सीएम हाउस में व्यापार महासंघ सांगानेर के अध्यक्ष त्रिलोक चौधरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम चंद बच्चानी उपाध्यक्ष रामजीलाल शर्मा महामंत्री ओम प्रकाश शर्मा मंत्री मनोज टेलानी आदि पदाधिकारीयो ने राजस्थान लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सांगानेर की जनसमस्याओं सांगानेर बाजार में पार्किंग की व्यवस्था सुचारू हो सांगानेर बाजार एवं मालपुरा गेट अनाजमंडी नगर निगम रोड़ पर बारिश का पानी जलभराव होता हे इस समस्या का पुख्ता समाधान हो जनसमस्याओं से मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया मुख्यमंत्री जी ने इन सभी समस्याओं से अवगत हो कर कहा शीघ्र से शीघ्र सांगानेर बाजार की सभी जनसमस्याओं का समाधान हो जायेगा व्यापार महासंघ सांगानेर के पदाधिकारियों ने राजस्थान लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी को धन्यवाद दिया

सरपंच संघ पंचायती राज के प्रदेश अध्यक्ष चामुंडेरी सरपंच जसवंत राज मेवाड़ा बनने पर माला साफा पहनाकर बधाई दी

रिपोर्ट डीके देवासी

उपखण्ड बाली क्षेत्र के चामुंडेरी सरपंच बिना चुनाव हि बन गए, सरपंच संघ पंचायती राज के प्रदेश अध्यक्ष चामुंडेरी सरपंच जसवंत राज मेवाड़ा से ज्यादा अधिकार किसी के पास नहीं' होता सरपंच जागरूक होंगे तो पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करने का सपना पूरा होगा अगर सरपंच समस्या का समाधान करना चाहता है तो कोई भी ताकत रोक नहीं सकती जो अधिकार है, वह किसी के पास नहीं है न्यूज रिपोर्ट डीके देवासी देते हुए चामुंडेरी गांव पूर्व उप-सरपंच मोहनसिंह मेफावत सहित अन्य विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने माला साफा पहनाकर बधाई दी वही बाली में आयोजित होने वाली श्री दशा माताजी मंदिर विशाल भजन संध्या ध्वज कार्यक्रम व मेला महोत्सव कमेटी ने भी स्वागत कर कार्यक्रम में आमंत्रित करने का न्योता दिया

गांव मुंदड़ी के विकास को जल्द मिलेगी नई उड़ान: चंडीगढ़ में मंत्रियों से मिली सहमति : सतबीर मूंदड़ी

कैथल (कृष्ण प्रजापति): गांव मुंदड़ी के विकास कार्यों को लेकर आज चंडीगढ़ स्थित सिविल सचिवालय में एक अहम पहल देखने को मिली, जब गांव के पंचायत प्रतिनिधियों और समाजसेवियों का प्रतिनिधिमंडल हरियाणा सरकार के कई मंत्रियों से मिला। गांव के स्टेडियम, सामुदायिक केंद्र, सहकारी समिति और सोलर लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

प्रतिनिधिमंडल में युवा समाजसेवी सतबीर मूंदड़ी, पंचायत सदस्य ठाकुर शमशेर सिंह, कुलदीप सिंह,

कृष्ण कुमार आदि शामिल रहे।

खेल अधोसंरचना में होगा बड़ा सुधार :

प्रतिनिधिमंडल ने खेल मंत्री गौरव गौतम से मुलाकात कर गांव के स्टेडियम में चारदीवारी, रनिंग ट्रैक, शौचालय और अन्य जरूरी खेल सुविधाओं के निर्माण की मांग की। यह परियोजना लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण होगी।

मंत्री गौरव गौतम ने तत्काल कार्यवाही का भरोसा देते हुए कहा कि खेलों का विकास हमारी प्राथमिकता है।

नए सामुदायिक केंद्र को जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद :

पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से हुई बातचीत में गांव में एक नया सामुदायिक केंद्र (कम्यूनिटी सेंटर) बनाने की मांग रखी गई। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि गांव की बढ़ती आबादी और सामाजिक आयोजनों की जरूरतों को देखते हुए यह केंद्र अत्यंत आवश्यक है।प्रस्तावित लागत: 3 करोड़ रुपये है, मंत्री पवार ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए जल्द प्रक्रिया शुरू कराने का आश्वासन दिया।

सहकारी समिति का होगा पुनर्निर्माण :

सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा से मुलाकात में गांव की पुरानी समिति की चारदीवारी, मिट्टी ब्लॉक और कंडम घोषित बिल्डिंग को दोबारा बनाने की मांग रखी गई।

लागत: 1 करोड़ रुपये जिस पर मंत्री ने उनको भरोसा दिलाया कि जल्द इस दिशा में निर्माण कार्य की शुरूआत करवाई जाएगी।

गांव में जल्द जगमग होंगी सड़कों के बीच की लाइटें

लोकनिर्माण विभाग के मंत्री रणबीर सिंह गंगवा से ग्रामीणों ने डिवाइडरों के बीच सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग रखी गई। मंत्री गंगवा ने तत्परता दिखाते हुए इलेक्ट्रॉनिक विभाग को तुरंत निर्देश जारी कर कार्य प्रारंभ करवाने को कहा। इससे गांव की सड़कों की रोशनी और सुरक्षा दोनों बढ़ेगी। समाजसेवी सतबीर मुंदड़ी ने सभी मंत्रियों का ग्राम पंचायत और समस्त ग्रामवासियों की ओर से धन्यवाद किया।

पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर का खास रिश्तेदार अशोक डोगर पर 60 लाख की ठगी के आरोप में दर्जनों केस, गिरफ्तार

कैथल (कृष्ण प्रजापति): हरियाणा की राजनीति में बड़ा झटका सामने आया है, जब पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर के सबसे करीबी और सगे मामा का बेटा अशोक डोगर उर्फ अशोक भूना को कैथल पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के नेतृत्व में एक विशेष कार्रवाई के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। अशोक पर 60 लाख रुपये की ठगी, दर्जनों आपराधिक मुकदमे, और विदेश भेजने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप हैं।

रसूख के बावजूद गिरफ्तारी से नहीं बच सका अशोक

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अशोक डोगर को कुलवंत बाजीगर के गांव कल्लरमाजरा स्थित निवास से सुबह 3 बजे दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम लंबे समय से अशोक की गतिविधियों पर नजर रख रही थी। वह बाजीगर की कोठी में छिपा बैठा था और कई दिनों से पुलिस को चकमा दे रहा था।बताया जा रहा है कि अशोक पर सीवन थाना में दर्ज धोखाधड़ी, ठगी, मारपीट और आर्म्स एक्ट सहित 326, 120बी, 452, 316, 318, 6बीएनएस, 307, 506, 363, 364, 366ए जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

कुलवंत बाजीगर की राजनीतिक पकड़ भी नाकाम

कहा जा रहा है कि पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने अशोक को गिरफ्तार होने से बचाने के लिए एसपी आस्था मोदी से कई बार व्यक्तिगत मुलाकातें कीं, यहां तक कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी सिफारिश की, लेकिन किसी ने उन्हें राहत नहीं दी।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में चंडीगढ़ स्थित अपने निवास पर कुलवंत बाजीगर को इस मामले में कड़ी फटकार भी लगाई थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूछताछ में अशोक डोगर ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उसने बताया कि कुलवंत बाजीगर के कार्यालय के पांच कर्मचारी, अशोक खुद, और एक प्राइवेट स्कूल ने मिलकर विदेश भेजने के नाम पर लोगों से वीजा शुल्क के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी की। इस गैंग में चीका के एक पत्रकार का नाम भी सामने आ रहा है। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर रही है। अशोक डोगर की निशानदेही पर मनोज कुमार निवासी पटियाला को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे भी गुहला कोर्ट में पेश किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, अशोक पिछले 6 महीनों में सीवन थाना क्षेत्र में झूठे मेडिकल प्रमाण पत्रों के आधार पर चार मुकदमे (धारा 326 के तहत) दर्ज करवा चुका था।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के राजस्थान पर्यटन को देश दुनिया का सिरमौर बनाने के लिए किये जा रहे प्रयास ला रहें हैं रंग–

जयपुर 29 जुलाई। उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी की ओर से राजस्थान पर्यटन को देश दुनिया का सिरमौर बनाने के लिए किये जा रहे प्रयास रंग ला रहें हैं। इसी का सुपरिणाम है कि राजस्थान पर्यटन के ताज में एक के बाद एक उपलब्धियों के रत्न जड़ित होकर शोभा बढ़ा रहें हैं।

प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति राजेश यादव ने बताया कि राजस्थान के सांस्कृतिक, ग्रामीण, वन्य, धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन क्षेत्रों के विकास के लिए किए जा रहें बेहतरीन कार्यों, बजट के द्वारा आधारभूत पर्यटन सुविधाओं के विकास सहित जयपुर में आईफा का शानदार आयोजन, भव्य तीज महोत्सव के आयोजनों से राजस्थान पर्यटन को शिखर की ओर अग्रसर करने के प्रयास निरंतर किये जा रहें हैं। पावणों की आवभगत और अपनी शाही पहचान के लिए विख्यात जयपुर को प्रतिष्ठित ट्रेवल एंड लेजर पत्रिका के रीडर्स सर्वे और वोटिंग में दुनिया के घूमने-देखने लायक टॉप-5 शहरों में शामिल कर, पांचवां स्थान मिलने के बाद अब राजस्थान पर्यटन को "सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक गंतव्य" का पुरस्कार मिला है।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आई क्रिएटिव माइंड्स की ओर से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने पर राजस्थान पर्यटन विभाग को बधाई दी है। प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति राजेश यादव ने बताया कि सोशल मीडिया प्रचार प्रसार, पर्यटकों तथा पर्यटन विशेषज्ञों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर राजस्थान पर्यटन को "सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक गंतव्य" का पुरस्कार 26 जुलाई (शनिवार) को नई दिल्ली में आई क्रिएटिव माइंड्स द्वारा आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन एवं ट्रैवल पुरस्कार समारोह के दौरान दिया गया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से संयुक्त निदेशक पर्यटन, अजय कुमार शर्मा द्वारा यह पुरस्कार ग्रहण किया गया। उल्लेखनीय है कि आई क्रिएटिव माइंड्स समूह पर्यटन उद्योग के क्षेत्र में गत 25 वर्षों से कार्य कर रहा है। समूह द्वारा पर्यटन सम्मेलनों, उद्योग बैठकों, प्रदर्शनियों, देश के राज्यों, एयरलाइनों, पर्यटन विशेषज्ञों के मध्य समन्वय एवं पर्यटन पत्रिका ट्रैवल मेल के माध्यम से पर्यटन का प्रचार प्रसार किया जाता है।

खुले नाले बने जानवरों के लिए मौत का कुआँ

झुंझुनू। सरकारी सिस्टम की फ्लॉप शो कहें या जिम्मेदारों की बदजुबानी हालात यह हैं कि इस्लामपुर ग्राम पंचायत में गंदे पानी की निकासी के लिए नालों का निर्माण तो करवा दिया गया लेकिन उन्हें ढकना भूल गए। नतीजा यह खुले नाले अब जानवरों के लिए मौत का कुंआ बन गए हैं। आए दिन सांड और अन्य मवेशी इन गहरे नालों में गिर जाते हैं जिन्हें बड़ी मुश्किल से ग्रामीणों और गौसेवकों की मदद से निकाला जाता है। बचाव कार्य में मनिंदर स्वामी, सुरेश शर्मा माखर, श्याम सुंदर सैनी, अंकित सैनी इस्लामपुर का अहम योगदान रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह समस्या एक-दो दिन की होती तो बात अलग थी लेकिन यह हालात लंबे समय से नासूर का रूप ले चुके हैं। कई बार इस विषय में इस्लामपुर एवं माखर पंचायत के सरपंचों को अवगत करवाया गया, मगर उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। सरकार गौसेवा की बातें करती है लेकिन जमीनी स्तर पर हालात बेहद नाजुक हैं। खुले नालों में गिरकर कई पशु घायल हो चुके हैं और रोजाना हादसे का खतरा बना रहता है। ग्रामीण प्रशासन से तुरंत नालों को ढकने की मांग कर रहे हैं ताकि मूक जीवों की जान बच सके।

आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

झुंझुनू। भारतीय मजदूर संघ से संबंधित आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ ने जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा कंवर की अगुवाई में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में ई केवाईसी फेश कैप्चर नहीं होने, कार्य समय से ज्यादा काम करवाने व विभिन्न प्रकार के भुगतान बिजली व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था, जर्जर भवन आदि समस्याओं के निराकरण हेतु कार्यकताओं ने अपनी मांगे रखी। आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ महामंत्री अनीता ने बताया कि अल्पवेतन मानदेय कर्मियों को प्रताड़ित नहीं किया जाए। भारतीय मजदूर संघ जिलामंत्री संदीप धाभाई ने कहा कि आंगनवाड़ी कर्मियों की वाजिब मांगों पर यदि सरकार ध्यान नहीं देती है

महावीर इंटरनेशनल का रजत जयंती स्थापना दिवस समारोह आयोजित

झुंझुनू। स्काउट गाइड मैदान में महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू का सिल्वर जुबली वार्षिक समारोह मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र सिंह भांबू के सानिध्य में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि पूर्व आईजीपी प्रसन्ना कुमार खमेसरा व महावीर इंटरनेशनल की महिला सशक्तिकरण एवं चाइल्ड केयर की डायरेक्टर वीरा डॉ रश्मि सारस्वत तथा जयपुर से सरिता शिवरान सीकर की बेटी और समाज सेविका महावीर इंटरनेशनल वाइब्रेंट जयपुर की सक्रिय सदस्य। संस्था चेयरमैन वीर सत्यदेव दडि?ा ने आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया तथा संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। खमेसरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पच्चीस वर्ष पहले जब में यहां झुंझुनू में पुलिस उप अधीक्षक के रूप में कार्यरत था तब शहर के गणमान्य समाज के लोगों ने पीड़ित मानव की सेवा करने का संकल्प लिया था वो आज तक निरन्तर जारी है। यह एक सुखद अनुभव है। महावीर इंटरनेशनल अपेक्स से महिला सशक्तिकरण चाइल्ड एंड केयर की निदेशक वीरा रश्मि सारस्वत ने इस साल बने नए बीस सदस्यों को शपथ दिलाई तथा अपने उद्बोधन में स्वावलंब व महिला सशक्तिकरण पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए संस्था के दो सदस्यों द्वारा भेंट की गई दो सिलाई मशीन जरूरत महिलाओं को सिलाई मशीन भी प्रदान की गई एवं झुंझुनू केंद्र द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की। झुंझुनू विधायक राजेंद्र सिंह भांबू ने अपने उद्बोधन में संस्था द्वारा किए गए सेवा कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं पीड़ित मानव की सेवा के लिए तत्पर हर संभव प्रयास का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित एक स्मारिका कोहिनूर का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया।

इसके संपादक वीर जाकिर अली सिद्दीकी ने संस्था के 25 वर्षों में किए गए सेवा कार्यों पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सचिवों द्वारा उनके अनुभव का उल्लेख भी किया किया गया है।

संस्था सचिव वीर पुष्कर जांगिड़ ने अपने ढाई साल के कार्यकाल का सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संस्था के सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्यों के लिए वीर पवन कुमार कुमावत को महावीर सम्मान से नवाजा गया। स्व. डॉक्टर सलाउद्दीन चौपदार एजुकेशन ट्रस्ट के द्वारा झुंझुनू जिले के एक सर्वश्रेष्ठ समाजसेवक के रूप में ट्रॉफी प्रदान की जाती है जो इस बार वीरा रुक्मणी भेड़ा को झुंझुनू जिले की सर्वश्रेष्ठ समाजसेवी महिला होने के सम्मान से नवाजा गया। जिन्होंने लगभग पांच सौ गरीब एवं जरूरतमंद बच्चियों की शादी करवाई है।

चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

झुंझुनू। झुंझुनू जिले की उदयपुरवाटी पंचायत समिति अंतर्गत केड ग्राम पंचायत में स्थित चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर को माँग पत्र प्रस्तुत किया। समाजसेवी सुभाष कश्यप ने मंत्री के जयपुर स्थित राजकीय आवास पर भेंट कर केड ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम खटकड़, केड, नंगली निर्बाण एवं कीरपुरा की चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की। केड निवासी सुभाष कश्यप ने झुंझुनू भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं ओबीसी आयोग सदस्य पवन मावण्डिया, भाजपा नेता विश्वम्भर पूनिया, जिला महामंत्री सरजीत चौधरी एवं लोकसभा विस्तारक मोहन सिंह मेहरा के साथ पत्र प्रस्तुत कर बताया कि केड, कीरपुरा, खटकड़ एवं नंगली निर्बाण में एक हजार से अधिक चारागाह भूमि है उक्त सम्पूर्ण भूमि पर कब्जा है। संवेदनशील मंत्री मदन दिलावर ने जिला कलेक्टर को मोबाइल पर संवाद कर अविलम्ब अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। हाल ही में राज्य सरकार ने चारागाह समिति को क्रियाशील करने एवं अतिक्रमण हटाये जाने बाबत ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग राजस्थान सरकार सरकार द्वारा 22 जुलाई को राज्य की जिला परिषदों के सभी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को आदेश जारी कर ग्राम पंचायतों के माध्यम से चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर इनके रख रखाव व विकास के निर्देश दिए थे। उक्त आदेश की पालना हेतु मंत्री को अतिक्रमण मुक्त करवाने बाबत सबसे पहले केड का प्रकरण ही प्राप्त हुआ है अतः मंत्री ने तुरंत कार्यवाही करते हुए झुंझुनू कलेक्टर को अतिक्रण हटाने के लिए कहा।

सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भंडारा कार्यक्रम कल

झुंझुनू। नगर युवा संघ, झुंझुनू द्वारा गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के पावन अवसर पर तृतीय विशाल संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन 31 जुलाई गुरुवार को सायं सवा 7 बजे से छावनी नरेश बालाजी मंदिर, झुंझुनू में किया जा रहा है। इस शुभ आयोजन के प्रचार हेतु कार्यक्रम के पोस्टर का भव्य विमोचन महामंडलेश्वर डॉ. अर्जुन दास महाराज, श्री श्री 108 बाबा आनंद गिरी महाराज, प्रान्त सह धमार्चार्य प्रमुख रामानन्द पाठक के पावन करकमलों द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने हिन्दू समाज से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक आयोजन में भाग लें एवं भगवान हनुमानजी की कृपा प्राप्त करें। कार्यक्रम में विशेष रूप से महंत बालक नाथ योगी महाराज (विधायक तिजारा अलवर), स्वामी बालमुकुंद आचार्य महाराज, (विधायक हवामहल जयपुर), संत नवरत्न गिरी महाराज (खासोली धाम, चूरू) एवं बाबा आनंद गिरी महाराज (श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर, झुंझुनू) की पावन उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर अशोक प्रजापति, सुशील प्रजापति, रोहन सैनी, पिंटू कुमावत, बगड़ व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह शेखावत, अनिल कुमावत, रोहित स्वामी, हितेश, किशन सिंह पंवार, अशोक सैनी, डॉ अशोक कुमावत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंडर 23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन

झुंझुनू। राजस्थान एथलेटिक्स संघ एवं योगी स्टेडियम झुंझुनू के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंडर 23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का स्वर्ण जयंती स्टेडियम झुंझुनू में उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह गुर्जर महासचिव राजस्थान ओलंपिक संघ थे। समारोह की अध्यक्षता डॉ महेंद्र सिंह सोलंकी न्यायाधीश झुंझुनू द्वारा की गई। देवनारायण गुर्जर सचिव राजस्थान एथलेटिक संघ, दुर्गा शंकर शर्मा अध्यक्ष फाइनेंस कमेटी, शंकरलाल बुनकर चीफ कोच, जयसिंह धनखड़ अंतर्राष्ट्रीय अवार्डी, मनीराम नायक पूर्व खेल अधिकारी, संगीता योगी उपाध्यक्ष राजस्थान बॉक्सिंग संघ, कार्तिक शर्मा कोषाध्यक्ष राज. एथलीट संघ विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय कोच एवं आयोजन सचिव सुभाष योगी एवं उनकी टीम द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

20000 मीटर रेस वॉक पुरुष में बाबूलाल जाट कोटा प्रथम, अभिजीत अजमेर द्वितीय, हिमांशु अलवर तृतीय, महिला वर्ग में दीपिका शर्मा झुन्झुनू प्रथम, संतोष भांभू बीकानेर द्वितीय, पूजा सुथार भीलवाड़ा तृतीय। डिस्कस थ्रो पुरुष में सुमित कुमार चुरू प्रथम, सचिन चुरू द्वितीय, सुमित पूनिया चुरू तृतीय, महिला वर्ग में किरण चुरू प्रथम, प्रियांशी कुल्हार जयपुर द्वितीय, अंशु कुमारी चुरू तृतीय। 400 मीटर दौड़ पुरुष में अंकित कुमार कसवां प्रथम, राहुल द्वितीय, करण सिंह तृतीय, आयशा खानम कोटा प्रथम, रमा तंवर जोधपुर द्वितीय, सरोज कंवर चुरू तृतीय। हाई जंप पुरुष में श्याम सुंदर श्रीगंगानगर प्रथम, हिमांशु यादव अलवर द्वितीय, पुष्पेंद्र कुमार अलवर तृतीय महिला झुन्झुनू तृतीय। 100 मीटर दौड़ पुरुष में तेज राठौड़ कोटा प्रथम, जैसन जयपुर प्रथम, प्रीति चुरू द्वितीय, सबीना झुन्झुनू तृतीय।

वह दिन दूर नहीं, जब पीओके के लोग भारतीय शासन व्यवस्था का हिस्सा होंगे : राज्यसभा में बोले राजनाथ सिंह

नई दिल्ली । ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न पर राज्यसभा में चर्चा करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे विपक्ष के कुछ मित्र यह भी कह रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके पर कब्जा कर लेना चाहिए था। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसे लेकर उन्हें हैरानी होती है कि विपक्ष के सदस्य अपने मन की बात कह रहे हैं या सिर्फ दिखावा कर रहे हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा, "जब मैं विपक्ष के अपने साथियों से यह बातें सुनता हूं, तो मुझे आश्चर्य होता है कि ये लोग मन से यह बातें कर रहे हैं या फिर सिर्फ दिखावा कर रहे हैं। जो भी हो, हमेशा से ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का और खुद मेरा भी यह स्टैंड रहा है कि वह दिन दूर नहीं जब पीओके के लोगों को भारतीय शासन व्यवस्था का अंग बनने का सौभाग्य प्राप्त होगा।"

रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की कहानी ऐसी ही है; वह हमेशा किसी न किसी बाहरी शक्ति के दबाव में आता रहता है। आज पाकिस्तान की पीठ पर एक नहीं, अनेक बेताल बैठे हुए हैं, जो उसे प्रगति की राह पर जाने ही नहीं दे रहे। भारत चाहता है कि आतंकवाद पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया से खत्म हो, क्योंकि यह पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है।

उन्होंने कहा, "आज विपक्ष के हमारे साथियों का पीओके प्रेम देखकर मुझे एक



गजल भी याद आ रही है, जिसका एक शब्द बदलकर मैं सुना रहा हूं। पीओके लुटने का सबब, पूछो न सबके सामने, नाम आएगा तुम्हारा, ये कहानी फिर सही।"

रक्षा मंत्री ने कहा कि देर से ही सही, अगर विपक्ष के हमारे साथियों को सद्बुद्धि आई है, तो मैं उन्हें आश्वस्त करता हूं कि यदि देश की जनता का आशीर्वाद रहा और ईश्वर की इच्छा रही, तो वह दिन दूर नहीं जब पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों की भी घर वापसी होगी। मुझे विपक्ष के अपने साथियों की इस मांग पर इसलिए आश्चर्य हो रहा है क्योंकि विपक्ष में जो लोग आज बैठे हैं, जब उनकी सरकार थी, तो इन्होंने जो काम किया, वह आज की मांग के ठीक विपरीत है। मैं उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल का रहने वाला हूं, बनारस का रहने वाला हूं, और हमारी तरफ एक कहावत है कि ह्यबाप मरा अंधियारे मा, बेटवा क नाम पावर हाउस। यानी बाप जीवन भर अंधेरे में रहा और बेटे ने अपना नाम पावर हाउस रख लिया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब विपक्ष के हमारे मित्र देश की शासन व्यवस्था चला रहे थे, तो उन्होंने और उनके पॉलिटिकल सीनियर्स ने भारत में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान पर कोई कार्रवाई नहीं की क्योंकि उन्हें डर था कि पाकिस्तान एक परमाणु हथियार वाला देश है।

उन्होंने कहा, "आज जब हम पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं, तो मुझे इस अंधेरे और पावर हाउस वाली बाप-बेटे की कहानी याद आ रही है। आज जब वे देश के अलग-अलग हिस्से में जाते हैं, तो उन्हें भारत की जनता का, भारतीय जनता पार्टी के इस विजन के प्रति अटूट विश्वास दिखाई पड़ता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की मुलाकात, राजस्थान के विकास पर चर्चा

नई दिल्ली/जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मिलकर राजस्थान के विकास पर चर्चा की। सीएम ने उनके दूरदर्शी नेतृत्व एवं निरंतर सहयोग के लिए राजस्थान की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने नई ऊंचाइयों को छूते हुए विश्वपटल पर अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्वयं को स्थापित किया है। उनके कुशल मार्गदर्शन में पिछले डेढ वर्ष से राजस्थान निरंतर विकास की सभी बाधाओं को पार करता जा रहा है और नई ऊंचाइयां छू रहा है।

हमारी डबल इंजन की सरकार लगातार राजस्थान को एक आदर्श राज्य बनाने की दिशा में कार्य कर रही है, जहां प्रत्येक किसान, युवा, महिला, गरीब और वंचित वर्ग को न्याय मिल रहा है और वे अपनी पूर्ण क्षमता के साथ सम्मान युक्त जीवन जी रहे हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने आने वाले समय में राजस्थान को और अधिक सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

दिल्ली : सिविल लाइंस में भारी बारिश के कारण गिरी कॉलोनी की दीवार, दो की मौत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में मंगलवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां बारिश के कारण दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

यह घटना सिविल लाइंस इलाके में स्थित सहगल कॉलोनी की है। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह से हो रही भारी बारिश के कारण कॉलोनी में स्थित करीब 15 फीट ऊंची दीवार अचानक ढह गई, जिसके मलबे में दबकर दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली अग्निशमन सेवा को मंगलवार सुबह 9:40 बजे हादसे की सूचना मिली। बताया गया कि एक निमार्णाधीन इमारत की दीवार गिर गई है। दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया।

गौतम सहगल ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 9:40 बजे के आसपास पता चला कि दीवार ढह गई है। इस हादसे का कारण कुछ प्राइवेट बिल्डर हैं, जो दीवार के पीछे कोई अवैध निर्माण कर रहे थे। उन्होंने एक दीवार बनाई थी, जिसका भार हमारी कॉलोनी की दीवार पर आया और वह बारिश के कारण अचानक गिर गई। इस हादसे में चार लोग दब गए थे, जिनमें दो की मौत हुई है और दो घायल हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारी कॉलोनी दिल्ली के उपराज्यपाल के आवास से महज 50 मीटर की दूरी पर है। इसके बावजूद यहां अवैध निर्माण का काम चल रहा है। मैं मांग करता हूं कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

कॉलोनी में रहने वाले दीपक खन्ना ने बताया कि बारिश के कारण कॉलोनी की दीवार गिरी है। इस हादसे में दो की मौत हुई है, जबकि दो घायल हैं।

फिलहाल घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय निवासियों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

आईवियर कंपनी लेंसकार्ट लेकर आ रहा 2150 करोड़ रुपए का आईपीओ

नोएडा । लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड भारत की अग्रणी ओमनी-चैनल आईवियर रिटेलर, जिसने किफायती और फैशनेबल प्रिस्क्रिप्शन चश्मे, धूप के चश्मे और कॉन्टैक्ट लेंस की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की है, ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर दिया है।

यह ऑफर रु 21,500 मिलियन (रु 2150 करोड़) के नए इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और कुछ मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 132,288,941 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल करता है। ओएफएस में बेचने वाले शेयरधारकों में प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स जैसे पीयूष बंसल, नेहा बंसल, अमित चौधरी और सुमीत कपही शामिल हैं, साथ ही इन्वेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर्स जैसे SVF II लाइटब्लब (केमैन) लिमिटेड, श्रोडर्स कैपिटल प्राइवेट इक्विटी एशिया मॉरीशस लिमिटेड, पीआई ऑपर्चुनिटीज फंड - II, मैक्रिटची इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, केदारा कैपिटल फंड II एलएलपी, और अल्फा वेव वेंचर्स एलपी भी शामिल हैं।

कंपनी डीआरएचपी फाइल करने से पहले रु 430 करोड़ तक का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट कर सकती है। यदि ऐसा किया जाता है, तो यह फ्रेश इश्यू के आकार से कम हो जाएगा। कंपनी आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग विभिन्न रणनीतिक पहलों के लिए करने का प्रस्ताव करती है, जिसमें भारत में नए कंपनी-संचालित कंपनी-स्वामित्व वाले (CoCo) स्टोर स्थापित करने के लिए पूंजीगत व्यय (कैपेक्स); इन CoCo स्टोर्स के लिए लीज, किराए और लाइसेंस समझौतों से संबंधित भुगतान; प्रौद्योगिकी और क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश; ब्रांड जागरूकता बढ़ाने के लिए ब्रांड मार्केटिंग और व्यवसाय प्रचार; संभावित अज्ञात अकार्बनिक अधिग्रहण (इनऑर्गेनिक एक्विजिशन); और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य शामिल हैं।

2008 में स्थापित, लेंसकार्ट ने 2010 में भारत में एक ऑनलाइन व्यवसाय के रूप में परिचालन शुरू किया और 2013 में नई दिल्ली में अपना पहला रिटेल स्टोर खोला। उनका मानना है कि स्पष्ट दृष्टि व्यक्तिगत विकास और भलाई के लिए मौलिक है और उनका लक्ष्य "सभी के लिए आईवियर" की पहुंच, सामर्थ्य और गुणवत्ता में सुधार के लिए एक टेक-सक्षम आपूर्ति और वितरण प्रणाली का निर्माण करना है।

आज, ब्रांड का व्यवसाय डिजाइनिंग, विनिर्माण, ब्रांडिंग और रिटेलिंग तक फैला हुआ है और यह भारत में सबसे बड़े आईवियर रिटेल नेटवर्क का संचालन करता है, जिसकी मेट्रो, टियर 1 और टियर 2+ शहरों के साथ-साथ दक्षिण पूर्व एशिया और मध्य पूर्व में भी मजबूत अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति है।

ब्लैक मनी : सरकार ने 10 वर्षों में 35,104 करोड़ रुपए की कर मांग और जुमार्ना लगाया

नई दिल्ली । केंद्र ने 1 जुलाई, 2015 से 31 मार्च, 2025 के दौरान काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत किए गए आकलन के परिणामस्वरूप 21,719 करोड़ रुपए की कर मांग उठाई है।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 की विभिन्न धाराओं के तहत लगाए गए जुमार्ने के कारण 13,385 करोड़ रुपए की मांग 31 मार्च, 2025 तक की गई है।

उन्होंने कहा, "1 जून 2015 से 31 मार्च 2025 तक, काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के अंतर्गत

कर, जुमार्ना और ब्याज की मांग के विरुद्ध 338 करोड़ रुपए की वसूली की गई है। हालांकि, क्योंकि संग्रह विशिष्ट देशों या विदेशी होल्डिंग्स के प्रकारों से संबंधित नहीं हैं, इसलिए स्विस जमा या विदेशी खातों से संबंधित वसूली के लिए अलग से आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।"

इसके अलावा, उन्होंने बताया कि 31 मार्च, 2025 तक, काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 163 अभियोजन शिकायतें दर्ज की गई हैं।

इस प्रकार की जांच क्षेत्राधिकार प्राधिकारियों द्वारा मामला-दर-मामला आधार पर की जाती है।

राज्य मंत्री के अनुसार, अघोषित विदेशी आय या संपत्ति के मामलों में उत्पन्न कर की मांग कई क्षेत्राधिकारों से संबंधित हो सकती है और ऐसी मांग का देश-वार विभाजन केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाता है।

राज्य मंत्री चौधरी ने अपने जवाब में कहा, "स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) के आंकड़ों पर आधारित कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि स्विस बैंकों में भारतीयों से जुड़ी धनराशि 2024 में पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ी है। यह भी बताना जरूरी है कि स्विस अधिकारियों के अनुसार, एसएनबी के आंकड़ों में, अन्य बातों के अलावा, ग्राहकों की जमा राशि (किसी भी देश में स्थित स्विस बैंकों की विदेशी शाखाओं सहित), अन्य देनदारियों के साथ-साथ बैंकों को देय राशि भी शामिल है।"

स्विस अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि एसएनबी के वार्षिक बैंकिंग आंकड़ों का इस्तेमाल स्विट्जरलैंड में भारत के निवासियों द्वारा जमा की गई जमा राशि के विश्लेषण के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

चीन को पछाड़ भारत बना अमेरिका का सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्यातक

नई दिल्ली । एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, चीन में असेंबल किए गए अमेरिकी स्मार्टफोन शिपमेंट का हिस्सा 2024 की दूसरी तिमाही के 61 प्रतिशत से घटकर 2025 की दूसरी तिमाही में 25 प्रतिशत रह गया है और इस गिरावट का अधिकांश हिस्सा भारत ने हासिल किया।

रिसर्च फर्म कैनालिस (जो अब ओमडिया का हिस्सा है) के अनुसार, "मेड-इन-इंडिया स्मार्टफोन की कुल मात्रा में सालाना आधार पर 240 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह अब अमेरिका में आयातित स्मार्टफोन का 44 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि 2024 की दूसरी तिमाही में यह केवल 13 प्रतिशत था।"

कैनालिस के प्रमुख विश्लेषक संयम चौरसिया ने कहा, "भारत 2025 की दूसरी तिमाही में पहली बार अमेरिका में बिकने वाले स्मार्टफोन का लीडिंग मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है, जिसकी मुख्य वजह अमेरिका और चीन के बीच अनिश्चित व्यापार परिदृश्य के बीच एप्पल का तेजी से भारत में सप्लाई चेन शिफ्ट है।"

एप्पल ने अपनी 'चाइना प्लस वन' रणनीति के तहत पिछले कई वर्षों में भारत में अपनी उत्पादन क्षमता का विस्तार किया है और 2025 तक अब तक भारत में अपनी अधिकांश निर्यात क्षमता को अमेरिकी बाजार में सप्लाई के लिए डेडिकेट करने का विकल्प चुना है।

चौरसिया ने कहा, "एप्पल ने भारत में आईफोन 16 सीरीज के प्रो मॉडल की मैन्युफैक्चरिंग और असेंबलिंग शुरू कर दी है, लेकिन अमेरिका में प्रो मॉडल की आवश्यक सप्लाई के लिए वह अभी भी चीन में स्थापित मैन्युफैक्चरिंग बेस पर निर्भर है।"

सैमसंग और मोटोरोला ने भी भारत से अमेरिका को टारगेटेड सप्लाई में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा दी है, हालांकि उनकी गतिविधियां एप्पल की तुलना में काफी धीमी और छोटे पैमाने पर हैं।

हमें पाकिस्तान से खतरा है, तो चीन राक्षस है : अखिलेश यादव

नई दिल्ली । समाजवादी पार्टी के प्रमुख और लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने चीन के विषय पर सरकार को सावधान किया है। लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि हमें चीन से उतना ही खतरा है जितना हमारे देश को आतंकवाद से खतरा है।

लोकसभा में अखिलेश यादव ने कहा कि पाकिस्तान से आतंकवाद आ रहा है, लेकिन इस मुल्क के पीछे चीन खड़ा है, जिससे हमें सावधान रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी ने हमेशा देश की सरकारों को चेताया है कि हमारा खतरा पाकिस्तान नहीं है, बल्कि चीन है। न सिर्फ वह (चीन) समय-समय पर हमारी जमीन छीन रहा है, बल्कि हमारे बाजार को भी छीनने का काम कर रहा है।

सपा प्रमुख ने मांग उठाई कि सरकार को चीन और पाकिस्तान पर लगाम लगाने के लिए 10 या 15 साल के लिए ऐसा फैसला लेना चाहिए, जिससे वहां से हमारा कारोबार कम होता चला जाए। उन्होंने कहा कि अगर चीन से हमारा कारोबार कम नहीं हुआ तो हम भारत को आत्मनिर्भर नहीं बना पाएंगे।

अखिलेश यादव ने सदन में फिर दोहराया कि अगर हमें पाकिस्तान से

खतरा है, तो चीन राक्षस है। वह हमारी जमीन और हमारा बाजार दोनों छीन लेगा। उन्होंने सदन में सरकार से सवाल करते हुए कहा, "क्या भारत सीमा पर चीन से बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहा है? इसका जवाब सरकार को देना चाहिए।"

समाजवादी पार्टी के प्रमुख ने यह भी मांग की कि सरकार को डिफेंस बजट को भी बढ़ाना चाहिए और यह जीडीपी का कम से कम 3 प्रतिशत होना चाहिए।

लोकसभा में सपा प्रमुख ने 'ऑपरेशन महादेव' की टाइमलाइन पर सवाल उठाए। उन्होंने सवाल किया कि 'पहलगाम के आतंकवादियों का एनकाउंटर कल (28 जुलाई) ही क्यों हुआ?"

सदन में अखिलेश यादव ने 'अग्निवीर' का विषय भी उठाया। उन्होंने कहा, "हमें उम्मीद है जब इतनी महत्वपूर्ण बहस हो रही है तो सरकार अपनी अग्निवीर वाली योजना को वापस लेने का काम करेगी।"

कल्याण ज्वैलर्स ने सिरसा में कदम रखा, भव्य नए शो-रूम की शुरूआत

सिरसा। भारत के सबसे भरोसेमंद और अग्रणी ज्वैलरी ब्रांडों में से एक, कल्याण ज्वैलर्स ने आज घोषणा की कि वह सिरसा में हिसार रोड बस स्टैंड के पास अपना नया शो-रूम शुरू करने जा रहा है। ब्रांड की फिलहाल हरियाणा के प्रमुख बाजारों झ अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, रोहतक और अन्य शहरों में मजबूत मौजूदगी है। सिरसा के इस नए शो-रूम में ग्राहकों को कल्याण ज्वैलर्स के सिग्नेचर कलेक्शंस का विस्तृत डिजाइन संग्रह मिलेगा और वे विश्वस्तरीय माहौल में शॉपिंग का शानदार अनुभव हासिल कर सकेंगे।

नए शो-रूम की शुरूआत पर कल्याण ज्वैलर्स के कार्यकारी निदेशक, श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, ह्यकंपनी के रूप में हमने बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की हैं और ग्राहकों के शॉपिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक बेहतर इको सिस्टम तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हरियाणा हमारे लिए सबसे अहम बाजारों में से एक है। बीते वर्षों में हमने यहाँ रणनीतिक विस्तार पर लगातार ध्यान दिया है। हमें विश्वास है कि सिरसा में नए शो-रूम की शुरूआत से न सिर्फ हमारा मार्केट शेयर मजबूत होगा बल्कि ग्राहकों को बेहतर सुविधा और पहुँच भी मिलेगी ह्व लॉन्च का जश्न मनाने के लिए कल्याण ज्वैलर्स ने मेकिंग चार्ज पर 25% की छूट की घोषणा की है, जबकि 2 लाख रुपये से अधिक की खरीदारी पर यह ऑफर दोगुना होगा*। इसके अलावा, सभी आभूषणों पर कल्याण स्पेशल गोल्ड बोई रेट लागू होगा झ जो देशभर में कल्याण ज्वैलर्स के सभी शो-रूम्स में समान और बाजार में सबसे कम है। ये ऑफर सीमित अवधि के लिए ही मान्य हैं।

कल्याण ज्वैलर्स में बिकने वाले सभी आभूषण बीआईएस हॉलमार्क युक्त हैं और इनकी कई बार शुद्धता की जांच होती है। ग्राहकों को कल्याण ज्वैलर्स 4-लेवल एश्योरेंस सर्टिफिकेट भी मिलेगा, जिसमें शुद्धता की गारंटी, आभूषणों की आजीवन निशुल्क देखभाल, विस्तृत उत्पाद जानकारी और पारदर्शी एक्सचेंज व बाय-बैक नीतियाँ शामिल हैं। यह प्रमाणपत्र ब्रांड की अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा देने की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

दौसा की सड़कों पर निकला लुटेरे का जुलूस, लोगों ने बरसाए फूल, लगाए पुलिस जिंदाबाद के नारे

दौसा। कोतवाली पुलिस ने 3 लाख 80 हजार की लूट के आरोपी बलि उर्फ. आवेश खान को गिरफ्तार कर मंगलवार को उसका बाजार में जुलूस निकाला। आरोपी का शहर में बापर्दा जुलुस निकला तो बलि उर्फ. आवेश को देखने वालों की सड़क और छतों पर भीड़ लग गई। आरोपी को पुलिस वारदात स्थल बरकत तिराहे पर ले गई। इस दौरान लोगों ने पुलिस के कार्य की सराहना करते हुए फूल बरसाये व जिंदाबाद के नारे लगाए। वारदात स्थल पर पीड़ित रेलकर्मी बनवारीलाल मीणा भी मोके पर मौजूद रहा। डीएसपी रविप्रकाश शर्मा, कोतवाल सुधीर उपाध्याय व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

पुलिस ने आरोपी से लूट के 3 लाख 60 हजार रुपए बरामद कर लिए।

लूट में सहयोगी फैजान खान को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। 22 जुलाई को बनवारीलाल मीना पुत्र गिरधारीलाल मीना निवासी जीतपुरहाल निवासी गेटोलाव रोड दौसा ने नेहरू गार्डन के सामने एसबीआई बैंक से 3 लाख 80 हजार रुपए निकलाकर अपने मकान गेटोलाव रोड पर बाइक से जा रहा था।

बरसात आने के कारण बरकत चौराहा पर स्थित जगदम्बा मैडीकल पर रुक गया। बरसात रुकने पर एक कैरी बैग में रुपयों को रखकर रवाना हुआ तो बैंक से पीछा कर रहे आरोपी बैग में रखे 3 लाख 80 हजार रुपये छीन कर मौक से फरार हो गये थे।

पुलिस ने घटना स्थल के आस पास लगे कैमरों से आरोपियों को चिन्हित कर जयपुर ट्रांसपोर्ट नगर, वैशाली नगर, ईदगाह, पिंक स्क्वायर जयपुर, खो नागोरियान, कानोता आदि स्थानों पर दबिश दी। मुख्य अभियुक्त को टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर जयपुर से बापर्दा गिरफ्तार कर मुलजिम आवेश खान उर्फ बल्ली पुत्र सलीम खान निवासी ईदगाह कॉलोनी से लूट के 3 लाख 60 हजार रुपये बरामद करने में सफलता अर्जित की है। पुलिस टीम में एसआई मिश्रीलाल, सोवरन सिंह, एचसी केशव चन्द, कुम्हेरसिंह, मीठालाल, यशपाल, कालूराम थे।

वी ने लॉन्च किया वी फाइनैंस

गुरुग्राम। भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी (वोडाफोन आइडिया) ने आज वी ऐप पर व्यापक प्लेटफॉर्म वी फाइनैंस का लॉन्च किया है, जो उपभोक्ताओं के लिए लोन, फिक्स्ड डिपोजिट एवं क्रेडिट कार्ड सुविधाओं को सुलभ एवं आसान बना देगा। यह वी ऐप पर एक और उपयोगी फीचर हैं, जहां उपभोक्ता पहले से कई सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं जैसे युटिलिटी पेमेंट, मुवीज एवं टीवी शोज, गेमिंग तथा क्विक-कॉमर्स एवं ई-कॉमर्स पर शॉपिंग डिस्काउन्ट आदि।

वी ऐप को जीवनशैली की विभिन्न जरूरतों के लिए वन-स्टॉप समाधान बनाने के प्रयास में भरोसेमंद फाइनैंशियल संस्थानों की साझेदारी में वी फाइनैंस का लॉन्च किया गया है, जिसका उद्देश्य पर्सनल लोन, फिक्स्ड डिपोजिट एवं क्रेडिट कार्ड में सुविधाजनक एवं व्यापक व्यक्तिगत फाइनैंस सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

अवनीश खोसला, सीएमओ, वी ने कहा, वी में हम डिजिटल समाधानों के जरिए अपने उपभोक्ताओं के जीवन को आसान बनाना चाहते हैं। वी फाइनैंस के जरिए फाइनैंस को सरल, त्वरित एवं सुलभ बनाकर हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उपभोक्ताओं के लिए फाइनैंस सुविधाएं बेहद आसान हो जाएं। भरोसेमंद फाइनैंस संस्थानों के साथ साझेदारी सुनिश्चित करती है कि हमारे उपभोक्ताओं को उनकी जरूरत के अनुसार सही प्रोडक्ट मिले। हमारा मानना है कि यह डिजिटल एवं पेपरलैस दृष्टिकोण लाखों भारतीयों के लिए फाइनैंस मैनेजमेन्ट को आसान बना देगा।

डीआरडीओ ने 'प्रलय' मिसाइल का लगातार दो सफल परीक्षण किया

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 28 और 29 जुलाई को ओडिशा के तट से सटे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से देश में विकसित की गई 'प्रलय' मिसाइल के दो सफल परीक्षण किए। इस बात की जानकारी रक्षा मंत्री कार्यालय की ओर से दी गई।

रक्षा मंत्री कार्यालय की ओर से एक्स पोस्ट करते हुए लिखा गया, "डीआरडीओ ने 28 और 29 जुलाई को ओडिशा तट से दूर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से प्रलय मिसाइल के लगातार दो सफल उड़ान परीक्षण किए हैं।"

यूजर इवैलुएशन टेस्टिंग का उद्देश्य इस मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम मारक क्षमता को परखना था। मिसाइल ने परीक्षण के दौरान निर्धारित मार्ग का सटीकता से अनुसरण किया और अपने लक्ष्य को सटीकता से भेदा। परीक्षण में मिसाइल के सभी सबसिस्टम ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। यह जानकारी इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (आईटीआर) की ओर से तैनात किए गए विभिन्न ट्रैकिंग सेंसर और लक्ष्य क्षेत्र के पास तैनात जहाज पर लगे उपकरणों से मिली।

'प्रलय' एक स्वदेशी रूप से विकसित ठोस ईंधन आधारित क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल है, जो आधुनिक तकनीकों से लैस है। इसमें उन्नत गाइडेंस और नेविगेशन सिस्टम लगाया गया है, जिससे यह बेहद सटीकता से लक्ष्य को भेद सकती है। यह मिसाइल विभिन्न प्रकार के वारहेड ले जाने में सक्षम है और इसे कई प्रकार के लक्ष्यों के खिलाफ उपयोग में लाया जा सकता है।

इस प्रणाली को हैदराबाद स्थित रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) ने डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं जैसे कि डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी (डीआरडीएल), एडवांस्ड सिस्टम्स लेबोरेटरी (एएसएल), आमार्मेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (एआरडीई), और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर विकसित किया है।

इसके अलावा भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और कई अन्य उद्योग व एमएसएसई इकाइयों ने भी इस परियोजना में योगदान दिया है। परीक्षणों के दौरान डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ-साथ भारतीय वायुसेना, थल सेना के अधिकारी और संबंधित उद्योग प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग जगत को इस सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह मिसाइल अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है और इससे हमारी सेनाओं की ताकत में और अधिक वृद्धि होगी। डीआरडीओ प्रमुख और रक्षा अनुसंधान विभाग के सचिव डॉ. समीर वी. कामत ने इसे "प्रथम चरण के सफल परीक्षण" की बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि अब यह प्रणाली जल्द ही भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए तैयार है।

मनप्रीत भलाई के लिए है एक सशक्त शक्ति: केन्द्रीय मंत्री नारायण राणे

सिने स्टार सोनू सूद, भाजपा नेत्री शाइना एनसी ने समाजसेवी मनप्रीत कौर को किया सम्मानित

दैनिक सब पर नजर

प्रयागराज । केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने वरिष्ठ समाजसेवी मनप्रीत कौर के समाजसेवा की प्रशंसा करते हुए कहा कि मनप्रीत कौर जैसे जमीनी स्तर के परिवर्तनकारी लोग भारत के सामाजिक ताने - बाने की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुरस्कार मानवीय कार्यों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मनप्रीत कौर भलाई के लिए एक सशक्त शक्ति बनी हुई हैं और अनगिनत लोगों को निःस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

यह बातें केन्द्रीय मंत्री नारायण राणे ने मुम्बई में आयोजित सम्मान समारोह में आज सम्मानित वरिष्ठ समाजसेवी मनप्रीत कौर को पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद कहा।

प्रख्यात अभिनेता सोनू सूद और वरिष्ठ भाजपा नेत्री शाइना एनसी ने मां सीता की रसोई की संचालिका , वरिष्ठ समाजसेवी और महाकुंभ तीर्थराज प्रयागराज में दो दर्जन स्थानों पर दिन - रात विशाल भण्डारा चलाने वाली मनप्रीत कौर को उत्कृष्ट सामाजिक और धार्मिक सेवा के लिए मुम्बई में पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुरस्कार से आज

सम्मानित किया है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नारायण राणे, कई पूर्व मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

संस्था की ओर से वरिष्ठ समाजसेवी मनप्रीत कौर को सामाजिक और धार्मिक सेवाओं के माध्यम से समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि वरिष्ठ समाजसेवी मनप्रीत कौर ने विश्व प्रसिद्ध तीर्थराज प्रयागराज के महाकुंभ- 2025 के दौरान दो महीने तक चलने वाले विशाल भंडारे (सामुदायिक रसोई) का आयोजन दिन-रात कर लाखों श्रद्धालुओं को जाति, पंथ या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया । सिने स्टार सोनू सूद ने कहा कि मनप्रीत कौर सेवा की सच्ची प्रतिमूर्ति हैं। महाकुंभ - 2025 और उसके बाद भी उनके प्रयास मानवता का एक ज्वलंत उदाहरण हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता शाइना एनसी ने कहा कि ऐसे अथक समर्पण का सम्मान करना सिर्फ. एक इशारा नहीं है बल्कि यह हमारे समाज को जिस तरह के नेतृत्व और करुणा की जरूरत है, उसकी याद दिलाता है। समाजसेवी मनप्रीत कौर की ओर से अयोध्या धाम में मां सीता रसोई का संचालन और वृन्दावन में भी कई स्थानों पर श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण कई वर्ष से हो रहा है। समाजसेवी मनप्रीत कौर ने कहा कि समाज की सेवा, सदैव करती रहूंगी जिससे कि लोगों को परेशानी ना होने पाए।

भीलवाड़ा सेवादल कांग्रेस के पदाधिकारियों ने प्रदेश सेवादल कांग्रेस की विस्तारित प्रदेश कार्य समिति की बैठक में लिया भाग

सुरज वर्मा

भीलवाडा ज़िले में आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल विस्तारित प्रदेश कार्य समिति की बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं जिला सेवादल अध्यक्ष योगेश सोनी के नेतृत्व में सेवादल पदाधिकारियों ने बैठक में भाग लिया एवं भीलवाड़ा में होने वाले आगामी सेवादल प्रशिक्षण कैंप की तैयारी के बारे में जानकारी देते हुऐ प्रदेश नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि यह शिविर अपने आप में ऐतिहासिक प्रशिक्षण शिविर होगा और श्वेत सैनिकों की लंबी फौज भीलवाड़ा जिले में खड़ी की जाएगी जो सिर्फ सेवादल को ही नहीं बल्कि कांग्रेस को भी मजबूत बनाएगी। बैठक पश्चात प्रदेश सेवादल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत , जोन प्रभारी मोहन हटेला , संभाग प्रभारी विनोद दादा पाठक से मुलाकात कर शिविर संचालन हेतु मार्गदर्शन लिया। जिलाध्यक्ष योगेश सोनी ने बताया कि बैठक में भीलवाड़ा से जिला महासचिव संदीप टेलर ,जिला उपाध्यक्ष कुंदन शर्मा संगठन मंत्री श्याम पाराशर ,दीपक भारद्वाज ने भाग लिया।

धालीवाल ने नवनिर्वाचित पंचायतों को किया सम्मानित

अमृतसर 29 जुलाई : (सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा)

अजनला विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित पंचायतों को संबोधित करते हुए कहा कि आप विकास कार्यों के लिए डटे रहें और कहा कि आप गांवों के विकास के लिए काम करें, पैसों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

धालीवाल ने गांव दयाल भट्टी की नवनिर्वाचित सरपंच राजवंत कौर, सदस्य रेबिका, बलजीत सिंह, हरजीत सिंह, गांव वड्डा चक डोगरा की सदस्य गगनदीप कौर, पूरन सिंह, शरणजीत कौर, गांव डाबर बस्ती की सरपंच बलविंदर कौर और गांव चक फूला की सरपंच सुखजीत कौर, सदस्य राजबीर सिंह, हरमनजीत सिंह, मैडम तलविंदर कौर को उपचुनाव में जीत पर बधाई दी और उन्हें सम्मानित भी किया।

अजनला विधायक ने कहा कि आप जनता के चुने हुए प्रतिनिधि बनकर आए हैं और आपका कर्तव्य है कि आप दलगत भावना से ऊपर उठकर गांवों के विकास के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है और आपको विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आपको सरकार से मिले धन का सही इस्तेमाल करना है क्योंकि यह जनता का पैसा है और एक-एक पैसा जनता के पास जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान गांवों में वो सुविधाएं मुहैया कराना चाहते हैं जिनकी पिछले 75 सालों से किसी सरकार ने नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि गांवों में स्वच्छ पानी, सीवरेज की निकासी, खेल स्टेडियम, कूड़ा प्रबंधन आदि वे सभी काम किए जाएंगे,

शिक्षा नीति के पांच वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर व्याख्यान माला का आयोजन

सुरज वर्मा

शाहपुरा शहर में 29 जुलाई को राजकीय कन्या महाविद्यालय, शाहपुरा में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) के बैनर तले शिक्षा नीति के पांच वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पुष्कर्राज मीणा जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) ने की। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि एवं मुख्यवक्ता दिग्विजय सिंह जिला उपाध्यक्ष अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) विशिष्ट अतिथि प्रो. रामावतार मीना रहे। सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण से लेकर

क्रियान्वयन तक के सम्पूर्ण प्रारूप को समझाते हुए बताया कि इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से ही बदलेगा राष्ट्र का भविष्य श्री सिंह द्वारा विद्यालयी शिक्षा, महाविद्यालयी शिक्षा एवं व्यवसायिक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से छात्राओं को अवगत कराया एवं वर्तमान में महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय द्वारा इस नीति का सफल क्रियान्वयन किस प्रकार किया जा रहा है इसकी जानकारी दी। कौशल शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, सॉफ्ट स्किल आदि के बारे में भी बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. पुष्कर्राज मीणा ने कहा कि यह नीति ही हमें गुरूकुल परम्परा की जोडते हुए वैश्विक तकनीकि युग की ऊँचाइयों तक पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। प्रदेश सह प्रचार प्रमुख धर्मनारायण वैष्णव ने कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा तैयार की एवं बताया कि यह नीति भारत की नवशैक्षिक दिशा और भविष्य की आधारशिला है क्योंकि समावेशी, समग्र,बहुभाषी और कौशल शिक्षा प्रणाली को बढावा देती है। कन्या महाविद्यालय के प्रभारी डॉ. हंसराज सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रभावी मंच संचालन तोरन सिंह चौहान ने किया।

खेरूना ग्रिड में सुरक्षा उपकरण नहीं होना की छत टपकना जैसी समस्या को लेकर अधिकारियों को लिखी चिट्ठी

सुरज वर्मा

भीलवाडा ज़िले में शक्करगढ़ कस्बे के जीएसएस खेरुना ग्रिड के कर्मचारियों ने सहायक अभियंता जहाजपुर को पत्र लिख ग्रिड में सुरक्षा उपकरण गल्व्स ,पिलार,पेचकस और पाना, रेन कोट और टोर्च और जुतें नहीं है होने को लेकर अवगत कराया साथ ही लिखा की बारिश का मौसम है कभी भी किसी भी कर्मचारी के साथ अनहोनी हो सकती है खेरूना जीएसएस में कई फीडर आते हे जहा रोजाना समस्या आती है जीएसएस से जुड़े कर्मचारी बिना उपकरण ही विद्युत लाइन का कार्य कर रहे हे ।दूसरी ओर बिलडिंग भी जर-जर हो रही है और बिल्डिंग के अन्दर और बाहर पानी टपक रहा हे कर्मचारियों ने उपकरण दिलाने और बिल्डिंग सही कराने की मांग की और ज़िला प्रशासन से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द उपकरण दिलवाने व छत की मरमत करवाई जाए जिससे कोई हादसा ना हो

विधानसभा समिति ने स्वयं सहायता समूहों के सफल संचालन के लिए अमृतसर जिला प्रशासन की सराहना की

-मनरेगा के तहत गाँवों में अधिक से अधिक खेल स्टेडियम बनाने के निर्देश

अमृतसर, 29 जुलाई : (सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा)

पंचायती राज संबंधी गठित विधानसभा की विशेष समिति, जिसकी अध्यक्षता प्रधान श्री बुध राम ने की, ने आज अमृतसर जिले में पंचायती राज के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में अमृतसर के साथ-साथ तरनतारन जिले में भी किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।

समिति के सदस्यों में विधायक श्री दिनेश पुरी, श्री सुखविंदर सिंह कोटली, श्री अमोलक सिंह शामिल हैं।

इस अवसर पर, समिति के सदस्यों ने अमृतसर जिले में पंचायतों के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए पंचायतों से गाँव के विकास कार्य, स्वच्छता, तालाबों की सफाई, मनरेगा के तहत जरूरतमंदों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और जरूरतमंदों को मकान उपलब्ध कराने की अपील की और अधिकारियों से ऐसे कार्यों के लिए पंचायतों का मार्गदर्शन करने को कहा।

इस अवसर पर समिति सदस्यों ने अमृतसर जिले में सफलतापूर्वक चल रहे स्वयं सहायता समूहों, जिनकी संख्या लगभग 2500 है, के कार्यों की समीक्षा की और प्रशासन की सराहना की।

प्रिंसिपल बुधराम ने गांवों में अधिक से अधिक खेल स्टेडियम बनाने के निर्देश दिए और कहा कि युवाओं को नशे से बाहर निकालकर खेलों से जोड़ना बहुत जरूरी है और इसके लिए मनरेगा के तहत अधिक से अधिक काम करवाया जाए। उन्होंने मनरेगा मजदूरों की बकाया राशि तुरंत जारी करने और इस काम में पारदर्शिता लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि वे किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखें और गांवों में लगाई जा रही इंटरलॉक टाइलों का निरीक्षण अवश्य करें। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर श्रीमती साक्षी साहनी ने समिति सदस्यों को बताया कि गांवों के विकास के लिए सरकार द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुसार खेल स्टेडियमों और गांवों की सफाई का काम लगातार जारी है। इस अवसर पर डीसीपी श्री आलम विजय सिंह, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर श्रीमती परमजीत कौर, डीडीपीओ श्री संदीप मल्होत्रा, डीडीपीओ तरनतारन श्री प्यारा सिंह और दोनों जिलों के अधिकारी मौजूद थे।

सरकार के जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल भाजपा जयपुर जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों का करेंगे स्वागत– अभिनंदन

जयपुर, 29 जुलाई 2025। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा सरकार की नीतियों, योजनाओं एवं निर्णयों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भाजपा जयपुर जिले के सभी जिला एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक बुधवार को आयोजित की गई है। लालकोठी स्थिति कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में 30 जुलाई बुधवार सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों का स्वागत जिला प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. एस.एस. अग्रवाल ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा करना, जयपुर जिले से संबंधित समसामयिक विषयों पर चर्चा करना एवं संगठन की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना है।

पीएयू- कृषि सलाहकार सेवा केंद्र संगरूर ने गोद लिए गाँव हेदिके में फलदार वृक्षारोपण अभियान शुरू किया

संगरूर, 29 जुलाई : (सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा) चाहे कोई भी प्रक्षेत्र प्रदर्शन हो या पोषक तत्वों की कमी पर जागरूकता शिविर, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना का कृषि सलाहकार सेवा केंद्र संगरूर अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। पीएयू के कुलपति और निदेशक, विस्तार शिक्षा, पीएयू के नेतृत्व में, कृषि सलाहकार सेवा केंद्र संगरूर ने आज गोद लिए गए गाँव हेदिके में एक हरियाली अभियान शुरू किया, जहाँ 100 से अधिक फलदार पौधे वितरित किए गए। अमरूद (अर्का अमूल्य हाइब्रिड), नींबू (पंजाब बारामासी नींबू और कागजी), आंवला, किन्नू, जामुन और करौंदा जैसे फलदार पौधे पीएयू लुधियाना से खरीदे गए और गाँव के किसानों में वितरित किए गए। केंद्र प्रभारी डॉ. अशोक कुमार, जिला विस्तार वैज्ञानिक द्वारा किसानों को फलदार पौधों के महत्व, उनके पोषक तत्वों और औषधीय उपयोगों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने हरित और स्वस्थ पर्यावरण, मृदा और जल संरक्षण तकनीकों की तत्काल आवश्यकता, अपशिष्ट जलाने पर रोक लगाने की आवश्यकता, रसायनों के विवेकपूर्ण उपयोग और घरेलू उद्देश्यों के लिए पानी के किफायती उपयोग के बारे में बात की। डॉ अशोक ने कहा कि सिंचाई के पानी को बचाने और मिट्टी जनित रोगों को रोकने के लिए, रोपण स्थल को अच्छी तरह से साफ और समतल किया जाना चाहिए। त्वरित विकास के लिए, प्रत्येक पौधे के लिए एक मीटर गहरा और एक मीटर चौड़ा एक गोलाकार गड्ढा खोदा जाना चाहिए। ऊपरी मिट्टी और फार्मयार्ड खाद के बराबर भागों के मिश्रण के साथ गड्ढों को फिर से भरते समय, स्कर्वी को रोकने के लिए प्रत्येक गड्ढे में लगभग 2 किलोग्राम मिट्टी में 15 मिलीलीटर क्लोरपाइरीफॉस 20 ईसी मिलाया जाना चाहिए।

खैरथल में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष सक्रिय, वर्षा ऋतु में त्वरित सूचना आदान-प्रदान के लिए व्यवस्था

खैरथल संवाददाता अमित शर्मा

खैरथल-तिजारा, वर्षा ऋतु में अधिक वर्षा के कारण भवनों एवं इमारतों के जीर्ण-शीर्ण, जर्जर अथवा गिरने की संभावना को देखते हुए तथा उनसे उत्पन्न होने वाली विषम परिस्थितियों में जन-धन की हानि को रोकने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है।

जिला कलक्टर किशोर कुमार ने बताया कि जिला कलेक्टर कार्यालय, खैरथल के कमरा नंबर 201 में पूर्व से संचालित जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष को वर्षा ऋतु में त्वरित सूचना आदान-प्रदान और समयबद्ध निस्तारण हेतु सक्रिय कर दिया गया है। यह नियंत्रण कक्ष किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेगा।

नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 01460-298205 जारी किया गया है, जिस पर आमजन आपातकालीन सूचनाएं उपलब्ध करवा सकते हैं।

दक्षिण 24 परगना में तीन दिवसीय लोक कलाकार कार्यशाला शुरू, श्रीखोल और लोक विधाओं का फ्यूजन विषय पर आयोजन

रिपोर्टर: रमेश राय, कोलकाता

पश्चिम बंगाल सरकार के सूचना एवं संस्कृति विभाग के अंतर्गत लोकसंस्कृति एवं आदिवासी संस्कृति केंद्र द्वारा, दक्षिण 24 परगना जिला सूचना एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से आज से तीन दिवसीय आंगिक-आधारित लोक कलाकारों की कार्यशाला की शुरूआत हुई। यह कार्यशाला जिला सूचना एवं संस्कृति विभाग के सभागार, माइनॉरिटी भवन, चौथी मंजिल, अलीपुर में आयोजित की गई है।

इस बार कार्यशाला का विषय था ह्लश्रीखोल वाद्ययंत्र के साथ विभिन्न लोक शैलियों का फ्यूजनह्व। इसमें कुल 45 लोक कलाकारों ने भाग लिया है, जो विभिन्न लोक विधाओं में पारंगत हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम में माननीय वरिष्ठ अपर निदेशक तथा माननीय अतिरिक्त जिलाधिकारी (जिला परिषद) भी उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य पारंपरिक लोक संगीत को नई तकनीकों और समकालीन प्रस्तुतियों से जोड़ना और कलाकारों को प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बनाना है।

बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड/ प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सीवान आज दिनांक-29/07/2025 को जिला पदाधिकारी, सीवान की अध्यक्षता में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, सीवान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड/ प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सिवान, उप विकास आयुक्त, सीवान, जिला योजना पदाधिकारी सिवान /उपनिदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण पराधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क, पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, एवं अन्य पदाविकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड प्राप्त कर रहे 10 छात्रों को, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना अंतर्गत 19 एवं कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत 31 छात्रों को प्रमाण पत्र दिया गया।

प्रतापगढ़ में पूर्व कोतवाल पर मुकदमा दर्ज, गिरफ्तारी के लिए बनी दो टीम

प्रतापगढ़। जिले में नगर कोतवाली के पूर्व कोतवाल रहे जयचंद भारती पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सोमवार को आईजी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर यह कदम उठाया गया। भारती को इसके पहले ही निलम्बित किया जा चुका है, जो गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार है। पुलिस टीमें तलाश कर रही हैं।

महीने भर पूर्व शहर कोतवाल रहे इंस्पेक्टर जयचंद भारती पर कानून का शिकंजा कस गया है। बिहारगंज बाजार में जून के महीने में फायरिंग व तोड़ फोड़ की घटना में मुख्य रूप से शामिल बदमाश मस्सन अली से घटना के पहले कोतवाली में पैसे लेने का आरोप जांच में सही पाए जाने पर सोमवार को भारती के खिलाफ नगर कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

आईजी अजय कुमार मिश्रा ने केस दर्ज कर जेल भेजने का आदेश दो दिन पहले ही दिया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा उसका निलंबन पहले ही किया जा चुका है। प्रकरण की जांच पुलिस अधीक्षक द्वारा कराई जा रही थी। इसकी रिपोर्ट तीन दिन पूर्व आइजी को भेजी गई तो उन्होंने आरोपित इंस्पेक्टर जयचंद पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजने का कड़ा आदेश दिया।

मुकदमे व गिरफ्तारी से बचने के लिए जयचंद भारती मोबाइल बंद कर शनिवार रात फरार हो गया। जब रात में पुलिस लाइन में हर दिन की तरह पुलिसकर्मियों की गणना होने लगी तो उसका पता नहीं था। लाइन के प्रतिसार निरीक्षक सोमदत्त शुक्ल ने उच्च अधिकारियों को बताया और इसके बाद पुलिस लाइन में तस्करा दर्ज किया गया। भारती का फोन भी स्विच आफ बता रहा था।

सोमवार को मौजूदा शहर कोतवाल नीरज यादव की तहरीर पर जयचंद भारती पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज किया गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए दो टीमें बनाई गई हैं। पुलिस अधीक्षक डा अनिल कुमार ने बताया कि भ्रष्टाचार और कर्तव्य में लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मी बख्शे नहीं जाएंगे। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपित को शीघ्र पकड़ा जाएगा।

स्वैच्छिक तबादले वाले 18400 शिक्षक, शिक्षिकाओं ने कार्यभार संभाला

प्रयागराज। परिषदीय विद्यालयों में अंतः जनपदीय तबादले वाले 18,400 शिक्षक, शिक्षिकाओं ने कार्यभार संभाल लिया है जबकि 30 जून को हुए तबादले में 20 हजार से अधिक शिक्षक, शिक्षिकाओं के तबादले हुए थे। उप्र बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों के बीएसए से पूछा गया है कि तबादले वाले शेष शिक्षक, शिक्षिकाओं ने क्यों कार्यभार नहीं संभाला है, इसका लिखित उत्तर संबंधित जिलों के बीएसए तीन दिन के भीतर दें। उन्होंने बताया कि जिन तबादले वाले शिक्षक, शिक्षिकाओं ने कार्यभार संभालने का संतोषजनक उत्तर नहीं दिया तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से देशभर के 15.76 लाख से अधिक परिवारों को मिला लाभ:– सांसद मदन राठौड़

जयपुर, 29 जुलाई 2025। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत अब तक देशभर में 15,76,860 परिवारों को लाभ प्राप्त हो चुका है। यह उपलब्धि 19 जुलाई 2025 तक की है, और यह भारत सरकार के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों का महत्वपूर्ण उदाहरण है। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी परिवारों के घरों पर रूफटॉप सोलर पैनल की स्थापना की जा रही है, जिससे उन्हें न केवल मुफ्त बिजली प्राप्त हो रही है, बल्कि वे अतिरिक्त ऊर्जा का ग्रिड में योगदान भी कर पा रहे हैं। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में नवीन, नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने यह जानकारी सदन को दी।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सौर ऊर्जा सरंक्षण के लिए इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत फरवरी 2024 में की गई

थी। इसका उद्देश्य आम नागरिकों को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना तथा देश में सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। इस योजना में पारदर्शिता रखते हुए पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया। इसमें आवेदन से लेकर सब्सिडी के वितरण तक का कार्य पर आनलाइन निगरानी भी रखी जा सकती है। ऊर्जा मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय पोर्टल से२४१८१.ङ्ब५.ल्ल जारी किया गया है। इसके माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। सरकार की इस पहल से न केवल लाखों परिवारों को राहत मिली है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित हुआ है।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रति किलोवाट तक लाभा?र्थी को सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। इसमें एक किलोवाट पर 30 हजार, 2 किलोवाट पर 60 हजार और 3 किलोवाट तक 78 हजार तक की अधिकतम सब्सिडी का प्रावधान है। तीन किलोवाट के बाद 10 किलोवाट तक छह हजार की सब्सिडी मिल सकती है।

हरयाळो राजस्थान के तहत एक पेड़ माँ के नाम महाभियान—

जयपुर, 29 जुलाई। करौली जिला प्रभारी मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम के द्वारा हिण्डौन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खरैटा में हरयाळो राजस्थान के तहत जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरयाळो राजस्थान के तहत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रभारी मंत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश आमजन को दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार हरियालो राजस्थान वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश को हरा-भरा बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। पिछले वर्ष 7 करोड़ के लक्ष्य के विरूद्ध हमारी सरकार ने जन सहभागिता के माध्यम से 7.25 करोड पौधे रोपित किये थे। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पेड़ों की पूजा की जाती है उन्हें भगवान माना जाता है पेड़ों से हमें ऑक्सीजन, जड़ी-बूटी, फल-फुल, छाया, स्वच्छ वातावरण, अच्छी बारिश मिलती है इसलिए हमारी संस्कृति में प्राचीन समय से ही अधिक से अधिक पेड़ लगाने की परम्परा रही है।

उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक पौधारोपण कर उसे संरक्षण प्रदान करने की भी बात की। जिला प्रभारी मंत्री ने बताया कि वर्षा को मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री ने स्कूलों, आंगनबाड़ियों व राजकीय भवनों की क्षतिग्रस्त इमारतों की मरम्मत के लिए प्रत्येक विधानसभा को 3-3 करोड़ रुपए दिये है उन्होंने जिला कलक्टर को कार्ययोजना बनाकर क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत को प्राथमिकता में रखने के निर्देश भी दिये। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जिला प्रभारी मंत्री से 33 केवी जीएसएस की मांग रखी जिस पर जिला प्रभारी मंत्री ने आगामी बजट में मांग को पुरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान करौली विधायक श्री दर्शन सिंह गुर्जर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जिले की आंगनबाड़ियों की मरम्मत हेतु बजट आवंटित कर दिया गया है। शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी।

\कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आमजन, ग्रामीणों सहित अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान दो छोटे बच्चों को पर्यावरण के प्रति स्वयं प्रेरित होकर पौधारोपित किया।

राष्ट्रीय जाट महासंघ ने स्मार्ट मीटर का किया विरोध

झुंझुनू। पुराना बस स्टैंड के पास राष्ट्रीय जाट महासंघ के जिला सचिव उमेद झाझडिया के नेतृत्व में बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध किया गया। झुंझुनू में ग्रामीणों ने बताया कि स्मार्ट मीटर में अनेक खामियां आ रही है, जिससे आम आदमी को दुःखी होना पड़ रहा है। बिजली विभाग द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया जा रहा, जिसका हम विरोध कर रहे हैं और जबरदस्ती मीटर किसी भी हाल में नहीं लगाने देंगे। जिला सचिव उमेद झाझडि?ा एवं योगेश भैड़ा ने बताया कि स्मार्ट मीटर योजना पर सरकार को तुरंत प्रभाव से रोक लगाकर इसे बंद किया जायें, अगर सरकार द्वारा इस योजना को बन्द नहीं किया जाता है तो फिर राष्ट्रीय जाट महासंघ आन्दोलन करेगा। इस अवसर पर रणवीर भैड़ा, श्रीराम, सांवरमल, ताराचन्द, राजू, पवन बलौदा, मनीराम मील, संजय कुमार व उज्ज्वल भैड़ा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

बलिगांव में स्थानांतरण शिक्षक को दी गई विदाई

देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार

पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के

बलिगांव गांव स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भौतिकी के शिक्षक विनय प्रभाकर के एल एन हाईस्कूल भगवानपुर में स्थांतरित होने पर मंगलवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलिगांव के परिसर में भव्य विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर हस्तांतरित शिक्षक को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य पुष्पा कुमारी की अध्यक्षता एवं अमरेंद्र कुमार के संचालन में आयोजित समारोह में मुख्य रूप से सुनील कुमार बैठा, राकेश कुमार,मदन कुमार पंडित, विश्वनाथ राय, विष्णु शंकर, अनुराग,अमोद,निभा, ज्योति, एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे। समारोह में स्थांतरित शिक्षक को अंगवस्त्र देकर एवं फुल माला पहनाकर शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं अभिभावकों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शिक्षक की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने ने छोटे से अवधी में ही विद्यालय के छात्र छात्राओं के पठन पाठन में अनोखी छाप छोड़ी थी। उनसे आशा है कि वह जहां भी रहेंगे छात्र छात्राओं के शिक्षा के प्रति उनकी ऐसी ही उमंग एवं लग्न रहेगी।

जयपुर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

जयपुर 29 जुलाई। जयपुर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर, जयपुर शहर दक्षिण, श्री संतोष कुमार मीणा की अध्यक्षता में हुआ। एडीएम ने मानसून की सक्रियता को देखते हुए दोनों नगर निगम एवं जेडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां बरसात का पानी एकत्रित होता है, वहां मड़ पम्प लगाकर पानी की निकासी करवाएं, नालो की साफ-सफाई व सड़को के गड्ढों को अविलम्ब भरवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि एनएचएआई द्वारा दर्शाए गए 23 ब्लैक स्पॉट, जिन पर अस्थाई सुधार के कार्य किए जाने के उपरान्त अतिरिक्त कार्य की आवश्यकता नही हैं,अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा डीसीपी पश्चिम की संयुक्त टीम बनाकर 15 दिवस में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कार्यो की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट निर्धारित समयावधि में देने के निर्देश दिए ।

उन्होने पेयजल, बिजली, सीवरेज आदि की लाइन डालने हेतु रोड़ कटिंग किए जाने वाले कार्य को विभागों को आपसी समन्वय के साथ करने के निर्देश दिए ताकि बार-बार रोड़ कटिंग के कारण आमजन को असुविधा न हो।

पुलिस उपायुक्त यातायात श्री सुमीत मेहरड़ा ने कहा कि टोल नाकों पर बनाये गए सभी केबिनों पर वाहन चालकों से टोल टैक्स लेने हेतु एजेन्सियों द्वारा पर्याप्त कार्मिकों की नियुक्ति की जाए। प्रत्येक पारी में कार्मिक सभी केबिनों पर नियुक्त हो ताकि वाहन चालकों का समय व्यर्थ न हो और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। वाहन चालको की सुरक्षा सुनिश्चित हो उन्हें साफ स्वच्छ शौचालयों की सुविधा उपलब्ध हो।दुर्घटनाग्रस्त वाहन चालको, सवारियों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले गुड समेरिटन को सम्मानित किया जाए। इनके बारे में अस्पताल एम्बुलेन्स, ब्लेक स्पोट्स स्टीकर, पोस्टर आदि लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। एडीएम ने जिले मे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट, सीट बेल्ट, तेज गति व वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग, अंडर रन प्रोटेक्शन डिवाइस, राजमार्गों पर अनाधिकृत पार्किंग, रिफलेक्टिव टेप इत्यादि के उल्लंघनों के विरूद्ध नियमित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एडीएम ने लाईसेन्स रहित वाहन चालको के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने, सड़क सुरक्षा क्लबों का गठन एवं उन्हें सक्रिय करने, साईकिल चालकों की सुरक्षा, विद्यालय में प्रवेश और निकास पर सावधानियां, बाल वाहिनी योजना के प्रावधानों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान एसई पीडब्लूडी श्री आर.के. सिंह सहित पुलिस विभाग, यातायात पुलिस, जयपुर विकास प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, सार्वजनिक निमार्ण विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्थान पुलिस ने निकाली 'ग्राम रक्षक' स्वयंसेवकों की भर्ती

अपने गाँव की सुरक्षा में बनें भागीदारझ8वीं पास स्थानीय निवासियों को सुनहरा अवसर

देश का दर्पण न्यूज

संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी

राजस्थान पुलिस ने एक महत्वपूर्ण पहल के तहत ग्राम रक्षक के रूप में स्वयंसेवकों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह पद अवैतनिक होगा और चुने गए स्वयंसेवक 2 साल की अवधि के लिए अपने गाँवों में पुलिस के सहायक के तौर पर काम करेंगे। यह भर्ती राजस्थान पुलिस अधिनियम, 2007 और राजस्थान पुलिस (संशोधन) अध्यादेश, 2020 के प्रावधानों के तहत की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी कम्यूनिटी पुलिसिंग राजस्थान पंकज चौधरी ने बताया कि इस पहल में शामिल होने के लिए कुछ विशेष पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं:

सामुदायिक स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना पहला लक्ष्य: जिलाधिकारी .....

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सिवान, 29 जुलाई।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्धेश्य से स्वास्थ्य संस्थानों में हर तरह की सुख सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। क्योंकि सामुदायिक स्तर पर बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सीएचओ यानी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की होती है। इस संबंध में जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश ने बताया कि एचडब्ल्यूसी को एनक्यूएएस के मापदंडों पर खड़ा उतरते हुए बेहतर प्रदर्शन के आधार पर अंकों का निर्धारण होता है। जिसमें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए मॉडल टीकाकरण कॉर्नर, स्वच्छता, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, हॉस्पिटल इंफेक्शन, मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार, स्वच्छ व शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, परिसर की साफ-सफाई का इंतजाम, शौचालय की सुविधा सहित अस्पताल में शांत व स्वच्छ वातावरण के निर्माण को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। क्योंकि हमलोगों का प्रयास रहता है कि जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से अपने लाभार्थियों या निवासियों को हर तरह की सुख सुविधाएं उपलब्ध हो। क्योंकि शिशु मातृ मृत्यु दर को कम करने के साथ ही नियमित टीकाकरण, चिकित्सीय परामर्श, दवा के साथ ही शांत एवं स्वच्छ वातावरण का होना बहुत ज्यादा जरूरी होता है। सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस) को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ- साथ वैश्विक स्तर पर रोगियो के लिए विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाता है। हालांकि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के तहत आठ प्रकार जैसे- सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, इनपुट, सहायता सेवाएं, नैदानिक देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम को मुख्य रूप शामिल किया गया है।

जिसको लेकर जिले के 11 प्रखंडों के 11 स्वास्थ्य संस्थानों में जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश के मार्ग दर्शन में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणीकरण कराने के लिए पहली प्राथमिकताओ में शामिल किया गया है। जिसको लेकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश के आलोक में तैयारियां की जा रही है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुपालन की स्थिति को लेकर नियमित रूप से जिला सलाहकार गुणवत्ता यक ीन डॉ कुमार अभिमन्यु और एच डब्ल्यू सी के नोडल अधिकारी सह डीपीसी इमामुल होदा के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की जाती है। विभागीय स्तर पर रोगियो को मिलनी वाली स्वास्थ्य सुविधाएं और एच डब्ल्यूसी अपने एनक्यूएएस के मानकों पर खड़ा उतरने में कितना कारगर साबित हो रहा है।

भंटापोखर अवस्थित ई. वी. एम. एवं वी.वी.पैट वेयरहाउस का जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह-जिला पदाधिकारी सिवान एवं पुलिस अधीक्षक सिवान के द्वारा संयुक्त रूप से नियमित मासिक निरीक्षण किया गया

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सिवान,29 जुलाई 2025 मंगलवार।

को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी सिवान एवं पुलिस अधीक्षक सिवान के द्वारा संयुक्त रूप से ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट वेयरहाउस का नियमित मासिक निरीक्षण के क्रम में भंटापोखरअवस्थित ई.वी.एम एवं वी.वी.पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उप विकास आयुक्त सिवान,उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिवान सहित अन्य पदाधिकारी के साथ विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष/प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। ई.वी. एम एवं वी. वी. पैट वेयरहाउस के सुरक्षा में प्रतिनियुक्त सुरक्षाकर्मी को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिलाधिकारी सिवान के द्वारा निर्देश दिया गया कि ई. वी. एम एवं वी. वी. पैट वेयरहाउस के सुरक्षामानकों के अनुसार सुरक्षा सुनिश्चित करें। सुरक्षा व्यवस्था के तहत 24 . 7 सतत निगरानी की जानी है। सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से अधिष्ठापित सी. सी. टी. वी. 24 घंटे कार्यरत रहें, इसे सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निदेर्शों के अनुरूप एस.ओ. पी. का अनुपालन दृढ़ता से करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को निर्देशित किया गया।

पुलिस अकादमी में अंगदान का लिया संकल्प

देश का दर्पण न्यूज

संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी

राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में ट्रेनी प्रशिक्षणार्थियों हेतु मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम की ओर से में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम मे अंगदान के संकल्प की अपील की। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के अंगदान - जीवन संजीवनी अभियान के अनुरूप सेमिनार के माध्यम से रवि कामरा , मुख्य वक्ता द्वारा अंगदान के संकल्प का संदेश दिया गया। समन्वयक श्रीमती भावना जगवानी द्वारा बताया गया कि अंगदान का प्रकल्प न सिर्फ सामाजिक बल्कि मानवता ,वैश्विक एवं देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण है। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति मृत्यु के पश्चात भी अंगदानकर 8 व्यक्तियों को जीवन दान दे सकता है। अंगदान जागरूकता हेतु कार्य कर रही संस्था मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम की टीम एवं संस हॉस्पिटल से डॉ धर्मेश द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को अंगदान हेतु संकल्प की प्रक्रिया बताई गई। कार्यक्रम में अजय गुप्ता भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 3 अगस्त को राष्ट्रीय अंगदान दिवस आयोजित किया जाता है। किंतु इस बार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर इस बार एक दिवसीय आयोजन के स्थान पर वर्ष पर्यंत जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने की सभी से अपेक्षा की गई है।

"देश का दर्पण न्यूज" दैनिक समाचार पत्र का असर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने सीवान की दाहा नदी पर लिया संज्ञान:-

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सीवान, बिहार: सीवान की जीवनदायिनी दाहा नदी, जो अब शहर के नालों के दूषित पानी से एक जहरीले नाले में तब्दील हो चुकी है, को बचाने की मुहिम अब राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गई है। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने भी इस गंभीर पर्यावरणीय संकट पर संज्ञान लेते हुए बिहार के मुख्य सचिव को पत्र प्रेषित कर आवेदक को आगे की कार्रवाई की जानकारी देने को कहा है। यह घटनाक्रम सीवान की जनता और सामाजिक कार्यकताओं के संघर्ष को एक नई दिशा देता है।

जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और डीपीआर को जल्द मंजूरी की मांग

इस मुद्दे पर कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने अपनी चिंता व्यक्त की है और दाहा नदी के पुनरुद्धार के लिए तैयार विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (उढफ) को जल्द प्रशासनिक मंजूरी देने का अनुरोध किया है:

* भूतपूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह: उन्होंने 25 जुलाई 2025 को नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर दाहा नदी की दयनीय स्थिति पर प्रकाश डाला है। उन्होंने नालियों के सीधे बहाव से हो रहे प्रदूषण और ठक्क्ठ में दायर याचिका का हवाला देते हुए उढफको तुरंत स्वीकृति देने का आग्रह किया।

* वर्तमान सांसद श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी: सीवान की सांसद ने 12 जुलाई 2025 को प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार को पत्र लिखकर दाहा नदी की सफाई, सौंदर्यीकरण और अतिक्रमण मुक्ति के लिए तैयार उढफको तुरंत मंजूरी देने का आग्रह किया है। * वार्ड पार्षद वसीमा खातून: वार्ड संख्या 11, नगर परिषद सीवान की वार्ड पार्षद वसीमा खातून ने भी प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग को पत्र भेजकर उढफको जल्द प्रशासनिक मंजूरी देने का अनुरोध किया है, जो स्थानीय स्तर पर भी इस मुद्दे की गंभीरता को दशार्ता है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण की कोलकाता स्थित पूर्वी क्षेत्र पीठ में 21 मई 2025 को हुई सुनवाई ने इस मामले को और भी गति दी है। ठक्क्ठ ने 23 सितंबर 2024 को इस मामले का संज्ञान लेते हुए सीवान नगर परिषद सहित कई सरकारी विभागों को प्रतिवादी बनाया था। सुनवाई में नगर परिषद ने अनुपचारित सीवेज के बहाव से इनकार नहीं किया, लेकिन दावा किया कि नदी के पुनरुद्धार के लिए 43.96 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (उढफ) 2020 में तैयार की गई थी, जो अभी तक अनुमोदन के लिए लंबित है। यह तथ्य जिला और राज्य प्रशासन की घोर उपेक्षा को दशार्ता है, जहाँ एक महत्वपूर्ण परियोजना पाँच साल से अधिक समय से धूल फांक रही है।

सामाजिक कार्यकर्ता और डॉक्टरों की चिंता

सामाजिक कार्यकर्ता प्रयाग कुमार ने, जिन्होंने याचिका दायर की है, अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को ट्रांसफर-पोस्टिंग काम के आधार पर नहीं, बल्कि "चढ़ावे के आधार पर" मिल रही है। जाने-माने चिकित्सक डॉ. के. डी. शर्मा ने दाहा नदी के प्रदूषण से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गंदे पानी के कारण जलजनित बीमारियां, त्वचा संबंधी संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, सिवान के द्वारा ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का उद्घाटन समाहरणालय परिसर में किया गया है ....

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सिवान,29 जुलाई 2025 मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश के द्वारा समाहरणालय परिसर में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का 18 जुलाई 2025 को उद्घाटन किया गया था। वोटरों की मिल रही है जानकारी : बटन दबाकर डमी वोट देकर वीवी पैट की पर्ची का मिलान किया जा सकता है ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का उद्घाटन मतदाताओं के लिए, हर दिन खुला रहता है केंद्र जिला पदाधिकारी ने स्वयं ईवीएम का बटन दबाकर केंद्र का शुभारंभ किया था। इस दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारी गणों ने भी खुद बैलेट यूनिट का बटन दबाकर डमी वोट डाला और वीवीपैट की पर्ची से मिलान किया था।

डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग आसन्न विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर ईवीएम जागरूकता अभियान चला रहा है। इसका उद्देश्य मतदाताओं को ईवीएम और वीवी पैट के प्रयोग की जानकारी देना है। इससे मतदाताओं के बीच पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ेगी।

यह प्रदर्शनी केंद्र भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रेस नोट जारी किए जाने तक खुला रहेगा। केंद्र पर मतदाताओं को ईवीएम के प्रयोग की भौतिक और डिजिटल जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शन केंद्र हर कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता है। यहां गाइडलाइंस का पूरी तरह पालन किया जा रहा है। वोटर ट्रेनिंग और अवेयरनेस के लिए अलग मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है। इसके लिए बीयू,सीयू और वीवी पैट की पर्याप्त संख्या को चिन्हित कर आयोग के ईएमएस-0.2 पोर्टल पर मार्क किया गया है। इनकी सूची राजनीतिक दलों को भी दी गई है। इन मशीनों पर डमी बैलेट पेपर, चुनाव चिन्ह और ट्रेनिंग स्टिकर लगाए गए हैं। इनका उपयोग केवल प्रदर्शन, जागरूकता और प्रशिक्षण के लिए होगा। केंद्र पर तैनात कर्मियों को ईवीएम की हैंडलिंग, संचालन और मूवमेंट से जुड़ी सावधानियों की जानकारी दी गई है। मॉक वोटिंग के दौरान आगंतुकों के हस्ताक्षर पंजी में दर्ज किए जा रहे हैं। हर दिन डाले गए कुल मतों की गिनती, फोटो आदि की रिपोर्ट संबंधित नोडल अधिकारी के माध्यम से आयोग को भेजी जाएगी। वीवी पैट की पर्चियों को विनष्ट किया जाएगा। जिलाधिकारी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे केंद्र पर आकर ईवीएम की प्रक्रिया को समझें और जानकारी बढ़ाएं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने की मुलाकात

जयपुर, 29 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान श्री शर्मा ने राज्य के समग्र विकास तथा विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं के बारे में सार्थक चर्चा की।

उन्होंने प्रधानमंत्री को राज्य में संचालित केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में अवगत कराया। वहीं, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राजस्थान के विकास के लिए केन्द्र सरकार द्वारा निरंतर सहयोग के लिए आश्वस्त किया।

बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड/ प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सीवान आज दिनांक-29/07/2025 को जिला पदाधिकारी, सीवान की अध्यक्षता में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, सीवान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह

बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड/ प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सिवान, उप विकास आयुक्त, सीवान, जिला योजना पदाधिकारी सिवान /उपनिदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण पराधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क, पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, एवं अन्य पदाविकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड प्राप्त कर रहे 10 छात्रों को, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना अंतर्गत 19 एवं कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत 31 छात्रों को प्रमाण पत्र दिया गया।

इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने का आदेश दिया गया एवं जिला के के अधिक से अधिक युवाओं को योजना से लाभांवित करवाने का आदेश दिया गया।

काम के प्रति उदासीन अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाए- शासन सचिव , पशुपालन

जयपुर, 29 जुलाई। शासन सचिव, पशुपालन, गोपालन एवं मत्स्य डॉ समित शर्मा ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट घोषणा की क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को सक्रिय होकर काम करना होगा। डॉ शर्मा ने मंगलवार को पशुधन भवन के सभागार में आयोजित एक बैठक में काम के प्रति उदासीन अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में विभाग के निदेशक डॉ आनंद सेजरा, निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों सहित जिलों के लिए मनोनीत नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

ओवल में भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए जेमी ओवरटन इंग्लिश टीम में शामिल

एजेंसी

लंदन। ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को भारत के खिलाफ गुरुवार से ओवल में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय इंग्लैंड टीम में वापस बुलाया गया है। उन्होंने 2022 में अपने करियर का एकमात्र टेस्ट मैच खेला था। 31 वर्षीय सरे ऑलराउंडर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले संस्करण में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए तीन मैच खेले। उन्होंने 2022 में लीड्स में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ दो विकेट लिए थे और 97 रन बनाए थे। ओवरटन को छोड़कर पिछले मैच में चुने गए 14 खिलाड़ियों को टीम में बरकरार रखा गया है।

भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

88 साल पुराना ये रिकॉर्ड अब शुभमन गिल के निशाने पर, एक टेस्ट बाकी और सिर्फ इतने रन दूर

नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम के युवा और होनहार कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड दौरे पर जबरदस्त फॉर्म में हैं। वह न सिर्फ शतक पर शतक जड़ रहे हैं बल्कि अब एक ऐसे रिकॉर्ड की ओर बढ़ रहे हैं जिसे क्रिकेट इतिहास के सबसे महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन ने 88 साल पहले बनाया था। गिल के पास मौका है कि वह एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानों की लिस्ट में नंबर वन बन जाएं। मैनचेस्टर टेस्ट में शानदार 103 रनों की पारी खेलने के बाद शुभमन गिल के नाम इस टेस्ट सीरीज में अब तक 722 रन हो चुके हैं। यह आंकड़ा उन्हें महान वेस्टइंडीज ऑलराउंडर सर गैरी सोबर्स के साथ पांचवें स्थान पर ला खड़ा करता है। अब गिल के सामने सिर्फ एक ही चुनौती है - डॉन ब्रैडमैन का ऐतिहासिक रिकॉर्ड। ब्रैडमैन ने 1936/37 की एशेज सीरीज में 810 रन बनाए थे। इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए गिल को 89 रनों की दरकार है। भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी और निर्णायक टेस्ट 31 जुलाई से केनिंग्टन ओवल में खेला जाएगा। शुभमन गिल इस मुकाबले में जब बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे तो उनकी नजरें सिर्फ एक ही लक्ष्य पर होंगी - डॉन ब्रैडमैन से आगे निकलना। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए क्रिकेट प्रेमियों को पूरी उम्मीद है कि गिल यह मुकाम हासिल कर सकते हैं।

पूर्व तेज गेंदबाज ब्रॉड बोले- आर्चर को पांचवें टेस्ट के लिए आराम देकर इस खिलाड़ी को उतारें

लंदन । इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत के खिलाफ निर्णायक पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को आराम देना चाहिए जिन्होंने चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी की है। आर्चर ने लॉर्ड्स टेस्ट में वापसी करते हुए तीसरी गेंद पर ही विकेट लिया और मैच में पांच विकेट चटकाए। उन्होंने मैनचेस्टर में पिछला टेस्ट भी खेला। ब्रॉड ने कहा, 'हम चार साल तक आर्चर को बाहर नहीं रख सकते और फिर वापसी के बाद उससे इतनी ज्यादा गेंदबाजी कराके फिर अगले चार साल तक बाहर नहीं कर सकते। आर्चर ने मैनचेस्टर में चार विकेट लिए जबकि इंग्लैंड के बाकी गेंदबाज लय के लिये जूझते नजर आए। ब्रॉड ने कहा, 'मुझे लगता है कि गुस एटकिंसन को खेलना चाहिए। उस पर इतना कार्यभार नहीं रहा है और उसे मौका मिलना चाहिए। टेस्ट क्रिकेट में अभी तक शीर्ष स्तर की टीमों के खिलाफ उसे आजमाया नहीं गया है। उन्होंने कहा, 'ब्रायडन कार्स ने चौथे टेस्ट में पूरी कोशिश की लेकिन वह थका हुआ लग रहा था। जोश टंग ने पहला टेस्ट खेला और निचले क्रम के बल्लेबाजों के ही विकेट लिए लेकिन वह आर्चर का विकल्प हो सकता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि चार साल बाद वापसी करने पर आर्चर को तीन टेस्ट खिलाने चाहिए। अगर एटकिंसन फिट हैं तो उनके घरेलू मैदान पर उन्हें जरूर उतारना चाहिए। इस श्रृंखला के बाद ऑस्ट्रेलिया को नवंबर में एशेज श्रृंखला खेलनी है।

भारत और पाक एशिया कप पर बयान देने पर बुरी तरह फंसे सौरव गांगुली, सोशल मीडिया पर हुई थू-थू

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और 'दादा' के नाम से मशहूर सौरव गांगुली अपने एक हालिया बयान के चलते सोशल मीडिया पर बुरी तरह घिर गए हैं। उन्होंने एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच को लेकर टिप्पणी की थी, जिसके बाद से उन्हें फैंस की भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। एशिया कप 2025 का शेड्यूल जारी हो चुका है और इस टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान का बहुप्रतीक्षित मुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। इसी मैच को लेकर जब सौरव गांगुली से पूछा गया, तो उन्होंने हल्के से बात करते हुए कहा, मुझे इससे कोई समस्या नहीं है। खेल चलते रहना चाहिए। पहलगाम में जो हुआ, वो नहीं होना चाहिए लेकिन खेल जारी रहना चाहिए। आतंकवाद नहीं होना चाहिए, इसे रोका जाना चाहिए। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। गांगुली के इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है और कई फैंस इसे संवेदनहीन बता रहे हैं। लोगों का मानना है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ऐसे बयान से बचना चाहिए था।

ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें टी20 में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराया, सीरीज 5-0 से जीती

एजेंसी

बासेटेर (सेंट्स किट्स)। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवां और आखिरी टी20 मैच मंगलवार को जीतकर सीरीज 5-0 से क्लीन स्वीप कर ली। गेंदबाज बेन ड्वार्शुइस (3 विकेट) की शानदार गेंदबाजी और बाद में मिडिल ऑर्डर की दमदार बल्लेबाज़ी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 3 ओवर बाकी रहते हुए 3 विकेट से जीत हासिल की। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 171 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और टीम ने 25 रन पर 3 विकेट और 60 पर 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कैमरन ग्रीन (32 रन), टिम डेविड (12 गेंद में 30 रन, 4 छक्के, 1 चौका) और मिशेल ओवेन (37 रन) ने पारी को संभाला। जब ग्रीन आउट हुए, तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 141-6 था और उसे अभी

30 रन की जरूरत थी। हालांकि, आरोन हार्डी ने 28 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए टीम को जीत दिला दी। मैच के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने कहा, ÷सीरीज शुरू होने से पहले 5-0 की उम्मीद नहीं थी, लेकिन हमने बेहतरीन क्रिकेट खेला। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने हार की वजह बल्लेबाज़ी को बताया। उन्होंने कहा, ÷हमने कभी भी पूरी तरह सटीक बल्लेबाज़ी प्रदर्शन नहीं किया – या तो अच्छी शुरुआत मिली और अंत खराब रहा, या फिर इसके उलट हुआ। इतने मजबूत विपक्ष के सामने आप इस तरह जीत नहीं सकते।

ड्वार्शुइस की फिरकी में फंसे कैरेबियाई बल्लेबाज

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाज़ी के लिए बुलाया। बेन ड्वार्शुइस ने चौथे ओवर में ब्रैंडन किंग (11) और कप्तान शाई होप (9) को आउट कर टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। इसके बाद वेस्टइंडीज का स्कोर 64-4 हो गया था। यहां से शिमरोन हेटमायर ने संघर्ष करते हुए 31 गेंदों में 52 रन बनाए जिसमें तीन चौके और तीन छक्के शामिल थे। ऐसा लग रहा था कि हेटमायर टीम को एक चुनौतीपूर्ण स्कोर तक ले जाएंगे, लेकिन ड्वार्शुइस ने धीमी बाउंसर पर उन्हें लंबा शॉट खेलने को मजबूर किया और शॉन एबॉट ने लॉन्ग-ऑफ पर कैच लपक लिया। हेटमायर के आउट होने के बाद वेस्टइंडीज 19.4 ओवर तक 170 पर सिमट गई।

अमेठी के जिलाधिकारी और उनकी बेटी ऋषिका चौहान ने शूटिंग में फिर लहराया परचम

एजेंसी

अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद के जिलाधिकारी संजय चौहान ने 23 जुलाई से 28 जुलाई तक दिल्ली स्थित डॉक्टर कर्णी सिंह अन्तर्राष्ट्रीय शूटिंग रेंज में आयोजित 28वें प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में मास्टर्स और सिविल सर्वेंट श्रेणी के ट्रैप शूटिंग इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीतकर स्टेट ट्रॉफी अपने नाम किया है। जिला प्रशासन की ओर से सोमवार को इस संबंध में जानकारी दी गयी है। बताया गया कि इसी प्रतियोगिता में जिलाधिकारी अमेठी संजय चौहान की पुत्री कुमारी ऋषिका चौहान ने ट्रैप शूटिंग इवेंट में रजत पदक जीतकर जिले और अपने परिवार का नाम रोशन किया। ऋषिका वर्तमान में कानपुर विश्वविद्यालय की छात्रा हैं। उल्लेखनीय है कि यह उपलब्धि पिता-पुत्री की जोड़ी द्वारा लगातार तीसरे वर्ष भी बरकरार रखी गई है। अब दोनों खिलाड़ी आगामी माह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने की तैयारी कर रहे हैं।

कनाडियन ओपन : पहले राउंड में जीत के साथ बाउचर्ड का संन्यास टला

एजेंस

लॉस एंजेल्स। कनाडियन ओपन के पहले राउंड में घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए कनाडा की युजिनी बाउचर्ड ने कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो को 6-4, 2-6, 6-2 से हराकर अपने संन्यास की योजना को फिलहाल टाल दिया। पूर्व वर्ल्ड नंबर-5 बाउचर्ड ने इस महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि यह टूर्नामेंट उनके करियर का आखिरी होगा। लेकिन इस जीत के बाद उन्होंने अपने फैसले में एक शर्त जोड़ दी। मैच के बाद कोर्ट पर दिए इंटरव्यू में बाउचर्ड ने कहा, अगर मैं यह टूर्नामेंट जीतती हूं, तो रिटायर नहीं होंगी।यह उनका इस साल का दूसरा सिंगल्स मुकाबला था। उन्होंने पहला सेट दमदार फोरहैंड विनर से जीता, लेकिन दूसरे सेट में लगातार अनफोर्स्ड एरर के चलते अरांगो ने वापसी की। निर्णायक सेट में बाउचर्ड ने 3-1 की बढ़त बनाई और फिर एक शानदार वॉली लगाकर 4-1 की लीड हासिल की। 31 वर्षीय वाइल्डकार्ड बाउचर्ड अब दूसरे दौर में 17वीं सीड स्विट्ज़रलैंड की बेलिंडा बेनसिच से

भिड़ेंगी। ब्रिटेन की एमा राडुकानू ने रोमानिया की एलेना गैब्रिएला रुस को 6-2, 6-4 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। मैच के बाद राडुकानू ने कहा, किसी करीबी खिलाड़ी के खिलाफ खेलना हमेशा मुश्किल होता है। खुश हूं कि मैं उस भावनात्मक पहलू को अलग रख सकी। जापान की 13वीं सीड ल्युडमिला समसोनोवा से भिड़ेंगी। टोरंटो में खेले जा रहे पुरुष वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन ने फ्रांस के बेंजामिन बॉन्ज़ी को 4-6, 6-0, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई, जहां अब उनका सामना टॉप सीड जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।

महिला कोपा अमेरिका: पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना को हराकर कोलंबिया फाइनल में

एजेंस

क्विटो। कोलंबिया की महिला फुटबॉल टीम ने खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल में अर्जेंटीना को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर कोपा अमेरिका महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। इसके साथ ही टीम ने 2028 लॉस एंजेलेस ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। निर्धारित समय और एक्स्ट्रा टाइम में मुकाबला 0-0 की बराबरी पर छूटा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। कोलंबियाई गोलकीपर कैथरीन तापिया ने अर्जेंटीना की पॉलिना ग्रामालिया का शॉट रोककर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। हालांकि, इसके बाद मायरा रामिरेज़ का शॉट क्रॉसबार से टकरा गया और अर्जेंटीना को वापसी का मौका मिल गया। कोलंबिया की वेंडी बोनिला ने छठा पेनल्टी किक गोल में बदलकर दबाव अर्जेंटीना पर डाल दिया। अर्जेंटीना की एलिआना स्टैबिल गोल करने में नाकाम रहीं और उनका शॉट बार से टकरा गया, जिससे अर्जेंटीना टूर्नामेंट से बाहर हो गई। मैच के बाद



गोलकीपर तापिया ने कहा, हम फाइनल में हैं और ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है, यही हमारा लक्ष्य था। अब हम फाइनल के लिए तैयार हैं। अर्जेंटीना ने शुरुआत में आक्रामक खेल दिखाया। फ्लोरेनसिया बॉनसेगुंडो और यामिला रोड्रिगेज ने कोलंबियाई डिफेंस पर दबाव बनाया, लेकिन तापिया ने बेहतरीन बचाव करते हुए गोल होने से रोक दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों के कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से खेल की लय थोड़ी बाधित हुई। कोलंबिया की ओर से रामिरेज़, लेइसी सैंटोस और लिंडा कैसेडो ने गोल के अवसर बनाए, लेकिन उन्हें भुनाया नहीं जा सका।दूसरे हाफ में कोलंबिया ने दबाव और बढ़ाया और वैलेरिन लोबोआ का एक शॉट लगभग गोल में तब्दील होता दिखा, लेकिन अर्जेंटीना की गोलकीपर सोलाना पेरेरा ने शानदार बचाव कर मैच को बराबरी पर बनाए रखा।

युगांडा ने सीएएफ अफ्रीकी नेशंस चैम्पियनशिप के लिए अंतिम टीम की घोषणा की

एजेंसी

कम्पाला। सह-मेजबान यूगांडा ने आगामी कॉन्फेडरेशन ऑफ अफ्रीकन फुटबॉल (सीएएफ) अफ्रीकी नेशंस चैम्पियनशिप 2024 के लिए अपनी अंतिम 25 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह घोषणा टीम के कोच मॉर्ले बायेकवसो और फ्रेड मुहुमुजा द्वारा की गई। यह टूर्नामेंट केवल घरेलू लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया जाता है और 2 अगस्त से 30 अगस्त तक युगांडा, केन्या और तंजानिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

सीएएफ ने मूल रूप से 2024 में प्रस्तावित इस प्रतियोगिता को ढांचागत सुविधाओं की तैयारियों के कारण एक साल आगे बढ़ाकर 2025 में आयोजित करने का निर्णय लिया था। घोषित युगांडा टीम में विपर्स एससी के मिडफील्डर एलन ओकेलो को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि जोएल मुताकुबवा

और रोजर्स ओचाकी टोराच को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। युगांडा की टीम इस प्रतियोगिता में सातवीं बार भाग ले रही है और ग्रुप सी में उसका सामना दक्षिण अफ्रीका, नाइजर, गिनी और अल्जीरिया से होगा। कोच मॉर्ले बायेकवसो ने एक आधिकारिक बयान में कहा, हमने एक बहुत प्रतिस्पर्धी टीम चुनी है और टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पिछले सप्ताह हमने तंजानिया और सेनेगल के खिलाफ मैच खेले, उनसे हमें अपनी कमियों को सुधारने का मौका मिला। गौरतलब है कि युगांडा अब तक अपने छह प्रयासों में कभी भी ग्रुप स्टेज से आगे नहीं बढ़ सका है।

युगांडा का कार्यक्रम इस प्रकार है:

4 अगस्त- बनाम अल्जीरिया (मंडेला नेशनल स्टेडियम, कम्पाला)

8 अगस्तः बनाम गिनी

11 अगस्तः बनाम नाइजर

18 अगस्तः बनाम दक्षिण अफ्रीका

घोषित 25 सदस्यीय टीम इस प्रकार हैः

गोलकीपरः डेनिस किग्गुंडु, जोएल मुताकुबवा, क्रिस्पस कुसिमा।

डिफेंडरः अर्नोल्ड ओडोंग, निकोलस म्वेरे, गिडियोन ओडोंग, हर्बर्ट अचाई, रोजर्स टोराच, लाजारो मुहिंडो, हिलेरी मुकुंदाने, गैविन किजिटो।

कुपवाड़ा ने आईडीपीएल बेसबॉल अंडर-19 बालक चैंपियनशिप जीती

एजेंसी

कुपवाड़ा। अंतर जिला प्रांतीय स्तर (आईडीपीएल) बेसबॉल अंडर-19 बालक चैंपियनशिप आज कुपवाड़ा जिले के पुंजवा स्थित हकनियाबाद स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुई। इस चैंपियनशिप में कुपवाड़ा की टीम ने पुलवामा के खिलाफ फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।रोमांचक फाइनल में कुपवाड़ा की टीम ने एक मजबूत लक्ष्य निर्धारित करते हुए 4 होम रन पूरे किए। पुलवामा की टीम को खिताब जीतने के लिए

5 होम रन की आवश्यकता थी लेकिन वह पूरे मैच के दौरान केवल एक होम रन ही पूरा कर पाई। इस प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ कुपवाड़ा की टीम ने प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया। युवा सेवा एवं खेल जिला कुपवाड़ा ने कुपवाड़ा की टीम को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई दी और पुलवामा की टीम को उनके प्रयासों और खेल भावना के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा विभाग ने बताया कि अंडर-14 बॉयज़ बेसबॉल टीमें आगामी मैचों के लिए आने वाली हैं जो 29 से 30 जुलाई 2025 तक उसी स्थान हकनियाबाद स्पोर्ट्स स्टेडियम पुंजवा में आयोजित किए जाएंगे।

दिव्या देशमुख ने कोनेरू हम्पी को हराकर जीता फिडे महिला शतरंज विश्व कप का खिताब

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत की दिव्या देशमुख ने हमवतन कोनेरू हम्पी को टाईब्रेक में हराकर जॉर्जिया के बटुमी में फिडे महिला शतरंज विश्व कप का खिताब जीत लिया। 19 वर्षीय दिव्या ने पहले गेम में संतुलित ड्रॉ खेलने के बाद, मौजूदा महिला विश्व रैपिड चैंपियन हम्पी के खिलाफ दूसरे रैपिड गेम में जीत हासिल की।

दूसरे गेम में काले मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने अनुभवी हम्पी की अंतिम गेम की गलतियों का फायदा उठाकर बढ़त हासिल की और अपने युवा करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की। मैच के निर्णायक क्षण में जब मुकाबला भारी मोहरों के साथ ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, हम्पी ने मोहरों की बलि देकर मैच को आगे बढ़ाने की कोशिश की। लेकिन दिव्या के दबाव में उनका यह दांव नाकाम

रहा। दिव्या ने जल्द ही अपनी रानी और एक हाथी की अदला-बदली की, ताकि वह ऐसा एंडगेम बना सके जहाँ वह अपनी मोहरों और समय की बढ़त के दम पर बढ़त हासिल कर सकें और ऐसा ही हुआ।निर्णायक क्षण तब आया, जब हम्पी ने 54वीं चाल में ...R&fy खेला, जिससे दिव्या के लिए एक फाइल खुल गई और उनके प्यादे को प्रमोशन की ओर बढ़ने का रास्ता मिल गया। दिव्या ने 67वीं चाल द्व5 के साथ लगभग खेल पर अपनी पकड़ खो दी थी, जिससे हम्पी को मुकाबले में वापसी का मौका मिल सकता था। लेकिन समय के दबाव में हम्पी ने 67वीं चाल पर प्यादा बढ़ाने का गलत फैसला किया, जिससे उनका खेल वहीं समाप्त हो गया। 38 वर्षीय हम्पी ने 75वीं चाल के बाद हार स्वीकार कर ली। यह टूर्नामेंट में किसी ग्रैंडमास्टर के खिलाफ दिव्या की लगातार चौथी जीत थी। इससे पहले उन्होंने चीन की झू जिनर को प्री-क्वार्टरफाइनल में, भारत की डी. हरिका को क्वार्टरफाइनल में और चीन की तान झोंगयी को सेमीफाइनल में हराया था। इस जीत के साथ दिव्या ने 50,000 (41.6 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि भी अपने नाम की, जबकि हम्पी को 35,000 (29.1 लाख रुपये) मिले।

हॉकी इंडिया सब-जूनियर मेंस नेशनल चैंपियनशिप 2025 का भव्य आगाज

एजेंसी

चेन्नई। चेन्नई में शुरू हुई 15वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर मेंस नेशनल चैंपियनशिप 2025 का पहला दिन रोमांचक मुकाबलों से भरा रहा। प्रतियोगिता के पहले दिन डिवीजन 'सी' और डिवीजन 'बी' में कुल पांच मुकाबले खेले गए, जिनमें जम्मू-कश्मीर, हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार, हॉकी उत्तराखंड, हॉकी गुजरात और छत्तीसगढ़ हॉकी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शानदार शुरुआत की।

पहले मैच में जम्मू-कश्मीर ने राजस्थान को 4-0 से पराजित किया। टीम की ओर से गुरकीरत सिंह (5') ने शुरुआती गोल किया, जिसके बाद वरुणप्रीत सिंह (37'), जसजोत सिंह (49') और दक्ष शर्मा (57') ने भी एक-एक गोल दागे। दूसरे मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार ने हॉकी मिजोरम को कड़ी टक्कर में 2-1 से हराया। बिहार के लिए अजय कुशवाहा (15') और अमृतांशु पांडेय (56') ने गोल किए, जबकि मिजोरम की ओर से लालडमपुइया पचुआउ (26') ने एकमात्र गोल किया।

तीसरे मुकाबले में हॉकी उत्तराखंड ने त्रिपुरा को 4-0 से शिकस्त दी। मैच की शुरुआत में ही कृष्णा (3', 7') ने दो गोल किए, जबकि अंकित (4') और कप्तान सार्थक महार (6') ने एक-एक गोल कर टीम की बढ़त

को निर्णायक बना दिया।

डिवीजन 'बी' के मुकाबले:

हॉकी गुजरात ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए हॉकी अरुणाचल को 5-1 से हराया। गुजरात के लिए दिव्येशभाई रुध्यानभाई वाघ (49', 53') ने दो गोल किए, जबकि विजय परमार (40'), कप्तान पीयूष पटेल (50') और संदीप परमार (58') ने एक-एक गोल दागे। अरुणाचल की ओर से शशांक कुमार (56') ने सांत्वना गोल किया।

ओरिएंटल कप 2025 : गर्ल्स फाइनल में संस्कृति स्कूल का सामना गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी से

एजेंसी

नई दिल्ली। ओरिएंटल कप 2025 के छठे दिन रोमांच चरम पर पहुंच गया, जहां लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों के फाइनलिस्ट तय हो गए। गर्ल्स फाइनल में संस्कृति स्कूल का मुकाबला गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फरीदाबाद से होगा, जबकि बॉयज़ खिताबी भिड़ंत मदर इंटरनेशनल स्कूल (एमआईएस) और डीपीएस आरके पुरम के बीच होगी। दोनों फाइनल मुकाबले कल 29 जुलाई को डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में खेले जाएंगे। इस अवसर पर 1980 मास्को ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता और पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान ज़फ़र इक़बाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। वे युवा खिलाड़ियों को अपने अनुभव और प्रेरणा से लाभान्वित करेंगे। दिन की शुरुआत में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फरीदाबाद ने सेंट फ्रांसिस डी सेल्स को 4-0 से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। टीम के लिए ईशु ने पहला गोल किया, जबकि निधि की शानदार हैट्रिक ने टीम को फाइनल में पहुंचाया। ग्रुप ए में गत चैंपियन संस्कृति स्कूल ने अमेठी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा को 3-0 से हराया। अदिति चमौली ने दो गोल दागे और अमीना अब्दाली ने एक गोल जोड़ते हुए टूर्नामेंट में अपने 10 गोल पूरे किए। कोच केशव चंद्र डुकलान के मार्गदर्शन में संस्कृति स्कूल लगातार तीसरे फाइनल में पहुंचा है।

महिला क्रिकेट: प्रेंडरगास्ट का जलवा बरकरार, आयरलैंड ने ज़िम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज़ में भी किया क्लीन स्वीप

एजेंसी

बेलफास्ट। ऑर्ला प्रेंडरगास्ट (नाबाद 67 रन) की एक और शानदार पारी की बदौलत आयरलैंड ने खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले में ज़िम्बाब्वे को चार विकेट से हराकर दो मैचों की वनडे सीरीज़ 2-0 से अपने नाम कर ली। इससे पहले आयरिश टीम ने टी20 सीरीज़ में भी ज़िम्बाब्वे का 3-0 से सूपड़ा साफ किया था।

ज़िम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया, लेकिन एक बार फिर उनकी शीर्ष क्रम की बल्लेबाज़ी लड़खड़ा गई। 17वें ओवर तक स्कोर 54/4 हो गया। ऐसे में कप्तान चिपो मुगेरी (56) और मोडेस्टर मुपाचिक्का (45) ने पारी को संभालते हुए पांचवें विकेट के लिए 94 रनों की अहम साझेदारी की। हालांकि एक बार इस जोड़ी के टूटने के बाद ज़िम्बाब्वे की पारी फिर से ढह गई। टीम 148/4 से 178 रन पर ढेर हो गई। आयरलैंड के लिए अलाना डैलजेल ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 10 ओवर में 36 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि लारा मैकब्राइड ने 3 विकेट हासिल किए।

आयरलैंड के लिए अलाना डैलजेल ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 10 ओवर में 36 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि लारा मैकब्राइड ने 3 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही।

लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही। पावरप्ले के अंदर ही सारा फोर्ब्स और एमी हंटर सस्ते में आउट हो गईं। लेकिन कप्तान गैबी लुईस (44) और प्रेंडरगास्ट ने तीसरे विकेट के लिए 49 रन जोड़ते हुए पारी को संभाला। गैबी लुईस भले ही अपने अर्धशतक से चूक गईं, लेकिन प्रेंडरगास्ट ने संयमित बल्लेबाज़ी करते हुए 72 गेंदों में नाबाद 67 रन बनाए, जिसमें 7 चौके शामिल थे। उन्होंने न सिर्फ अपनी टीम को जीत दिलाई, बल्कि प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज़ दोनों खिताब भी अपने नाम किए।

संक्षिप्त स्कोर:

ज़िम्बाब्वे: 178 ऑलआउट (49.1 ओवर) - चिपो मुगेरी 56, मोडेस्टर मुपाचिक्का 45; अलाना डैलजेल 4/36, लारा मैकब्राइड 3/22

आयरलैंड: 182/6 (38.5 ओवर) - ऑर्ला प्रेंडरगास्ट 67*, गैबी लुईस 44; लोरेन त्शुमा 4/35

परिणाम: आयरलैंड ने यह मैच 4 विकेट से जीता और सीरीज़ 2-0 से अपने नाम की।